राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 123
लखनऊ, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





वाराणसी जिला अस्पताल होगा अपग्रेड, डिप्टी सीएम की मौजूदगी में एमओयू 03

महाकुम्भ 2025 में पुलिस को गाइड करेगा ऐप 12


# धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद घायल

## गृह मंत्री के डॉ. अंबेडकर के बारे में दिए बयान के विरोध में संसद के द्वार पर प्रदर्शन में इंडी गठबंधन के सांसदों व राहुल के साथ धक्का-मुक्की

**सारंगी ने राहुल पर एक सांसद को धक्का देने का लगाया आरोप**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद भवन के मकर द्वार पर गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिये गये बयान के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे इंडी गठबंधन के सांसदों एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की में गिरकर भाजपा के दो सांसद घायल हो गये, जिन्हें यहां उपचार के लिए राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया।

संसद भवन के मकर द्वार पर पूर्वाह्न 11 बजे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का चित्र लेकर भाजपा और इंडिया समूह के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गिर गये जिससे वे घायल हो गये। श्री सारंगी के सिर में चोट आयी है। श्री सारंगी को व्हील चेयर पर और श्री राजपूत को स्ट्रेचर पर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। श्री सारंगी ने कहा कि वह सीढ़ियों के पास खड़े थे तभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आये और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे (श्री सारंगी के) ऊपर गिरा जिससे वह भी गिर गये। बाद में दोनों घायल सांसदों को यहां डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। पता चला है कि श्री राजपूत को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस धक्कामुक्की में दो नेता घायल हुए हैं। 4-5 अन्य सांसदों ने इस बारे में शिकायत की है...सभी सांसदों को विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने (राहुल गांधी) शारीरिक हिंसा की और वे सारंगी जी की हालत देखने भी नहीं गए। उन्होंने (कांग्रेस ने) हमेशा बीआर अंबेडकर के साथ अन्याय किया है। हम अस्पताल से रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, संसदीय इतिहास में यह एक काला दिन है। मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है। लोकतंत्र को तार-तार कर दिया गया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की गुंडागर्दी जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा आचरण कभी नहीं देखा गया। अगर वे हरियाणा और महाराष्ट्र हार गए तो वे संसद में अपनी हताशा क्यों निकाल रहे हैं? राहुल गांधी और कांग्रेस के लोगों को लोकतंत्र में आचरण को समझने के लिए एक कार्यशाला बुलाई जानी चाहिए। मैं दुखी हूं। श्री अमित शाह के भाषण ने कांग्रेस को बेनकाब कर दिया है। वे इससे इतने हताश हो गए हैं कि अब गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। हम इस गुंडागर्दी की निंदा करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि मकर द्वार लोकसभा और राज्यसभा दोनों में सांसदों के प्रवेश का मुख्य द्वार है। कांग्रेस और उनके अन्य सांसद उस विशेष स्थान पर खड़े रहे और पूरे सत्र के दौरान वे तख्तियां दिखाते रहे और नारे लगाते रहे। पहली बार राजग के सांसद 1951 के बाद से कांग्रेस पार्टी द्वारा अंबेडकर के अपमान के खिलाफ विरोध करने वहां गए थे। जब राजग के सांसद मकर द्वार, मुख्य द्वार पर विरोध कर रहे थे, तब राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के सांसद आए और भाजपा के दो सांसदों पर हमला किया, उन्हें धक्का दिया।



### घायल भाजपा सांसदों से प्रधानमंत्री ने की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान हुई धक्कामुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को फोन करके उनका हालचाल पूछा। संसद के प्रवेश द्वार पर विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच हुई हाथापाई में दोनों सांसद घायल हो गए थे। उन्हें दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है इस बीच केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और किरेन रिजिजू ने आरएमएल अस्पताल में जाकर वहां भर्ती दोनों भाजपा सांसदों का कुशल-क्षेम जाना और अस्पताल प्रशासन से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली।

### राहुल गांधी के खिलाफ थाने में अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज, हेमांग जोशी ने रिपोर्ट लिखाई

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों को धक्का मार कर घायल करने की घटना पर पार्टी के सांसदों बांसुरी स्वराज एवं हेमांग जोशी के साथ संसद मार्ग थाने में जाकर श्री गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कराने के बाद श्री ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके नेताओं द्वारा



आज संसद में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम दिया गया। कांग्रेस और राहुल गांधी को क़ानून के उल्लंघन की आदत है। अहंकारी राहुल गांधी खुद को क़ानून से ऊपर समझते हैं। आज हमने राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है जहां हमने संसद भवन के मकर द्वार के बाहर आज हुई घटना का विस्तार से उल्लेख किया है, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और श्री राहुल गांधी ने उन्हें धक्का देकर घायल कर दिया, जिसके चलते भाजपा के दो सांसद अस्पताल में भर्ती हैं। श्री ठाकुर ने कहा, हमने राहुल गांधी के खिलाफ धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। इनको कानून के उल्लंघन की आदत है। हत्या के कोशिश की धाराओं में शिकायत दी है। बीएनएस की धारा 109 के तहत शिकायत दी गई।

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को उपसभापति हरिवंश ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि 14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था। इसे विपक्ष के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह अनुचित कार्य है। इसमें गंभीर खामियां हैं और यह उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम है।

सूत्रों ने कहा, महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। सूत्रों ने बताया कि उपसभापति हरिवंश ने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के



खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी। अस्वीकृति के कारणों को बताते हुए हरिवंश ने कहा कि 14 दिन का नोटिस, जो इस तरह के प्रस्ताव को पेश करने के लिए अनिवार्य है, नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि धनखड़ का नाम भी सही ढंग से नहीं लिखा गया था। हालांकि, एक प्रोटोकॉल जिसका सही ढंग से पालन किया गया था, वह यह था कि पिछले हफ्ते जब प्रस्ताव पेश किया गया था तो उस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए थे। उपसभापति ने कहा कि उपरोक्त को देखते हुए इस सूचना को अनुचित कार्य के रूप में माना जाता है, जो कि गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण, स्पष्ट रूप से मौजूदा उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए हड़बड़ी और जल्दबाजी में तैयार की गई है। यह खारिज किये जाने योग्य है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब हर मार्केटिंग मैसेज को ट्रैस कर पाएगा ट्राई

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी वाणिज्यिक एसएमएस को ट्रेस करने से जुड़े फ्रेमवर्क को सफलतापूर्वक लागू करा दिया है। ट्राई का दावा है कि इससे सुरक्षित और स्पैम-मुक्त मैसेजिंग व्यवस्था तैयार करने में बड़ी मदद मिलेगी। दूरसंचार मंत्रालय का कहना है कि फ्रेमवर्क के तहत अब सभी व्यवसायों, बैंकों और सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ उनके टेलीमार्केटर्स (टीएम) को खुद को मैसेजिंग के पंजीकृत कराना होगा। साथ ही ब्लॉकचेन-आधारित डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी के माध्यम से संदेश ट्रांसमिशन पाथ की भी जानकारी देनी होगी। इससे एसएमएस डिलीवरी में देरी से समझौता किए बिना प्रत्येक मैसेज की उत्पत्ति से लेकर उसकी डिलीवरी तक की एंड-टू-एंड ट्रैसेबिलिटी सुनिश्चित होगी।

### संभल से सपा सांसद बर्क के पिता के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूक उर्रहमान बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इस एफआईआर में सांसद के पिता पर आरोप है कि बिजली विभाग की टीम उनके घर पर जब जांच करने पहुंची तो उन्होंने टीम को धमकाया। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बिजली विभाग को समाजवादी पार्टी के सांसद के घर में बिजली कनेक्शन में गड़बड़ी की जानकारी मिली थी। बर्क के घर में दो बिजली कनेक्शन हैं। उसी की पड़ताल में बिजली विभाग की टीम उनके घर गयी थी।

### नाविकों को मिली 50 फीसदी किराया बढ़ाने की अनुमति

**प्रयागराज।** जनवरी 2025 से त्रिवेणी के तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के पहले योगी सरकार की तरफ से संगम के नाविकों के लिए अच्छी खबर आई है। मेला प्रशासन ने नाविकों की जीविका और सुरक्षा को देखते हुए महाकुम्भ में कई लाभ देने का फैसला किया है। महाकुम्भ की शुरुआत के पहले कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से संगम के नाविकों को कई रियायत देने का ऐलान किया गया है। नावों का किराया बढ़ाने पर मेला प्रशासन की सहमति बन गई है। एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी के मुताबिक संगम में चलने वाली नावों के किराए में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी गई है।

### केजरीवाल व सीएम आतिशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के अग्रवाल समाज के मतदाताओं के नाम कटवाने का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ी दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।

# असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश एसटीएफ ने आठ जिहादी गिरफ्तार किए

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था।

ऑपरेशन प्रगति के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है।गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन प्रगति तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है।

**बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड**

उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाकें में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था।

### धार्मिक जुलूसों के निकलते वक्त सुरक्षा उपलब्ध कराए प्रदेश सरकार : लॉ बोर्ड


**लखनऊ।** आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की लखनऊ में हुई बड़ी बैठक के बाद अध्यक्ष मौलाना सायम मेहंदी ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बताते हुए कहा कि धार्मिक जुलूसों के निकलते वक्त उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराये। धार्मिक जुलूसों की सुरक्षा बेहद आवश्यक बिन्दु है। इसी तरह धार्मिक स्थलों एवं झंडों जैसे धार्मिक चिन्हों की सुरक्षा भी बेहद जरुरी है। इसी तरह वक्फ संशोधन बिल से हमारी धरोहरों को गहरा खतरा है। शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सायम मेहंदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिदों में हो रहे सर्वे को लेकर एक अहम फैसला दिया है। जिससे मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को बनाये रखने में मदद मिली है।

# सपा के जबरदस्त हंगामे के बीच विधानसभा स्थगित

**विधानसभा सत्र बिना सीएम के संबोधन के पहली बार स्थगित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन के बिना ही स्थगित कर दिया गया। योगी सरकार में ऐसा पहली बार हुआ कि विधानसभा का सत्र बिना सीएम के संबोधन के स्थगित किया गया हो। दरअसल, विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पहले ही दिन से हंगामा हो रहा था। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने संभल को लेकर सवाल उठाए। सत्र में सीएम पहले दिन बोले, दूसरे दिन भी बोले। बुधवार को तीसरे दिन भी उनको बोलना था, लेकिन हंगामा होने पर



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र गुरुवार चौथे दिन सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

आज दोपहर 3 बजे सीएम को बोलना था। इससे पहले अनुपूरक बजट पर चर्चा होनी थी। महाकुंभ को लेकर चर्चा होनी थी। इन्हीं सब मुद्दों के बीच सुबह जब सत्र शुरू हुआ, तो सपा नेता फिर हंगामा करने लगे। धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा अध्यक्ष से सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का आग्रह किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सदन स्थगित कर दिया। इससे 5 दिन का सत्र मात्र 4 दिन भी नहीं चल पाया। आखिरी दिन विधानसभा सिर्फ 1 घंटा 9 मिनट चल पाई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा- आप लोग बाबा साहेब की फोटो उल्टी-तिरछी पकड़े हैं। आप क्या सम्मान करेंगे? पहले फोटो तो सीधी पकड़िए। बुधवार को राज्यसभा में अमित शाह ने संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर...इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कांग्रेस-सपा ने इसे अंबेडकर का अपमान बताते हुए शाह के इस्तीफे की मांग की है।

### गृहमंत्री के बयान पर सपाइयों ने किया जमकर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सपा नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए गए बयान पर जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की। सपा सदस्य विधानसभा में डॉ. आंबेडकर की फोटो लेकर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। बता दें कि तमाम सपा विधायक हाथ में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों और स्लोगन वाली तख्तियां लिए नजर आए।

### राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई टली

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई टल गई है। गुरुवार (19 दिसंबर) को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। इस मामले में कोर्ट ने आठ सप्ताह का समय दिया है। गृह मंत्रालय ने हाई कोर्ट में बताया कि उन्होंने यूके सरकार को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिकता रद्द करने के अंतिम निर्णय के लिए उन्हें 8 सप्ताह का समय चाहिए। अगली सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में होगी। चीफजस्टिस ऑफ उत्तर प्रदेश की बेंच में यूनियन ऑफइंडिया की ओर से उपस्थित वकील ने कहा- समय दिया जाए। पूरे मामले में क्या जांच हो रही है। इसकी पूरी रिपोर्ट 8 सप्ताह में हम तैयार करके पेश करेंगे।

# सीएम योगी को हटाने की मांग में जनहित याचिका हुई दाखिल

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को हटाने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका दाखिल की गई है।

पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की यूपी शाखा की ओर से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि योगी आदित्यनाथ द्वारा न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के समर्थन में की गई टिप्पणी धर्मनिरपेक्ष गणराज्य भारत के विरुद्ध है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव ने गत 08 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से हाई कोर्ट बार के लाइब्रेरी हॉल में आयोजित



कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणी की थी। यह भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले पर ध्यान दिया है और हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति शेखर यादव की टिप्पणी का खुलकर समर्थन किया है, जो मुख्यमंत्री पद की शपथ का उल्लंघन है। क्योंकि उन्होंने भारत के संविधान के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा को तोड़ दिया है। इसलिए आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गयी है।

# कुलगाम मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर सहित पांच आतंकवादी ढेर

**मुठभेड़ में सुरक्षाबल के दो जवान घायल**

एजेंसी

**कुलगाम।** कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्देर में



घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की। जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की। इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में हिज्बुल मुजाहिदीन का स्वयंभू कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ नाली भी शामिल है, जो दक्षिण कश्मीर के क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों और कई अपराधों में शामिल था। इस ऑपरेशन में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है।

### गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने दी है। गुरुवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव राज्यसभा में डॉ आंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए पेश किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि सदन की उपस्थिति में कोई भी दुर्व्यवहार या अपमानजनक बयान देना विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना है। इस मामले में गृह मंत्री की उपरोक्त टिप्पणियों के शब्द और लहजे और भाव स्पष्ट रूप से व्यंग्यात्मक हैं।

# विधानसभा के बाद निकाय उपचुनाव में भाजपा ने हासिल की बड़ी जीत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद संपन्न हुए निकायों के उपचुनाव में भी बड़ी जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेश में 19 दिसंबर को नगर निगम पार्षद/नगर पालिका अध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य के चुनाव परिणाम की घोषणा हुई।

भाजपा ने निकाय उपचुनाव में दो नगर पालिका अध्यक्ष एवं दो नगर पंचायत अध्यक्ष के पदों पर विजय प्राप्त की है। इसके अलावा पार्टी ने नगर निगम के तीन पार्षदों में से दो पर जीत हासिल की है। जबकि नगर पालिका परिषद के 7 पार्षद पदों पर चुनाव में प्रत्याशी उतारे, जिसमें से भाजपा ने नगर पालिका परिषद बहराइच में निर्विरोध जीत सहित 5 सदस्यों के पदों पर विजय प्राप्त की है। नगर पंचायत के तीन पदों पर भाजपा ने प्रत्याशी खड़े किये थे सभी तीनों सदस्य पदों पर भाजपा को विजय मिली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने निकाय उपचुनाव में विजयी हुए भाजपा प्रत्याशियों को बधाई और शुभकामनायें दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने निकाय उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए स्थानीय मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनविश्वास के अनुरूप कार्य करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति देगें।

**फैसला** | गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को कथित धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति देने का मामला

# अवमानना याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को कथित धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति देने के मामले को अदालत की अवमानना बताते हुए कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से दायर याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर विचार करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को कहा कि वे उ'च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते



हैं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद कहा, सभी मामले उच्चतम न्यायालय में नहीं आ सकते। अगर मैं एक पर (इस याचिका) विचार करता हूं तो मुझे ऐसी अन्य सभी याचिकाओं पर विचार करना होगा। पीठ ने हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार को सतर्कता बरतने की नसीहत देते हुए राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज से कहा, कृपया इस बात पर नज़र रखें कि क्या हो रहा है, कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। सिर्फ इस तथ्य का मतलब यह नहीं है कि हम उस पर विचार नहीं कर रहे हैं कि उल्लंघन हुआ या नहीं है।

गौरतलब है कि गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को 17-21 दिसंबर को कथित धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति देने के मामले को कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अदालत की अवमानना करार देते हुए राज्य की पुलिस और संबंधित जिला प्रशासन के खिलाफ याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस अवमानना याचिका पर तत्काल सुनवाई की अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर विचार करने का सोमवार को आश्वासन देते हुए उन्हें याचिका के संबंध में अपने अनुरोध ईमेल के जरिए भेजने को कहा था।

याचिकाकर्ताओं में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी अरुणा रॉय के अलावा सेवानिवृत्त आईएफएस अशोक कुमार शर्मा, देब मुखर्जी और नवरेखा शर्मा, योजना आयोग की पूर्व सदस्य सईदा हमीद और सामाजिक शोधकर्ता और नीति विश्लेषक विजयन एमजे शामिल हैं। उन्होंने अपनी याचिका दावा किया था कि गाजियाबाद कथित धर्म संसद मामले में शीर्ष अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवमानना का मामला बनता है।याचिका में कहा गया है शीर्ष अदालत अदालत ने सभी सक्षम और उपयुक्त अधिकारियों को सांप्रदायिक गतिविधियों और नफरत भरे भाषणों में लिप्त व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। याचिका में दावा किया गया है, यह यति नरसिंहानंद फाउंडेशन द्वारा 17-21 दिसंबर के बीच गाजियाबाद में आयोजित की जा रही धर्म संसद के मद्देनजर है।

# छह चरणों में हुई ट्राई साइकिल रेस के सभी प्रतिभागी हुए सम्मानित

**कई चरणों में बढ़त बनाते हुए परवेज आलम रहे प्रथम**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा आयोजित दिव्यांगो की ट्राई साइकिल रेस में 70 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में गोला के मोहम्मद परवेज अली ने कई राउंड में बढत बनाकर फाइनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। शहर के स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा कई राउंड में ट्राई साइकिल रेस कराई गई।

प्रतियोगिता में आए अतिथियों का रोटरी अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने स्वागत किया। प्रथम लीग रेस को मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने हरी झंडी दिखाकर रेस शुरु कराई। जिसमें नन्हेलाल घरथनिया प्रथम, परवेज अली गोला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी रेस समाजसेवी ब्रजस्वरूप बीटू पटेल, डॉ कौशल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शुरु कराई, जिसमें हेमपुर के आदित्य कुमार प्रथम, जगन्नाथपुर के दृगपाल द्वितीय रहे। तीसरी रेस को पंकज सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने शुरु कराया। जिसमें महू टांडा के रामकिशोर प्रथम, लौकहा के धर्मेंद्र कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। चौथी रेस धर्मेंद्र गिरि मोंटी, संदीप वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शुरु कराई। जिसमें बद्रीपुर के अमित प्रथम, बसही के इंद्रजीत द्वितीय रहे। पांचवी लीग रेस मुकेश वर्मा, डॉ योगराज वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमे गोला के जावेद प्रथम, मुग़लखेड़ा के लालचंद्र तिवारी द्वितीय रहे। इसी कडी में छठी लीग रेस में गोला के विकास कुमार प्रथम और बोझवा के रजनीश कुमार द्वितीय रहे। महिलाओं की ट्राई साइकिल शो रेस में पुष्पा देवी, नाजिया, सीमा, पूजा, मायादेवी, आरती देवी ने भाग लिया। जिसमें पुष्पा देवी विजेता रही। उन्हें जूसर मिक्सर ग्राइंडर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी रेस में प्रथम, दूसरे स्थान पर रहे प्रतिभागियों की रेस हुई। फाइनल ट्राई साइकिल रेस में मोहम्मद परवेज अली प्रथम रहे। उन्हें अलमारी दी गई। अमित कुमार द्वितीय स्थान पर रहे उन्हे कूलर दिया गया। तीसरे स्थान पर विकास कुमार को म्यूजिक वूफर प्रदान किया गया। नन्हेलाल, लालचंद तिवारी को सांत्वना पुरस्कार में वाटर कूलर प्रदान किया गया। सभी प्रतियोगियों को दीवार घड़ी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रोटरी अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने स्मृति चिह्न देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर रोटरी सचिव प्रमोद वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी खालिद रियाज, अनिल जायसवाल, उमेश जायसवाल, वरुण राजपूत, अमित शुक्ला, पुनीत साहनी, महेंद्र गिरि, नवीन जोशी, दिनेश गुप्ता, गौरव अवस्थी, संजय सैनी, लायंस क्लब, रोटरैक्टर अनुराग, रविसुत, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेश कनौजिया ने किया।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कल से

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में नारी शक्ति जागरण एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 से 24 दिसंबर तक लखीमपुर रोड स्थित शुभम धर्म कांटा पर किया जाएगा। जिसमें 20 दिसंबर 11 बजे भूमि पूजन, 22 दिसंबर सुबह 9 से शाम 4बजे तक कलश यात्रा, प्रज्ञागीत गायन प्रतियोगिता, 22 दिसंबर सुबह 8से 12बजे तक देव पूजन एवं यज्ञ, शाम 4से रात 8बजे तक संगीत एवं प्रवचन, 23 दिसंबर सुबह 8 से 12 बजे तक यज्ञ एवं संस्कार, शाम 4से 6 बजे तक दीप महायज्ञ एवं 24 दिसंबर सुबह साढे 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ एवं संस्कार, पौधारोपण पूर्णाहुति एवं कन्याभोज के साथ समापन किया जाएगा। उक्त जानकारी गोला शाखा के आयोजकों ने दी।

## नए घरेलू विद्युत कनेक्शन पर दोगुना से ज्यादा रकम वसूलने का आरोप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** नए घरेलू विद्युत कनेक्शन पर दोगुना से ज्यादा रकम वसूलने का विद्युत विभाग पर लोगो ने आरोप लगाया है। मामला बृहस्पतिवार का है उचौलिया के मजरा रुरा निवासी एक व्यक्ति नए घरेलू 1 किलो वाट विद्युत कनेक्शन के लिए जंग बहादुर गंज पावर हाउस पहुंचा। उपभोक्ता के मुताबिक पावर हाउस में बैठे कर्मचारियों से उसने नए कनेक्शन के लिए कहा और जरूरी कागजात दिए। इसके बाद वहां पर बैठे कर्मचारियों ने उपभोक्ता से रु. 3000 की मांग कर डाली। उपभोक्ता ने कहा कि रसीद तो 1365 रुपए की है जिसके बाद वहां पर बैठे विद्युत विभाग के कर्मचारी आग बबूला हो गया और कागजात फेंकते हुए कहा कि कनेक्शन कराना है तो कराओ नहीं तो यहां से भाग जाओ। संबंध में विद्युत विभाग एक्शियन से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि नए घरेलू विद्युत कनेक्शन की रशीद 1365 के रुपए की है इसके अतिरिक्त कोई भी चार्ज नहीं है। अगर विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी उससे ज्यादा रुपए ले रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या करने के इरादे से युवक को बेहोश कर कुएं में डाला

**पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए चार को किया गिरफ्तार**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनुआपुर में एक युवक ने हत्या का आरोप लगाते हुए मारपीट कर कुएं मे फेंककर कुए पर पत्थर रखने की शिकायत की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफतार कर न्यायालय भेजा है।

ग्राम किशुनुआपुर मजरा मुर्तिहा निवासी अनूप कुमार पुत्र शिवशंकर लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि 14 दिसंबर को वह डयूटी करके लखीमपुर से अपने गांव के सामने सड़क से उतरकर गांव की ओर कुछ दूर आगे बढ़ा तो उसके गांव निवासी निगम पुत्र ओमप्रकाश ने उसके सिर के पीछे गर्दन पर भारी वस्तु से हमला कर दिया। जिससे वह अचेत होकर नीचे गिर गया। उसके बाद उसने महसूस किया कि कुछ लोग उसे लादकर कही ले जा रहे है। वह लोग आपस मे बातें कर रहे थे। लेकिन वह उनका चेहरा या आवाज सही से नही समझ सका। कुछ देर बाद उन लोगों ने उसे गांव के उत्तर एक कुये मे डाल दिया। तथा कुये को पत्थर की स्लैब से ढक दिया। जान से मारने की नियत से उक्त ने यह सब उसके साथ किया। घटना सायं करीब 7:30 बजे की है। इस हादसे मे मारपीट व कुये मे गिरने से उसे काफी चोटे आई। जिसका इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ मे करवा रहा है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपितों निगम 23 पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम किशुनवापुर मुर्तिहा, मनोज 30 पुत्र बहादुराल, सुहेल कुमार 19 पुत्र शिवसागर, लक्ष्मीनारायण 26 पुत्र झब्बूलाल निवासीगण किशुनुआपुर गोला को पुलिस टीम के एसआई ज्ञानप्रकाश मिश्रा, आरक्षी पंकज कुमार, अवनीश कुमार मौर्य ने गिरफतार कर न्यायालय भेजा है।

# मांगें पूरी न होने पर सात को रो.क.सं.प. करेगा धरना-प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने परिषद के आवाहन पर परिवहन निगम के गोला डिपो शाखा के कर्मचारियों ने प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के संगठित अवैध व अनुबंधित संचालन व इन्हीं मार्गा पर अन्य छोटी बडी गाडियों द्वारा की जा रही अनियंत्रित डग्गामारी का विरोध किया गया। साथ ही निगम की बहुमूल्य संपत्तियों एवं उसके कारोबार को निजी हाथों में सौपने संबंधित विभिन्न प्रस्तावित, लागू की जा रही योजनाओं पर पुर्नविचार कर इसे रोकने की बात कही। साथ ही परिवहन निगम कर्मचारियों की प्रमुख सामूहिक मांगों की समयबद्ध पूर्ति के लिए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा 26 नवंबर को भेजे गए नोटिस में घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रम व नोटिस के साथ संलग्न मांग पत्र का पूर्ण समर्थन व सहमति व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश शासन व निगम प्रबंधन से मांग की। कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एवं इसके कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित रोडवेज परिषद द्वारा भेजे गए नोटिस के साथ संलग्न उल्लिखित मांगों पर अविलंब संतोषप्रद निर्णय कर आदेश निर्गत करा दिए जाए। जिससे औद्योगिक वातावरण विषाक्त होने से बच सके। साथ ही सभा ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन के बाद भी यदि उनके प्रस्ताव तथा पूर्व में प्रेषित मांग पत्र में उल्लिखित मांगों पर 6 जनवरी 2025 तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो 7 जनवरी 2025 को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन व आम सभा में बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर आंदोलन किया जाएगा।

# गन्ना तौल और उठान न होने से परेशान हैं गन्ना किसान

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के क्रय केंद्र बजरंगगढ़ पर तीन दिन से गन्ना तौल और उठान न होने से परेशान गन्ना किसानों का दर्द बयां करता हुआ एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें बजरंगगढ़ निवासी गन्ना किसान रंजीत सिंह, जसपाल सिंह, जयप्रकाश मौर्य, बलविंदर सिंह सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि सेंटर पर तीन दिन से गन्ना का उठान नहीं हुआ है, जिससे किसानों को खेत खाली कर खेतों में गेहूं की फसल बोने का संकट छाया हुआ है। किसानों ने चीनी मिल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि सूचना देने के बाद भी सेंटर पर गन्ना तौल सहित उठान की समस्या जस की तस बनी हुई है। मामले में किसान नेता जसकरन सिंह जस्सा ने मिल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टर से बात कर सेंटर के निर्बाध रूप से संचालन की बात की। जिसपर चीनी मिल के जीएम पीसीएस विवेक यादव ने बताया कि सेंटर पर गन्ना भरने वाला हैड्रा खराब हो गया था जिस कारण तौल और उठान बाधित हो गया था, जो सही हो गया है। लापरवाही के लिए ट्रांसपोर्टर को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिले के संपादकों के संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पिछले सप्ताह संपादकों के एसोसिएशन की एक बैठक मिश्राना में, अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें सर्व सम्मत से प्रस्ताव पारित किया गया था, कि विभिन्न मांगों को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को ज्ञापन सौंपा जाए। तय कार्यक्रम के तहत सभी संपादकों ने अध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को प्रातः 10:15 बजे ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि शासन और प्रशासन के सभी कार्यक्रमों की जानकारी संपादकों को दी जाए, कभी-कभी कुछ विभाग विशेष अखबारों को सूचना देकर कार्यक्रम की इति श्री कर लेते हैं जिस पर रोक लगाई जाए, सभी को बराबर हक मिलना चाहिए। सभी संपादकों को स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा एक पहचान पत्र निर्गत किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड सभी संपादकों को निर्गत कराया जाए। इसके अलावा संपादकों ने यह भी मांग रखी की प्रयागराज कुंभ के लिए लखीमपुर की जनता सुगमता से यात्रा कर सके इसलिए डीएम उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के साथ-साथ रेलवे मंत्रालय से चिट्ठी लिखकर ट्रेन एवं बस की व्यवस्था कराएं। कम से कम आधा दर्जन रोडवेज की बसें लखीमपुर से प्रयागराज के लिए संचालित कराई जाए। इस मौके पर एसो.के अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा, संरक्षक रमेश मिश्र, महामंत्री राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष शबाब खान, संयुक्त मंत्री सुरेश चंद्र शुक्ला, प्रसार मंत्री हरिशंकर मिश्र, उपाध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, जेपी मिश्र और रमाशंकर मिश्र व सत्यदेव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी मांगों पर गंभीरता से वार्ता करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## बेलरायां चीनी मिल ने किया सात करोड़ का भुगतान

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।** सरजू सहकारी चीनी मिल ने पराई सत्र 2024- 25 का गन्ना मूल्य भुगतान जारी किया है। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव ने बताया की मिल समित ने नए पेराई सत्र में दो दिसंबर तक क्रय किए गए गन्ने का सात करोड रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खाते में भेज दिया है। उन्होंने बताया की पांच हजार टीसीडी क्षमता वाली सहकारिता क्षेत्र की बेलरायां चीनी मिल पूरी क्षमता पर गन्ना पेराई कार्य कर रही हैं। इस समय चीनी मिल का परता भी 9.90 प्रतिशत प्राप्त हो रहा है। चीनी परता में अभी और बढ़ोतरी के लिए तकनीकी और उत्पादन विभाग से जुड़े अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश जारी



किए गए हैं। पूरी उम्मीद है कि शीघ्र ही चीनी का परता 10 प्रतिशत हो जाएगा जोकि पिछले वर्षो की तुलना में अब तक का सर्वाधिक चीनी परता होगा। चीनी मिल बेलरायां ने अभी तक लगभग 8.70 लाख गन्ने की पेराई कर ली है जबकि पिछले सत्र में इस समय तक मात्र 4.4 लाख गन्ने की पेराई की थी और इस सत्र में विगत सत्र के सापेक्ष मिल के प्रदर्शन में काफी सुधार है। प्रधान प्रबंधक ने बताया कि किसानों को समय से गन्ना आपूर्ति पर्ची जारी की जा रही हैं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा है की किसान चीनी मिल को साफ सुथरा एवं ताजा जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें। चीनी मिल द्वारा इस पराई सत्र में अच्छे संचालन और समय से गन्ना मूल्य भुगतान जारी करने से मिल क्षेत्र से जुड़े गन्ना किसानों ने मिल प्रबंधक और शासन के इस फैसले की प्रशंसा की है।

# महिलाओं ने चार जोड़ी सोने के कुंडल चुराए, सीसीटीवी में कैद

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



> सिंगाही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया जांच की जा रही है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की खोजबीन शुरू कर दी गई है बहुत जल्द खुलासा होगा।

सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां बाजार में ज्वेलर्स की दुकान से दो महिलाओं ने चार जोड़ी सोने के कुण्डल चुरा लिए। सीसीटीवी कैमरे में दोनों महिलाओं की फोटो कैद हो गई। दुकान स्वामी ने चोरी की तहरीर सिंगाही पुलिस को देकर चोरी की घटना के खुलासे की मांग की है। सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी। कमलेश सोनी ने बताया कि बेलरायां बाजार में उसकी दुकान कमलेश ज्वेलर्स पर एक लड़के की मोटरबाइक से दो महिलाएं आई मोटरबाइक चालक दोनों महिलाओं को दुकान के सामने उतारकर बाजार चौराहे की तरफ चला गया। दोनों महिलाएं दुकान पर आ गई और उन्होंने एक जोड़ी सोने के कुंडल खरीदे जिसके रूपए 6450 दे दिए। रसीद पर पता सोनू सिंगहा लिखवाया।

कमलेश के बताएनुसार महिलाओं को सोलह जोड़ी कुण्डल दिखाए थे। वापसी में ग्यारह जोड़ी कुण्डल देख वो समझ गया की महिलाएं चार जोड़ी कुण्डल चुरा ले गई। जब तक महिलाएं मोटरबाइक पर बैठकर जा चुकी थीं। महिलाओं को काफी तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। चोरी गए कुण्डल की कीमत लगभग एक लाख रुपए होगी। वजन करीब बारह ग्राम होगा।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में महिलाओं के फोटो कैद हो गए जिसके फोटो वा वीडियो सिंगाही पुलिस को देकर चोरी के खुलासे की मांग की है। कमलेश ने बताया कि महिलाएं पहले सिंगाही एक दुकान पर गई थी लेकिन दुकान स्वामी ने महिलाओं के हावभाव देख अपने गहने चोरी होने से बचा लिए थे।

## पोषण वितरण का सीडीपीओ ने किया गया औचक निरीक्षण

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड निघासन में तैनात बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी द्वारा लगातार शिकायतों का संज्ञान लेते



हुए कई आंगनबाड़ी केंद्रों जैसे भजनपुरवा, कुर्मिनपुरवा मोहनलाल पुरवा, जुलाहन पुरवा, कर्मुपुरवा, झंडी आदि केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित दिखी।

# खेत की रखवाली करने गए किसान का संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना ख़मरिया क्षेत्र के चिकनाजती गांव में खेत की रखवाली करने गए 60 वर्षीय किसान का शव खेत के निकट नदी के नाले के पानी मे बरामद हुआ है। शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। चिकना जती निवासी सियाराम रैदास (60)पुत्र भूप अपने खेत में लगे गेहूं की रखवाली करने गए थे। खेत के समीप नदी के नाले के पानी मे संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया। शव की सूचना पर पहुंची ख़मरिया पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कल होगा लखीमपुर खेल महोत्सव का शुभारंभ




**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती द्वारा लखीमपुर खेल महोत्सव का शुभारंभ दिनाँक 21 दिसम्बर 2024 से किया जा रहा है जिसके सापेक्ष में नगर पालिका सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए क्रीड़ा भारती के कपिल श्रीवास्तव ने बताया कि यह खेल महोत्सव युवाओं को जोड़ने, एक मंच देने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है जिसकी शुरुआत रन फ़ॉर राम और रन फ़ॉर स्वच्छता कार्यक्रम से 21 दिसंबर को की जाएगी और समापन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर किया जाएगा।

## हजारों का सामान उठा ले गए चोर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशुनुआपुर से चोरों ने एक घर से हजारों का सामान पार कर दिया। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि ग्राम किसुनुआपुर निवासी रजनीश वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि बुधवार की रात चोरों ने उसके घर में घुसकर साइकिल, दो गैस सिलेंडर सहित तमाम घरेलू सामान चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक दिन की चिकित्साधिकारी बनीं यशी, ईमानदारीपूर्वक निर्वहन के दिए निर्देश

**पीएम श्री विद्यालय रतहरी की कक्षा आठ की छात्रा हैं यशी**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव के मार्गदर्शन में विकास खण्ड मितौली में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम श्री विद्यालय रतहरी की कक्षा 8 की छात्रा यशी को एक दिन के लिए चिकित्साधिकारी बनाया गया।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान ब्लॉक नोडल शिक्षक बालिका शिक्षा सलीम अहमद व एआरपी बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अगुआई में पीएम श्री विद्यालय की बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर मितौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेन्द्र सिंह के द्वारा पी एम श्री विद्यालय रतहरी की छात्रा को एक दिन का चिकित्सा अधिकारी बनाया गया। कार्यभार ग्रहण करते ही यशी ने सर्वप्रथम मौजूद स्टाफ का परिचय प्राप्त किया व उनको उनकी जिम्मेदारियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित इलाज़ के लिए आए मरीजों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनको प्रेरित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेन्द्र सिंह की इस पहल को लोगों ने जमकर सराहना की। वहीं एक दिन चिकित्साधिकारी के रूप में कुर्सी पर बैठी यशी से जब बात की गई, तो उन्होंने बताया आज के समय बालिकाएं हर कार्य को कर सकती है, बस मेहनत और लगन से अपने कार्यो को करना चाहिए। कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय रतहरी के प्रधानाध्यापक व एआरपी बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय की बालिकाएं आदि लोग मौजूद रहे।

# 43 पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट योजना लॉन्च

## पर्यावरणीय सामंजस्य के लिए उत्तर प्रदेश को क्लाइमेट स्मार्ट बनाने में अपना योगदान दे सभी प्रतिभागी : राजभर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह ने 43 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट कार्ययोजना और उत्तर प्रदेश की लगभग 58,000 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट ग्राम पंचायत कार्य योजना विकास हेतु फ्रेमवर्क और मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन लखनऊ स्थित ताज होटल में किया गया। साथ ही, अयोध्या के लिए सिटी क्लाइमेट एक्शन प्लान भी औपचारिक रूप से विमोचन किया गया।

इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यह विमोचन सतत और क्लाइमेट स्मार्ट उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने नीति में जलवायु लचीलापन और कार्यवाही को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि संतुलित विकास और



पर्यावरणीय सामंजस्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश को क्लाइमेट स्मार्ट बनाने में अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया और पंचायती राज विभाग की पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

श्री राजभर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन सुदूर चुनौती नही है, बल्कि यह हमारे सामने है और हमारे समुदायों, पारिस्थितिकी तंत्र तथा जीवन शैली को प्रभावित कर रहा है। उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या और विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाला प्रदेश है। हमारे सामने विशिष्ट चुनौतियां भी हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र अनियमित मौसम, बदलते वर्षा पैटर्न और बढ़ते तापमान के प्रभावों से जूझ रहा है। इसका सीधा प्रभाव कृषि, जलसंसाधनों एवं जन स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यह योजना ग्राम पंचायतों के लिए स्थानीय स्तर पर जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाने और सतत ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावशाली साधन है। यह ग्राम पंचायत संस्थाओं, समुदायों और संबंधित विभागों की संवेदनशीलताओं का आकलन करने, स्थानीय जलवायु जोखिमों की पहचान करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन व शमन के लिए उपयुक्त समाधान विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। सुशांत शर्मा, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इन क्लाइमेट एक्शन प्लान्स और एसओपी के महत्व को बताया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत भविष्य सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

उन्होंने ग्रामीण स्तर पर सफल जलवायु कार्यवाही में निजी क्षेत्र की भागीदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया। श्रीनिवास कृष्णस्वामी, सीईओ, वसुधा फाउंडेशन ने कहा कि ग्राम पंचायत एक्शन प्लान्स एवं एसओपी भारत में एक अभिनव पहल है, जो जलवायु कार्यवाही को स्थानीय स्तर पर लागू करने पर केंद्रित है। इन योजनाओं के विकास की प्रक्रिया और स्थानीय भागीदारों के साथ सहयोग करने के महत्व को बताया, ताकि जलवायु कार्यवाही को मुख्यधारा में लाया जा सके।

### ग्रामीण स्तर पर जलवायु कार्यवाही को मजबूत करेगी यह पहल

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों पर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा यह पहली ऐसी पहल है, जो ग्रामीण स्तर पर जलवायु कार्यवाही को मजबूत करेगी। एसओपी ग्रामीण उत्तर प्रदेश में क्लाइमेट स्मार्ट पहल के बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो राज्य के सतत भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि राज्य में पहले से कई पहलें और गतिविधियाँ जारी हैं, और उनका प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए नए दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। रविंद्र नायक प्रमुख सचिव कृषि विभाग ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति कृषि की संवेदनशीलता को रेखांकित किया और इसके समाधान के लिए त्वरित और सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता जताई। उन्होंने यह भी कहा कि एक सतत भविष्य के लिए हमारे दैनिक जीवन में व्यवहारिक बदलाव लाने की जरूरत है।

# पीएमश्री विद्यालयों के प्रोजेक्ट कार्यों पर 57.84 लाख खर्च करेगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पीएमश्री विद्यालयों में क्लबों का गठन और प्रोजेक्ट कार्यों के लिए 57.84 लाख का बजट आवंटित किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय को 8,000 रुपये की धनराशि दी जाएगी।

यह धनराशि बच्चों के लिए विभिन्न क्लबों के गठन, उनकी गतिविधियों के संचालन और प्रोजेक्ट कार्यों में उपयोग की जाने वाली सामग्री की खरीद में खर्च की जाएगी। इसके जरिए बच्चों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहन मिलेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय को 8,000 का बजट प्रदान किया जाएगा, जिसका उपयोग विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इन गतिविधियों में संगीत वाद्य यंत्रों की खरीद, नाटक के लिए परिधान और आवश्यक सामग्री, विज्ञान और भूगोल से संबंधित मॉडल और उपकरण, पठन सामग्री, पत्रिकाएं, समाचार पत्र, स्टेशनरी, और प्रोजेक्ट कार्यों की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति शामिल हैं।



### इन क्लबों का होना है गठन

इको क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब, जियोग्राफी क्लब, रीडिंग क्लब, सिविक सेंस क्लब, डिजिटल इनिशिएटिव क्लब, कला, संगीत और नाटक क्लब के अलावा हेल्थ एंड वेलबींग/योग क्लब का गठन कर बच्चों का चहुमुखी विकास किया जाएगा।

### हर शनिवार को संचालित होंगी विभिन्न गतिविधियां

प्रत्येक शनिवार बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें वृक्षारोपण, खेल प्रतियोगिताएं, योग, गणितीय पहेलियां, विज्ञान प्रयोग, कला और नाटक शामिल हैं। विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा, यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखेगी। इसके माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे एक सक्षम नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होंगे। यह योजना राज्य के शैक्षिक परिदृश्य में स्थायी परिवर्तन लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग ने किया विधानसभा के पास आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विधानसभा के पास 75 साल के व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया है। पुलिस समय रहते उसे पकड़ कर सिविल अस्पताल ले गई। यहां मेडिकल कराया गया। पीड़ित ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि जमीनी विवाद से परेशान है। मामले का मुकदमा सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी मुकदमा वापस लेने के लिए आए दिन गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हैं। थाने में कई बार सूचना दिया, लेकिन पुलिस कुछ सुनने को तैयार नहीं है। हजरतगंज इंस्पेक्टर का कहना है कि रऊफ (75) बाराबंकी के घुघटेर बंदेला के रहने वाले हैं। गुरुवार को 12 बजे जीपीओ के पास पहुंचे। यहां उसने शरीर में पेट्रोल डाल लिया। फिर कार्रवाई की मांग करते हुए मचिस निकाल लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बुजुर्ग की तरफदौड़े और उसे बचा लिए। मेडिकल जांच के बाद हजरतगंज थाने लाया गया है। संबंधित अधिकारियों और थाने की पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### निर्माणाधीन मकान में खून से सना मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बख्शी का तालाब में एक सप्ताह पहले लापता हुए युवक की गुरुवार को लाश मिली। खून से सना शव एक निर्माणाधीन मकान में पड़ा देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किए। जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी पीयूष रावत (20) 12 दिसम्बर की शाम को घर से लापता हुआ था। परिजनों ने लिखित सूचना बीकेटी थाना में दी थी। गुरुवार दोपहर को युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ शव भौली गांव में एक निर्माणाधीन मकान में पड़ा मिला। सूचना पर बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। उन्होंने फॉरेंसिक फील्ड यूनिट को बुलाया। टीम मौके पर जांच कर रही है। एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट मिली थी। युवक की तलाश की जा रही थी। आज लाश मिली है। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### खाली प्लाट के कबाड़ में लगी आग, झोपड़ी जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में गुरुवार सुबह देवा रोड स्थित बाबा हास्पिटल के निकट खाली प्लाट में रखे कबाड़ में आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश के साथ दमकल को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से पास में ही स्थित एक झोपड़ी भी जल गई। दमकल के समय से काबू पाने से आसपास रखा कबाड़ जलने से बच गया। एफएसओ इंदिरा नगर के मुताबिक आग मूल रूप से असम निवासी कबाड़ी अकबर के कबाड़ में लगी थी। पास ही उसकी झोपड़ी भी है। आग रद्दी और प्लास्टिक के कबाड़ में लगे होने की सूचना पर इंदिरा नगर और गोमती नगर से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। तीन तरफसे पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। इसके साथ ही टाटा मोटर्स से पानी लेकर आग को पूरी तरह से समय रहते बुझा लिया गया। हालांकि आग की चपेट में आने से अकबर की झोपड़ी जल गई। समय से आग बुझने से आसपास बनी झोपड़ी भी जलने से बच गई।

### मनाया गया काकोरी शहीद स्मारक पर माल्यार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में काकोरी शहीद स्मारक पर काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद क्रांतिकारियों की शहादत दिवस पर बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर अंकित शुक्ल व भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। 9 अगस्त 1925 को क्रांतिकारी को क्रांतिकारियों ने राम प्रसाद बिसिमल के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने ट्रेन लूट कर अंग्रेजी खाजाना लूटा था। 19 दिसंबर 1927 को क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान ,रोशन सिंह को फांसी की सजा दी गई थी। प्रत्येक 19 दिसंबर को बाज नगर गांव स्थित काकोरी शहीद स्मारक पर बलिदान दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार को बलिदान दिवस मनाया गया। एसडीएम सदर अंकित शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एसडीएम व जिलाध्यक्ष ने आए लोगों व स्कूली बच्चों को संबोधित किया। वहीं, स्कूली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने पौधारोपण किया।

### अमित शाह के बयान का एलयू में स्टूडेंट ने किया विरोध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट गृह मंत्री अमित शाह के बयान का विरोध किया। विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 के सामने बड़ी संख्या में छात्र नेता इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस प्रदर्शनकारियों को ईको गार्डन ले गई। छात्रों का कहना है कि वह शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस प्रदर्शन नहीं करने दे रही है। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस छात्रों को ईको गार्डन में प्रदर्शन करने की बात कह रही है।

# सपा के विधायक अतुल प्रधान पूरे सत्र के लिए निष्कासित

### विपक्षियों ने असंसदीय शब्दों का प्रयोग करते हुए नारेबाजी की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान काफी हंगामा हुआ। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया। इस वाकये के बाद सपा हमलावर है। अतुल प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में जिस तरह से वे विधानसभा का सत्र चलाना चाहते हैं, उस तरह से सदन नहीं चलाया जाता है। सत्र के पहले दिन से देखिए नेता सदन की भाषा विपक्ष के प्रति कैसी है? हम व्यवस्था की बात कर रहे थे।

नियम 56 पर बाकायदा विधानसभा अध्यक्ष ने हमें नोटिस देकर स्वीकृति प्रदान की थी। हम स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर बात रख रहे थे। अभी कुछ दिन पहले झांसी में 20 नवजात बच्चों की मौत



हुई और वहां पर प्रशासन ने 10 दिखाया।जिस तरह दवाईयां धूल फांक रही हैं। डॉक्टरों की कमी है। प्राइवेट अस्पतालों में लूट मची हुई है हम इन्हीं सब बातों को सदन में उठा रहे थे। इसको लेकर जिस तरीके की भाषा डिप्टी सीएम की थी वो कहीं भी संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। इसके बाद ही हम सब वेल में आए थे, यहां नारेबाजी की गई, इसके बाद ही विधानसभा स्पीकर ने निष्काशित कर दिया।

अतुल प्रधान को शीतकालीन सत्र से निष्कासित कर दिया गया है, इस पर उन्होंने कहा पार्टी जो कहेगी वहीं किया जाएगा। निष्कासन के कारण हम वेल में ही रहेंगे। विधानसभा में जब स्वास्थ्य मंत्री और डिप्टी मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोल रहे थे, विपक्षी विधायकों ने असंसदीय शब्दों का प्रयोग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने स्पीकर सतीश महाना से इसकी शिकायत की. विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी विधायकों से नारेबाजी तत्काल रोकने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माने, इस पर स्पीकर ने हंगामा कर रहे सपा विधायक अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया।

### जिनका मन 'विद्वेष' से भरा है, वो 'देश' क्या चलाएंगे...



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र के भारी हंगामे के साथ अनिश्चित काल काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। डॉक्टर आंबेडकर पर अमित शाह द्वारा की टिप्पणी को लेकर राजनीति भी गरमा गई। समूचा विपक्ष अमित शाह से माफी मांग की बात कर रहा है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, जिनका मन 'विद्वेष' से भरा है, वो 'देश' क्या चलाएंगे। आज जो हुआ वो सिर्फ बाबा साहेब का ही नहीं, उनके दिये संविधान का भी अपमान है। ये भाजपा की नकारात्मक मानसिकता का एक और चरम बिंदु है। देश ने आज जान लिया है कि भाजपाइयों के मन में बाबासाहेब को लेकर कितनी कटुता भरी है। भाजपाई बाबासाहेब के बनाए संविधान को अपना सबसे बड़ा विरोधी मानते हैं क्योंकि उनको लगता है कि वो जिस प्रकार गरीब, वंचित, दमित का शोषण करके, उनके ऊपर अपना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं, उनकी इस बद मंशा के आगे संविधान ढाल बनकर खड़ा है। गौरतलब है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दलितों के मसीहा डॉ. अंबेडकर पर अपमार्जक टिप्पणी करने के आरोप में पूरा विपक्ष माफी मांगने की बात कर रहा है।

# 34 साल से नहीं हुई फ्लैट की रजिस्ट्री, मां-बेटे लगा रहे चक्कर

### जन अदालत में आईं शिकायतें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मेरी मां के नाम से एलडीए ने फ्लैट का आवंटन किया था। दूसरे फ्लैट में नमी आने की शिकायत हुई तो अधिकारियों ने मेरे फ्लैट का आवंटन रद्द कर दिया। तब से हम लगातार प्राधिकरण दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह कहना है लखनऊ की सीमा का, जो गुरुवार को विकास प्राधिकरण के गोमती नगर कार्यालय अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। जन अदालत में करीब 35 शिकायतें पहुंची।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी इन समस्याओं का समाधान तलाश रहे हैं सीमा ने रोते हुए बताया कि मेरी मां के नाम पर फ्लैट का आवंटन है। दूसरे फ्लैट में नमी होने की शिकायत करने पर ज्ञानेन्द्र वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने ने उसका आवंटन रद कर दिया था। मैं यहां आती हूं, चली जाती हूं। कोई सुनने वाला नहीं है। लखनऊ में 34 साल से फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं होने से मां-बेटे एलडीए के चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर उनसे पल्ला झाड़ रहे हैं। गोमती नगर स्थित एलडीए ऑफिस पर जनता अदालत में पहुंचे अभिषेक दास ने अपनी पीड़ा बताई। अभिषेक ने कहा कि पिता संजय कुमार दास के नाम पर कानपुर रोड पर 1990 में फ्लैट आवंटित हुआ था, लेकिन मकान की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है। पिता की 2001 में मौत हो गई थी। इसके बाद फिर मां मीना दास के साथ में 24 साल से दौड़ रहे हैं, कोई सुनने वाला नहीं है। कर्मचारी बताते हैं, कि फाइल गायब हो गई है। सेक्टर जे जानकीपुरम के रहने वाले इंद्रप्रकाश ने बताया कि प्लैट पत्नी राधा वर्मा के नाम है। 12 साल से फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो रही है।

# वाराणसी जिला अस्पताल होगा अपग्रेड डिप्टी सीएम की मौजूदगी में एमओयू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी ।** यूपी में इलाज के साथ मेडिकल की पढ़ाई को और रफ्तार मिलेगी। प्रदेश को एक और मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिला है। वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। ये जानकारी गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी।

एनेक्सी भवन के चतुर्थ तल स्थित सभागार में डिप्टी सीएम ने बताया कि मरीजों को आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसका दोहरा फायदा है। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी कराई जा रही है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को अपग्रेड करते हुए वहां 430 बेड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे मरीजों



को राहत मिलेगी। एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। पैरामेडिकल कोर्स भी चालू किए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मेडिकल कॉलेज के तीन ब्लॉक के निर्माण में दमानी ग्रुप सहयोग करेगा।

इसके लिए गुरुवार को कंपनी के अधिकारियों के साथ करार किया गया। एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक और हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि तय समय में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूरा कराए जाये। कॉलेज निर्माण आदि की प्रक्रिया को रफ्तार देने के लिए डॉ. आरबी कमल को नोडल प्रिंसिपल नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह और दमानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समाज की मानसिकता का बदलना जरूरी : स्वाती सिंह

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति चरण-5 के अंतर्गत ÷अपने अधिकारों को जानें = महिलाओं के स्वास्थ्य शिक्षा और के लिए सरकारी नीतियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना ÷ विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि उप्र सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि समाज की मानसिकता को बदल बदलकर महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार ने वर्तमान में महिलाओं के उत्थान के लिए सैकड़ों नई योजनाओं की शुरुआत की है। इससे महिलाओं में आत्म सम्मान का भाव भी जागृत हुआ है। जरूरत समाज को बदलने की है। वह धीरे-धीरे ही हो सकता है, लेकिन इसकी शुरुआत विद्यालयों से होनी चाहिए। माता-पिता को भी अपने बच्चों में समानता का भाव जागृत करना जरूरी है। डॉ. मानिनी श्रीवास्तव समन्वयक आईडब्ल्यूएस, नोडल अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय मौजूद थे।

# यात्री सुविधाओं का रखा जाए पूरा ध्यान : दयाशंकर

### परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में हुई महाकुंभ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रदेश में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था हेतु परिवहन निगम, मुख्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की वार्षिक जयंती के अवसर पर सुशासन के दृष्टिगत फेशलेस सेवाओं का तथा परिवहन निगम की ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा कराया जाने की तैयारियों हेतु निर्देशित किये।परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत परिवहन निगम की बसें परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से संचालित करायी जायें।

बस स्टेशन एवं बसों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।



यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था तथा स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपदों में प्राइवेट बसों के सचांलन के लिए महाकुम्भ के दृष्टिगत एक अस्थायी बस स्टैण्ड की स्थापना करायी जाए, जहॉ पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए सभी तरह की व्यवस्थायें यथा-पेयजल, शौचालय, डारमेटरी की व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

निगम एवं प्राइवेट बस स्टैण्ड पर हेल्प डेस्क तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा श्रद्धालुओं को सूचना दिया जाए। परिवहन निगम की समस्त बसों में भक्तिपूर्ण संगीत चलाये जाएं। पार्किंग स्थल से कुम्भ क्षेत्र में बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को लाने ले जाने हेतु ई- बसों की व्यवस्था परिवहन निगम द्वारा सुनिश्चित की जाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज को जोड़ने वाले समस्त मार्गों पर इंटरसेप्टर वाहनों की ड्यूटी लगायी जाए तथा कुम्भ जाने वाले समस्त वाहनों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूक किया जाए।कुम्भ की ड्यूटी में लगे हुए प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी अपनी ड्यूटी का संपादन महज ड्यूटी के कर्तव्य को पूर्ण करने के स्थान पर ईश्वर की कृपा मानते हुए करें। इससे उन्हें एक ओर श्रद्धालु आशीर्वाद देगें तथा दूसरी ओर ड्यूटी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को पुण्य की प्राप्ति होगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह, विशेष सचिव केपी सिंह, एवं अपर परिवहन आयुक्त ससु पीएस सत्यार्थी तथा अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन एके सिंह के साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उप परिवहन अधिकारी परिक्षेत्र संभागीय परिवहन अधिकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र विकास के लिए किए गए कार्य अविस्मरणीय

### अटल जी ने जीवन काल में राष्ट्र का मस्तक किया ऊंचा : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा भारत रत्न स्व. अटल जी ने अपने जीवनकाल में राष्ट्र का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। वह पहले ऐसे विदेश मंत्री थे, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्र के विकास के लिए जो कार्य किए, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पर्यटन मंत्री भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय



अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत को जिन ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया था, उसे देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पूरा कर रही है।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। केन्द्र व राज्य सरकार भारत को वर्ष 2047 तक पुनः: विश्व गुरु का सम्मान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक भारत दुनिया का विकसित राष्ट्र बनेगा।

**कोशिश** — कम होगी लागत, अच्छे मिलेंगे उत्पाद के दाम, खुशहाल होंगे किसान

# सीएम योगी की मंशा, उत्तर प्रदेश बने प्राकृतिक खेती का हब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को देश में प्राकृतिक खेती का हब बनाने के लिए हर मंच से पुरजोर पैरवी करते हैं। वह किसानों को भारतीय कृषि की इस परंपरागत कृषि पद्धति को तकनीक से जोड़कर और समृद्ध करने की बात भी करते हैं। इसके लिए उनकी सरकार किसानों को कई तरह की सुविधाएं भी दे रही है। गंगा के तटवर्ती गांवों और बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती पर सरकार का खासा जोर है।

सरकार की मंशा के अनुरूप गोवंश प्राकृतिक खेती की तरक्की की बुनियाद बनेंगे। निराश्रित गोवंशो की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस खेती के



और भी लाभ होंगे।

मसलन, जहरीले रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होने से क्रमशः जन, जमीन और जल की सेहत सुधरेगी। किसानों की खेती की लागत कम होगी। उत्पाद प्राकृतिक होने से किसानों को अपने उत्पाद के दाम भी अच्छे मिलेंगे। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद पूरी दुनिया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुई है। हर जगह ऐसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। मांग बढ़ने से इनके दाम भी अच्छे मिलेंगे।

**निर्यात बढ़ाने में भी मददगार होंगे प्राकृतिक कृषि उत्पाद**

प्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। सात वर्षों में यह बढ़कर दोगुना हो गया है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 2017-2018 में उत्तर प्रदेश का निर्यात 88 हजार करोड़ रुपये था। 2023-2024 में यह बढ़कर 170 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ने से अन्नदाता किसान खुशहाल होंगे। खास बात यह है कि प्राकृतिक खेती से जो भी सुधार होगा, वह टिकाऊ (सस्टेनेबल), ठोस और स्थायी होगा।

### योगी सरकार के प्रयास

मुख्यमंत्री का गोवंश के प्रति प्रेम जगजाहिर है। वह अपने पहले कार्यकाल से ही गोवंश के संरक्षण पर जोर दे रहे हैं। इस बाबत निराश्रित गोवंश के लिए गोआश्रय केंद्र खोले गए। प्रति पशु के अनुसार भरण-पोषण के लिए पैसा भी दिया जाता है। चंद रोज पहले पेश किए गए अनुपूरक बजट में भी इस बाबत 1001 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री की मंशा इन गोआश्रयों को आत्मनिर्भर बनाने की है। ऐसा तभी संभव है जब इनके गोबर और मूत्र को आर्थिक रूप से उपयोगी बनाया जाए। इसके लिए समय-समय पर सरकार स्किल डेवलपमेंट का भी कार्यक्रम चलाती है। साथ ही मनरेगा के तहत भी पशुपालकों को सस्ते में कैटल शेड, पशु बाड़ा और गोबर गैस लगाने की सहूलियत दी जा रही। मिनी नंदिनी योजना भी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को ही ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें भी योगी सरकार कई तरह के अनुदान दे रही है।

# पार्वती अरगा पक्षी विहार से टिकरी शाखा नहर को जोड़ने की अनुमति

- डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न
- सभी विभाग अपने-अपने विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत जीयोटैगिंग करें




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने वर्ष - 2024 में हुये वृक्षारोपण के सापेक्ष शतप्रतिशत जीयोटैगिंग करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जो पौधे खत्म हो गए हैं उनके स्थान पर पुनः पौधों को पुनर्जीवित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत जीयोटैगिंग कर लें। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में वेटलैंड को अतिक्रमण एवं जलकुंभी से मुक्त किया जाए साथ ही जो वेटलैंड मृत हो चुके है उन्हें पुनर्जीवित किया जाए।

बैठक में उन्होंने बताया कि पार्वती अरगा पक्षी विहार से टिकरी शाखा नहर को जोड़ने के संबंध में अनुमति मिल गई है। जल्द ही उपरोक्त कार्य का प्रारम्भ हो जायेगा। बैठक में डीएम ने नगरपालिका गोण्डा को निर्देश दिये हैं कि शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण समय से कराते रहे। साथ ही खनन अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जनपद के सभी ईंट भट्ठों का नियमानुसार निरीक्षण करें, ताकि जनपद में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से न चलने पाये। साथ ही साथ जनपद में अवैध खनन पर विशेष ध्यान दिया जाय, ताकि जनपद में कहीं पर अवैध रूप से मिट्टी खनन न होने पाये।

बैठक में डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पौधों के जीयोटैगिंग कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि मत्स्य विभाग, कृषि विभाग तथा एनआरएलएम विभाग संयुक्त रूप से मिलकर जलकुंभी का समुचित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, खनन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका गोण्डा, और नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 138 छात्र-छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा अंगीकृत विद्यालय जे पी विद्या मंदिर इंटर कालेज में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 138 छात्र छात्राओं एवं अन्य लोगों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ रश्मि वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोंडा रहीं। इस कार्यक्रम में ला. चंद्रकेश मिश्रा, ला. अरुणदीप मल्होत्रा, ला. राज कुमार जायसवाल, ला. अजय मित्तल, ला. डॉ के के मिश्रा, ला. अमित पांडेय, ला. राजीव अग्रवाल, ला. कमल श्रीवास्तव, ला. सुमन पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में होम गार्ड सहित दो की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओ में एक होम गार्ड सहित दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। इटिया थोक थाना क्षेत्र के करूवा पारा गांव के निवासी 52 वर्षिय ननके तिवारी पुत्र बच्छ राज तिवारी होम गार्ड विभाग में होम गार्ड के पद पर कार्यरत था। गुरुवार की सुबह बाइक से दवा लेने गोण्डा मनका पुर बस स्टाप के पास एक चिकित्सक के यहाँ आया था। दवा लेने के बाद करीब 12 बजे बाइक घर जाने के लिए निकला था। तभी मनका पुर बस स्टॉप के तिराहे के पास ही एक डीसीएम गाड़ी जो अयोध्या की तरह जा रही थी। टक्कर मार कर निकल गई। टक्कर लगने के बाद होम गार्ड ननके तिवारी सड़क के किनारे मरणासन्न हालत में पड़ा हुआ था। चौराहे पर तमाम लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगो ने एम्बुलेंस से घायल पड़े होम गार्ड को मेडिकल कालेज भेजवाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लोढ़िया घाटा गांव के निवासी 35 वर्षिय अवधेश प्रताप सिंह पुत्र राम देव साइकिल से मंगलवार की दोपहर में खोरहसा बाजार घर का सामना खरीदने आया था। अयोध्या की तरफ से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिस गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। बुधवार की देर रात्रि में उस की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

### छुट्टी पर घर आये दीवान की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** छुट्टी पर घर आये एक 44 वर्षिय दीवान की अचानक तबियत खराब हो जाने से मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परस पुर थाना क्षेत्र के जरौली गांव के निवासी तेज प्रताप सिंह पुत्र छत्र पाल सिंह बाराबंकी जनपद में सी ओ के यहाँ दीवान के पद पर कार्यरत था। दस दिन की छुट्टी लेकर घर आया था। अचानक घर पर ही बुधवार के दिन तबियत खराब हो गई। इलाज के लिए उस को एक चिकित्सालय लाया गया। थोड़ी देर के बाद उस की मृत्यु हो गई। दीवान की मौत की खबर पुलिस को दी गई। शव का पंचायत नामा भर कर के पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।

### रास्ते के विवाद में तीन को पीटा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर तीन लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के अहिरौरी गांव के निवासी 55 वर्षिय शिवपता पत्नी राम सरन और उस के पुत्र 30 वर्षिय सूरज वर्मा 52 वर्षिय सूर्यकला पत्नी मदन को मार पीट कर घायल कर दिया गया। सूरज वर्मा ने बताया कि वही के कुछ लोगो से रास्ते का विवाद चल रहा है। जिस को लेकर मारा पीटा गया है। घटना की तहरीर दी गई है।

### शैक्षिक मानकीकरण के लिए तीन दिवसीय असस्मेंट की शुरुआत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विद्याभारती के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश के अनुक्रम में सरस्वती विद्या मन्दिर बेहड़ा-खैरीघाट, बहराइच के शैक्षिक मानकीकरण के लिए तीन दिवसीय असेस्मेंट का कार्य का शुभारम्भ घनश्याम सिंह चौहान प्रबन्धक व अध्यक्ष जनशिक्षा समिति ने माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन के साथ विनोद कुमार पाठक जिला मन्त्री जनशिक्षा समिति तथा शान्ती कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर बनवीर पुर, विद्यालय के सदस्य एवं जनशिक्षा समिति के ग्रामीण शिक्षा प्रमुख उग्रसेन सिंह चौहान बन्धु सदस्य मिश्र ने सामूहिक रूप से आरम्भ किया। तीन दिवसीय असेस्मेंट में 18, 19 एवं 20 दिसम्बर को चलने वाले कार्यों में विद्यालय के शैक्षिक, आर्थिक,भवन, पत्राजात, आचार्य, समिति के सरकारी मानकों के क्रम में विद्यालय में पायी जाने वाली न्यूनता को दूर कर विद्यालय को उच्च क्षमता वान प्रतिष्ठित करने में बल मिलेगा। विभिन्न परिस्थितियों के पड़ताल के क्रम में विद्यालय के पूर्व क्षात्रों, प्रधानाचार्य, आचार्य, कर्मचारी, अभिभावकों, विद्यालय के प्रबन्ध समिति के साथ बैठक की।

### अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील पयागपुर के बगल रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटने के कारण एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना पयागपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू किया।घटना स्थल पर उपस्थित लोगों से मृतक का शिनाख्त करवाया गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा कर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है।खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।थाना प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि मृतक की उम्र 22 साल के आसपास बताई जा रही है। यह हादसा है या आत्महत्या इसका पता तो पहचान होने के बाद ही लग पायेगा।

# देवीपाटन मंडल में 22 दिसंबर को पीसीएस परीक्षा का आयोजन, 16,564 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

- पीसीएस परीक्षा को लेकर मंडलायुक्त ने दिए डीएम व एसपी को निर्देश
- पूरे मंडल में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो परीक्षा : आयुक्त

**गोण्डा समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा की परीक्षा 22 दिसंबर को देवीपाटन मंडल में सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में मंडल के कुल 41 परीक्षा केंद्रों पर 16,564 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा पूर्वान्ह 9:30 से 11:30 बजे तक सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्नपत्र और अपरान्ह 2:30 से 4:30 बजे तक सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र के रूप में दो सत्रों में आयोजित होगी।

**गोंडा में सबसे अधिक परीक्षार्थी देंगे परीक्षा :-** बलरामपुर जिले के 5 केंद्रों पर 2,208 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। गोंडा जिले के परीक्षा केंद्रों पर 16 केंद्रों पर 6,720 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बहराइच जिले के 15 केंद्रों पर 6,048 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। श्रावस्ती जिले के 3 केंद्रों पर 1,588 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों से परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता और पूरी पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया है।

# जमीन पर अवैध कब्जा करने पर दिये जांच के आदेश

- फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया जमीन पर अवैध कब्जा
- आयुक्त ने एसडीएम को दिये जमीन पर अवैध कब्जे की जांच के आदेश

**देवीपाटन मण्डल, गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बीमार मां की मृत्यु के बाद जालसाजो द्वारा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराकर जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची अर्चना सिंह ने मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। आयुक्त ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए तरबगंज के एसडीएम को मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच कर दोषी के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिये है।

अर्चना सिंह ने मंडल आयुक्त को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी बीमार मां जानकी देवी पत्नी राजकिशोर सिंह ग्राम दुर्जनपुरघा वजीरगंज गोण्डा की निवासी थी। उनके इलाज और देखभाल के लिए वे अपने घर बाराबंकी लेकर चली आई थी। बीते वर्ष 29 नवम्बर 2023 को उनका ग्राम पंचायत विधोपुर कला बाराबंकी में उनके ही घर पर उनका निधन हो गया। जिसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी शाहपुर तहसील फतेहपुर बाराबंकी द्वारा उनकी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र 5 अप्रैल 2024को जारी किया गया। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र मे बताया कि कि मेरी मां ने ग्राम पंचायत दुर्जनपुरघाट स्थित अपनी जमीन का दान लेखपत्र मेरे नाम 3 अगस्त 2023 को कर दिया है। मेरी मां के बीमार होने का फायदा उठा कर *दुर्जनपुरघाट निवासी अंजनी कुमार सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह* ने मेरी मां की जमीन जो गाटा संख्या 369 है पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया है। वहीं बड़ी जालसाजी करते हुए इन्होंने अयोध्या जिला अस्पताल से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र 29 अक्टूबर 2023 को जारी करा दिया। यह मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को जारी किया गया है। जिसे लेकर अंजनी कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत दुर्जनपुरघाट के ग्राम पंचायत अधिकारी से मिलकर परिवार रजिस्टर की नकल भी जारी करा लिया है। अब अंजनी कुमार सिंह ने अवैध रुप से मेरे बैनामे की जमीन पर कब्जा कर तम्बाकू की फसल लगा रखी है। यहीं मेरे गांव जाने पर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।




आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने तरबगंज एसडीएम को शिकायतकर्ता *अर्चना सिंह पत्नी मुनेन्द्र सिंह निवासी विद्यीपुर कला शाहपुर थाना बददोपुर बाराबंकी* के प्रार्थना पत्र के साथ ग्राम पंचायत शाहपुर से निर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र व जिला अस्पताल अयोध्या से निर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति भेजकर अभिलेखों का भली भांति अवलोकन एवं परिशीलन कर जॉचोपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिये।

# डॉक्टर धीरेंद्र तिवारी ने संभाली सीएचसी पयागपुर की कमान

- किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं : डॉ. धीरेंद्र तिवारी



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज से स्थानांतरित होने के बाद अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बृहस्पतिवार को सीएचसी पयागपुर में पदभार ग्रहण किया। पयागपुर पहुंचने पर सीएचसी स्टॉफ द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।पद भार संभालने के बाद उन्होंने सीएचसी के समस्त स्टॉफ के साथ बैठक कर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।शासन द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सभी मरीजों को उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी।तत्पश्चात अस्पताल परिसर एवं वार्डों का निरीक्षण करते हुए संबंधित को और बेहतर करने के लिए निर्देशित किया। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए अधीक्षक ने बताया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उनकी कोशिश रहेगी कि कोई भी उनके कार्यशैली से असंतुष्ट न रहे। डॉ धीरेंद्र तिवारी के पहुंचने से पयागपुर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल दिखा।

# गाजे बाजे के साथ निकाली प्रभु श्रीराम की बारात, विशाल भंडारा आयोजित

- पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ प्रभु श्रीराम व माता सीता का विवाह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जरवल नगर में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम विवाह उत्सव मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता का विवाह पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मनाया गया। पूरे नगर में श्री राम भगवान की बारात निकाली गई और इस बारात में सैकड़ों की संख्या में भक्त भजन कीर्तन ढोलक की थाप पर नाचते गाते हुए दिखे पूरे शहर में बारात निकाली गई।जरवल के खाकी दास मंदिर में श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया बारात बाबा खाकी दास मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला तमोली टोला स्थित संगत मंदिर अग्रवाल मोहल्ला से होते हुए बाजदारी मोहल्ला ,चौक बाजार से लखनऊ बहराइच हाईवे से गल्ला मंडी पहुंची जहां पर भक्तों ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। गल्ला मंडी से बारात पुनः खाकी दास मंदिर पहुंची जहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बरात में ढोल नगाड़े की धुन पर जमकर बच्चों ने डांस किया। बारात का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंदिर में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया उसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम माता सीता का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें कलेवा व पांव पूजन का भी कार्यक्रम किया गया जो भक्तों ने किया। भक्तों ने भगवान श्री राम का कलेवा भी किया वह माता सीता के पैर भी पूजे। इस मौके पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सचिन गर्ग, बाल रामलीला समिति के अध्यक्ष नीतिश गुप्ता, जितेंद्र कसौधन, सुरेंद्र कसौधन, सौरभ कसौधन, स्वामीनाथ कसौधन,राजीव पाल, मंगल जायसवाल, विजय कसौंधन, दुर्गेश गुप्ता,राहुल चौरसिया, पुष्पराज गुप्ता, दीपक सैनी, डॉ दीपक गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजा गुप्ता,सूरज कसौधन, डा सौरभ गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बारात में मौजूद रहे। जरवलरोड थाना प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद व जरवल चौकी इंचार्ज राणाराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# छह वर्ष से मेडिकल कॉलेज में नहीं है हृदय रोग विशेषज्ञ, कैसे हो इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- हृदय रोगी के जिला अस्पताल पहुंचने पर इलाज करते हैं फिजिशियन या लखनऊ होते हैं रेफर
- प्राचार्य ने विशेषज्ञ की तैनाती के लिए शासन को लिखा पत्र

कहने के लिए जिले में ऑटोनॉमिक मेडिकल कॉलेज संचालित है। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय है। लेकिन मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग विशेषज्ञ ही नहीं हैं। ऐसे में हृदय रोगी इलाज को जिला अस्पताल जाते हैं तो उनका इलाज फिजिशियन या अन्य डॉक्टर करते हैं। केस समझ न आने पर लखनऊ रेफर कर देते हैं।जिला मुख्यालय पर महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय का संचालन होता है। इस अस्पताल में जिले के अलावा श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, नेपाल और सीतापुर जिले के आंशिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस समय ठंड का मौसम चल रहा है। जिसमें हार्ट के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। यह मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल आते हैं, लेकिन जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ ही नहीं हैं। हृदय रोगियों के इलाज के लिए डॉक्टर न होने से मरीज प्राइवेट अस्पताल या लखनऊ का रुख करते हैं। लखनऊ जाते समय मरीजों की जान भी चली जाती है। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन एक हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती जिला अस्पताल में नहीं करवा सका है। इसका खामियाजा जिले की जनता को उठाना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग विशेषज्ञ के न होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि इससे पूर्व जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मलय श्रीवास्तव की तैनाती थी। लेकिन पीएमएस संवर्ग के चिकित्सक का स्थानांतरण जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में तब्दील होने के कारण कर दिया गया था। तब से कोई भी हृदय रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल में तैनात नहीं हुआ है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हृदय रोगियों का इलाज मेडिकल कॉलेज में कैसे होता है।

**प्राइवेट अस्पताल में लगती है अधिक फीस**

हार्ट की बीमारियों से ग्रसित लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल आते हैं। लेकिन डॉक्टर के न होने से सभी प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेते हैं। जहां 500 से एक हजार रूपये फीस देना पड़ता है। ऐसे में गरीब मरीज इलाज करवाने से पूर्व फीस के लिए सैकड़ों बार सोचते हैं। फिर उनको दवा भी काफी महंगी मिलती है।

**छह वर्ष से नहीं है डॉक्टर**

महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय वर्ष 2017 में जिला अस्पताल था। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मलय श्रीवास्तव की तैनाती थी। लेकिन मेडिकल कॉलेज में तब्दील होने के चलते वर्ष 2018 में स्थानांतरण कर दिया गया। तब से आज तक मेडिकल कॉलेज प्रशासन एक हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं करवा सका है।

**अन्य डॉक्टर करते हैं इलाज, शासन को लिखा पत्र**

ठंड के मौसम में लोग अपने को बचाकर रखें। धूप निकलने पर ही चलें। हृदय से संबंधित मामले की इलाज मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर खान और वर्मा करते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। जल्द ही तैनाती होने की उम्मीद है।

डॉक्टर संजय खत्री प्राचार्य

# रोडवेज कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर परिसर में प्रदर्शन कर दिया धरना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिले में गुरुवार को रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों व सरकार की और से निजीकरण करने के प्रयास को लेकर रोडवेज परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने मांगे न माने जाने पर जनवरी में बड़े पैमाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आहवान पर शहर में स्थित रोडवेज परिसर में गुरुवार को परिवहन कर्मियों ने अपनी समस्याओं व लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान रोडवेज यूनियन के मंत्री विकास कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रदेश सरकार व प्रबंध तंत्र परिवहन निगम को धीरे धीरे पूरी तरह से निजीकरण करने के प्रयास में जुटा हुआ है। वही कर्मचारियों की पूर्व से लंबित मांगों पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी को लेकर संयुक्त परिषद के आहवान पर आज हम लोग अपनी 19 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आगामी जनवरी माह बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कवायत शुरू कर दी है। इस क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गतिमान है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक पवन शुक्ला ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी।प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने भाषा शिक्षण के पाठ्यक्रम तथा भाषा शिक्षण की रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र, डायट प्रवक्ता गोविन्द किशोर, पवन कुमार शुक्ल, ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक निर्माण राकेश कुमार सिंह, लिपिक अतुल सिंह, अतुल त्रिपाठी, जीतेन्द्र सिंह, सुनील, हरी राम, संजय, विनोद त्रिपाठी, आशीष, विजय प्रताप, सत्य प्रकाश, विशाल गाँधी, रघुवीर, इजरारुल हक आदि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# एन्क्वास से ग्रामीण क्षेत्रों में संवर रही स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत

- स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रहे जनपद के 30 उपकेंद्र
- प्रसव, मातृ-शिशु व किशोर स्वास्थ्य, टीकाकरण, पैथोलॉजी जांच और टेलीमेडिसिन सेवाएं उपलब्ध




**राहुल सोनी**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** तराई क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए जनपद के 30 उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब एन्क्वास सर्टिफिकेशन के लिए तैयार हैं। इन केंद्रों का डाटा सक्षम पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि जनपद के 3 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को यह सर्टिफिकेशन मिल चुका है। सरकार की इस पहल से ग्रामीणों को उनके नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। ओपीडी, प्रसव, मातृ-शिशु व किशोर स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, पैथोलॉजी जांच और टेलीमेडिसिन जैसी सुविधाओं के चलते गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और युवा उत्साहित हैं। उनका कहना है कि पहले की तुलना में सरकारी अस्पतालों की सेवाएं काफी बेहतर हुई हैं, जिससे अब दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**एन्क्वास सर्टिफिकेशन का महत्वः-** डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि एन्क्वास सर्टिफिकेशन के लिए केंद्रों को आंतरिक व बाहरी मूल्यांकन में 70न्न या अधिक स्कोर जरूरी है, जो सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, पैथालोजी जांच व उपकरणों की उपलब्धता और रोगी संतुष्टि सुनिश्चित करता है। प्रमाणपत्र मिलने पर प्रति केंद्र को 1.26 लाख या 2.16 लाख रुपये 7 या 12 किस्तों में मिलेंगे, जो स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएंगे। यह प्रमाणपत्र तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि जनपद के 32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एन्क्वास सर्टिफिकेशन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इन केंद्रों का जल्द ही राज्य और केंद्र स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा। यह सर्टिफिकेशन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का भरोसा दिलाने में सहायक होगा।

**उन्नत तकनीक से लैस मनिकापुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर**

विशेश्वरगंज के मनिकापुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ अम्बालिका सिंह ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं के साथ ही यहां उन्नत तकनीक और प्रशिक्षित स्टाफ की मदद से उच्च स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हैं। इसके कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस केंद्र को राज्य सरकार की टीम से गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।



**केस 1-** कैसरगंज, मदरहा के भगौती यादव (65) ने कहा, पहले हमें मामूली इलाज के लिए शहर जाना पड़ता था। अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर समय पर दवाइयां और जांच मिल जाती हैं। यह हमारे जैसे बुजुर्गों के लिए बहुत मददगार है।



**केस 2-** कैसरगंज, मदरहा की गीता देवी (35) ने कहा, यहां प्रसव के दौरान मुझे समय पर देखभाल और सभी जरूरी सुविधाएं मिलीं। अस्पताल का वातावरण और स्टाफ का सहयोग बहुत संतोषजनक था।



**केस 3-** मिहींपुरवा , कुड़वा के रामनरेश (45) ने कहा, संक्रमण और बुखार के मामलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर समय पर इलाज और दवाइयां मिलती हैं। यह हमारे गांव के लिए वरदान जैसा है।



**केस 4-** कैसरगंज ,परसेण्डी की रुबीना (17 ) ने बताया, लड़कियों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जो सेवाएं दी जा रही हैं, वे बहुत सहायक हैं। अब हमें दूर नहीं जाना पड़ता।

# डीएम ने मध्य रात्रि में रैन बसेरों का किया निरीक्षण

▸ रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो: डीएम

अभय सिंह



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट एवं जिला अस्पताल में स्थापित रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरों के संचालकों को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरों में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**नि:शुल्क करें रात्रि विश्राम:** डीएम ने कहा कि किन्हीं कारणों से क्षेत्र में रात में रुकने वाले ऐसे लोग जिनके पास ठहरने की कोई दूसरी व्यवस्था न हो, सरकार द्वारा रैन बसेरा बनाया गया है। ऐसे लोग रैन बसेरे में बिना कोई शुल्क दिए रात्रि विश्राम कर सकते हैं। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क है। यदि किसी प्रकार की शुल्क वसूले जाने की शिकायत मिलती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यहाँ साफ-सफाई, पेयजल, फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव आदि के लिए निर्देशित किया।

# माइनर की सफाई में हो रही मनमानी सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



किसानों को माइनर से हेड से टेल तक पानी पहुंचाने की सरकार की मंशा फेल होती नजर आ रही है जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सरकारी धन के बंदर बांट के चलते माइनर की सफाई नहीं हो पा रही है आधी अधूरी सफाई के बाद पूरा भुगतान करा लिया जाता है जिसको लेकर किसानों में भारी नाराजगी भी देखने को मिली है। डलमऊ पंप कैनाल से निकली हुई गंग नहर से सैकड़ों माइनरों से किसानों की खेती की सिंचाई की जाती है जिसमें हेड से टेल तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की होती है रबी और खरीफ की फसलों की सिंचाई से पहले विभाग द्वारा भारी भरकम बजट खर्च करके माइनर की सफाई कराई जाती है लेकिन कमीशन खोरी के चलते भुगतान के बाद भी सफाई नहीं हो पा रही है। लगभग 3 किलोमीटर लंबी दीनगंज माइनर की सफाई आधी अधूरी करने के बाद शेष माइनर की सफाई नहीं कराई गई जिससे किसानों को पानी मिलना मुश्किल हो रहा है हेड से टेल तक माइनर की सफाई न होने से किसानों में नाराजगी भी है किसान अवधेश कुमार राम सजीवन प्यारेलाल अशोक कुमार प्रदीप कुमार ने बताया कि ठेकेदार ने आधी माइनर साफ करने के बाद आधी माइनर को ऐसे ही छोड़ दिया माइनर में झाड़ियां उगी हुई है यही हाल कोरौली दमा माइनर का भी है। सफाई के नाम पर खाना पूर्ति की गई है गेहूं सरसों एवं मटर की फसल की सिंचाई का समय है नहर में पानी आने के बाद इन मानरो में टेल तक पानी पहुंचना मुश्किल दिख रहा है किसानों का कहना है कि उच्च अधिकारी कमीशन खोरी के चलते स्थलीय निरीक्षण नहीं करते हैं जिससे ठेकेदार मनमाने तरीके से काम करते हैं इस संबंध में अधिशाषीअभियंता सिंचाई विभाग रामविलास ने बताया कि सफाई की गई माइनर की जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने सवर्ण आर्मी की दिलाई सदस्यता





**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सवर्ण आर्मी की लोकप्रियता और मजबूती को देखते हुए सवर्ण समाज की महिलाएं भी सदस्यता अभियान में आगे आ गई। जिसमें महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने सवर्ण जोड़ो अभियान के तहत चौपाल में सवर्ण महिलाओं को सदस्यता दिलाई गई ।सवर्ण आर्मी रायबरेली की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनुराधा मिश्रा ने सवर्ण जोड़ो अभियान के तहत इंदिरा गार्डेन में सवर्ण समाज की महिलाओं की एक चौपाल लगाकर सवर्ण आर्मी महिला प्रकोष्ठ की सदस्यता दिलाई।

### राजकीय हाईस्कूल के बच्चों ने पाई धनराशि और हुए सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय हाई स्कूल यूपी बोर्ड 2024 में विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाले बच्चों को चेक देकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनई राजकीय हाई स्कूल की छात्रा मुस्कान सिंह पुत्री अमर बहादुर सिंह एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सुधीर कुमार पुत्र रामनरेश को क्यूब रूट्स फाउंडेशन की तरफ से बछरावां के टोल प्लाजा के माध्यम से प्रधानाचार्य नीरज रंजन दास द्वारा ?10000 के चेक देकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राएं इस मौके पर प्रसन्न नजर आए और उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की इस धनराशि को शिक्षा पर खर्च करने के लिए बताया ताकि आगे और शिक्षित होकर विद्यालय एवं देश का नाम रोशन कर सके।

### अज्ञात ई रिक्शा की लापरवाही से टूटा रेलवे गेट का बूम



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत अज्ञात ई रिक्शा की लापरवाही से रेलवे गेट का टूटा बूम, काफी देर तक आवागमन रहा बाधित। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि गुरुवार दोपहर तकरीबन 3:00 बजे के आसपास ट्रेन आने से पूर्व निकल रहा एक ई रिक्शा बंद हो रहे रेलवे गेट के बूम से टकरा गया। ई-रिक्शा से टकराते ही बूम टूट गया और ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। वही गेटमैन ने घटना को देखते ही तत्काल वैकल्पिक गेट का प्रयोग किया, तब जाकर वाहनों का आवागमन बंद हुआ। वही ट्रेन गुजरने के बाद टूटे हुए बूम को हटाया गया और घटना के कारण काफी देर तक आवागमन बाधित रहे आवागमन को सुचार रूप से शुरू कराया गया।

### ट्रकों से डीजल चोरी करते चोर सीसीटीवी में हुए कैद



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** खड़े ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं आए दिन देखी जा रही है, आज एक डीजल चोरी की घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना बुधवार व बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि 1:00 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जब लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर डीजल चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। विगत एक सप्ताह पूर्व चुरुवा मंदिर के पास खड़े ट्रक से डीजल चोरी किया गया था। आज दूसरी घटना लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर ही ग्राम शेरी के निकट राइस मिल के बाहर खड़े हुए ट्रक को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। जिसमें लगभग 500 लीटर डीजल चोरी कर लिए जाने की बात सामने आ रही है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से छानबीन कर रही है।

### ड्रोन उड़ाना सीखेंगी महिलाएं, किसानी में करेंगी मदद: डीएम



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह का चयन, महिला पायलट के चयन, योजना के क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान डीएम ने बताया कि नमो दीदी ड्रोन योजना से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्थाई व्यवसाय और आजीविका मिलेगी। स्वयं सहायता समूहों द्वारा ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरकों एवं कीटनाशकों का छिड़काव सेवाएं प्रदान किया जाएगा। उन्होंने समूहों का चयन की कार्यवाही एवं प्रशिक्षण प्रदान किए जाने में तेजी लाए जाने जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए,डीसी एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### कम्पोजिट विद्यालय टेढ़वा नवाबाद में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** गैंड़ास बुजुर्ग विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय टेढ़वा नवाबाद में गुरुवार को पीएम श्री विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में छात्रों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट मेंटर विजय निगम और खंड शिक्षाधिकारी विनय कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को शानदार शुरुआत दी। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने बाल श्रम के मुद्दे पर आधारित एक सशक्त नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। एक अन्य नाट्यमंचन के माध्यम से शिक्षा के महत्व को उजागर किया गया। छात्रों ने सामूहिक और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। खंड शिक्षाधिकारी विनय कुमार चौधरी ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही, उन्होंने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से प्राप्त धनराशि को बच्चों की ड्रेस, बैग, स्वेटर, जूते-मोजे, और स्टेशनरी पर खर्च करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद हारून ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद फिरोज, सुशील कुमार गुप्ता, अमित कुमार, चंचल सिंह, अमर सिंह, राम दर्शन सहित कई अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के इस वार्षिकोत्सव ने छात्रों के कौशल, रचनात्मकता और उनकी सामाजिक जागरूकता को उजागर किया। कार्यक्रम ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच आपसी सहयोग और संवाद को बढ़ावा दिया।

## आग से जला गरीब का आशियाना, लाखों का सामान राख

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के घुराडीह ग्राम सभा के जयकुमार सिंह पुत्र वीरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ नन्हे सिंह के दरवाजे पर रखे बंगले में सुबह साढ़े दस बजे के आस-पास अचानक आग की लपटे उठने लगी जब तक घर वाले जान पाते

▸ बाइक इंजन पाइप के साथ रु. 2 लाख का सामान जलकर हुआ राख

छप्पर धूँ धूँ कर जल उठा। फायर ब्रिगेड के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में बात करने पर ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने बताया कि मोटर साइकिल, इंजन, पाइप के साथ ही सिंचाई के अन्य उपकरण और जरुरी सामान जलकर खाक हो गया है जिसकी कीमत लगभग दो लाख से अधिक है चूंकि परिवार प्राइवेट कार्य एवं खेती पर ही निर्भर है ऐसे में यह एक गहरी चोट है जिसे भरने में वक्त लगेगा।

# रोडवेज कर्मचारियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

▸ निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने जताया विरोध

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रोडवेज परिसर में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रोडवेज कर्मियों ने गुरुवार को निजीकरण और डग्गामार वाहनों के बंद करने समेत लंबित मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना दिया। साथ ही चेतावनी दी की आठ जनवरी तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो प्रस्तावित क्षेत्रीय स्तर के धरना प्रदर्शन में पहुंच कर आंदोलन किया जाएगा।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर शहर में स्थित रोडवेज परिसर में परिवहन कर्मियों ने अपनी समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान सभी ने जमकर नारेबाजी करते हुए कर्मियों की मांगों पर सरकार से ध्यान देने की बात कही। इस दौरान रोडवेज यूनियन के कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार और प्रबंध तंत्र परिवहन निगम को धीरे-धीरे पूरी तरह से निजीकरण करने के प्रयास में जुटा हुआ है। वहीं कर्मचारियों की पूर्व से लंबित मांगों पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन इसी को



लेकर संयुक्त परिषद के आह्वान पर आज हम लोग अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आगामी जनवरी माह बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

**डग्गेमारी-निजीकरण से रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश:** कर्मियों ने रोडवेज का निजीकरण और सड़कों पर चल रहे डग्गामार वाहनों को बंद करने, निगम एवं निजि बसों यात्री कर के असमानता को दूर किया जाए, पाली कर के आत्मानता को दूर किया जाए, संविदा चालक/ परिचालकों को चरण बध तरीके से से नियमित किया जाए। आउटसोर्सिंग से लगे कर्मियों का वेतन बढ़ाया जाए और उन्हें भी नियमित किया जाए, संविदा चालकों और परिचालकों की कटौती बंद किया जाए।

# डॉ. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



▸ प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस ने मारी बाजी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डॉ. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता मे विवेकानंद हॉउस ने मारी बाजी वही दूसरी पोजीसन पर टैगोर हाउस तथा तीसरी पोजीसन पर सुभाष हाउस रहा। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक राम स्वरुप सोनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया तथा समापन कमल किशोर पप्पू भैया पूर्व प्रधान कानमऊ ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर तथा मेडल पहनाकर किया!

प्ले ग्रुप में गुब्बारा ग्रुप दौड़ में विवेकानंद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय रहा! म्यूजिकल कुर्सी दौड़ बालक में आहिल युकेजी प्रथम मोहम्मद आहिल पीजी द्वितीय इजहान तृतीय रहे बालिका वर्ग मे फातिमा पीजी प्रथम सिमरन एलकेजी द्वितीय अनम तृतीय रही! ड्रेस कम्पटीशन मेंअलीना पीजी प्रथम सुल्तान ऐलकेजी द्वितीय पीहू और जारा तृतीय रही। पचास मीटर दौड़ बालक मोहम्मद अमन प्रथम, अरमान द्वितीय तथा आहिल तृतीय रहे बालिका वर्ग में अलीना प्रथम आयत द्वितीय अनन्या तृतीय रही प्राइमरी मे 50 मीटर दौड़ में जीशान, अफ्फान, जाफर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय रहे वही बालिका में जैनब प्रथम फातिमा द्वितीय सनाया तृतीय रही 100 मीटर दौड़ बालक में उजैफा प्रथम, अल्तमश द्वितीय आरम्भ तृतीय रहे बालिका वर्ग मे महिमा प्रथम, तस्फीया द्वितीय इल्तिजा तृतीय रही खो खो में बालिका में विवेकानंद हाउस प्रथम सुभाष हाउस द्वितीय रही बालक वर्ग मे विवेकानंद प्रथम टैगोर हाउस द्वितीय रहा!

वही जूनियर मे 200 मीटर दौड़ बालक में मोहम्मद वैश प्रथम मोहम्मद ताहा द्वितीय अल्तमश तृतीय रहे बालिका वर्ग मे इंकरा प्रथम कक्षा 7 की खुशी द्वितीय तथा कक्षा 6 की खुशी तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ बालक में मोहम्मद ताहा प्रथम मोहम्मद वैश द्वितीय जीशान तृतीय रहे! खोखो बालिका वर्ग मे विवेकानंद प्रथम टैगोर हाउस द्वितीय रहे बालक वर्ग मे विवेकानंद प्रथम टैगोर हाउस द्वितीय रहा। सभी खेलो में निर्णायक संतलाल व्यायाम शिक्षक लालगंज, डिम्पी तिवारी, राजू, पुष्पेंद्र कुमार और साधना सोनकर रहे।

# न्याय के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए पैदल निकला शिकायतकर्ता

▸ अधिकारियों की लापरवाही को लेकर सीएम से लगाएगा गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

समाधान दिवस पर बार बार चक्कर लगाने वाले एक शख्स को जब न्याय नहीं मिला तो वह सीएम योगी से मिलने पैदल ही घर से निकल पड़ा। मामला रायबरेली जनपद के ऊंचाहार नगर का है। पीड़ित के इस कदम से हर प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

आपको बता दें कि नगर पंचायत के रहने वाले इंद्रेश कुमार बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए पदयात्रा पर निकल चुके हैं। उन्होंने बताया कि नगर की सरकारी





और सार्वजनिक जमीनों पर भूमाफिया का कब्जा है। अधिकारी कोई सुनने को तैयार नहीं है। तालाब की जमीन और कब्रिस्तान, ऊसर, बंजर जैसी सरकारी जमीन अब असुरक्षित हो गई है। यहां तैनात उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने भूमाफिया से सांठगांठ कर ली है और शिकायत करने के नाम पर आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह कुछ दिन पहले सार्वजनिक भूमि के लिये धरने पर भी बैठा था। जिस पर अधिकारियों द्वारा कहा गया कि अवैध कब्जे धारकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, खानापूर्ति के लिये तहसीलदार ने नहर किनारे बसने वालों का ही आशियाना उजाड़ दिया। जिसके बाद से वह सभी उसके दुश्मन बन गए। इंद्रेश ने कहा कि तालाब की जमीन गाटा संख्या 4040,4036,4043 कब्रिस्तान की गाटा संख्या 3702 है। जो बस स्टॉप पर है, उस जमीन पर भी अवैध निर्माण शुरू है। उसका कहना है कि वह सीएम से मिलने के लिये पैदल ही निकला है। अब वह इसके बारे में उन्हें ही अवगत कराएगा।

## अलग-अलग मामलों में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई के अंतर्गत गैर जनपदीय समेत तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार हुए ।जो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सलोंन कोतवाली पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चला कर कार्रवाई कर रही है ।जिसके कर क्रम में पॉस्को एक्ट में वांछित गैर जनपदीय अभियुक्त विकास यादव निवासी भरतपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को रसूलपुर के पास,वही गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त निलेश पुत्र हरिश्चंद्र निवासी पवइया थाना सलोन को सम्राट ढाबा बाईपास के पास व राहुल पुत्र छोटेलाल निवासी मुर्तजा नगर थाना सलोन को सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार व नवीन ने तरकोलवा सई नदी के पास से गिरफ्तार किया ।तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

## पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बचाई गई सभी की जान

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

19 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय आते समय सुहागिन पुरवा चौराहे के पास गुजरते समय देखा गया कि मोटर साइकिल व ई-रिक्शा एक्सीडेंट में 06 लोग घायल हैं और कराह रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा से घायल कुल 06 लोगों (जिनमें मोटर साइकिल पर सवार 01 पुरुष व ई-रिक्शा पर सवार 01 महिला, 04 बच्चे) को एसपी स्कोर्ट से उचित उपचार हेतु अस्पताल भेजकर सभी की जान बचाई गई। एक्सीडेंट में घायल व्यक्तियों के परिजनों को सूचित



किया गया, परिजनों के आने तक घायलों के उचित उपचार हेतु पुलिस बल को इस निर्देश के साथ नियुक्त किया गया कि स्वास्थ्य टीम से बेहतर समन्वय स्थापित कर घायलों के उचित उपचार का पूर्ण प्रबन्ध कराएं । दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु रुप से संचालित कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान आने जाने वाले काफी लोग मौके पर आ गये, जिनके द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के इस मानवतापूर्ण कार्य की सराहना की गयी।

# जमीन पर अवैध कब्जा रोकने को एसपी से लगाई गुहार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जाफराबाद निवासी जाहिदा बेगम ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है। उन्होंने एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वह रेड़वलिया में 1998 से संक्रमणीय भूमिधर के रूप में वैध काबिज हैं। बावजूद इसके, विपक्षी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

जाहिदा बेगम ने अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने 1998 में रेड़वलिया में जमीन का बैनामा करवाया था। उस जमीन पर उन्होंने तीन फीट नींव भी डाली थी। हालांकि, विपक्षीगण शशि करन (पुत्र ज्ञान सिंह) और



शाहिद अली उर्फ अब्दुल रज्जाक उर्फ छेदी (पुत्र शाबान), जो जाफराबाद निवासी और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति बताए जा रहे हैं, उस जमीन पर कब्जा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र में जाहिदा बेगम ने आरोप लगाया है कि विपक्षीगण उनकी जमीन की नींव को तोड़कर जबरन निर्माण कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो विपक्षीगण ने उन्हें गालियां दीं और मारपीट की धमकी दी। विपक्षीगण पर यह भी आरोप लगाया गया है कि वे जाफराबाद में गाटा संख्या 369 (खलिहान की भूमि) पर भी अवैध कब्जा किए हुए हैं और तहसील उतरौला के पांच बड़े भू-माफियाओं में उनका नाम शामिल है। उनके खिलाफ थाना उतरौला और थाना रेहरा बाजार में करीब 15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जाहिदा बेगम ने अपनी शिकायत उपजिलाधिकारी उतरौला, थाना रेहरा बाजार, और पुलिस उपाधीक्षक उतरौला को भी दी है। लेकिन, अभी तक विपक्षियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जाहिदा बेगम ने पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि उनकी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण को रोका जाए। साथ ही, विपक्षियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर उन्हें न्याय प्रदान किया जाए।

## सादुल्लानगर बाजार में नहीं है शौचालय, आधी आबादी हो रही परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सादुल्ला नगर बाजार क्षेत्र का एक व्यस्त व्यापारिक केंद्र है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते यहाँ आने वाले लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खासकर, बाजार में शौचालय न होने से महिलाएं और लड़कियां अधिक असुविधा झेल रही हैं।

बाजार में खरीदारी करने आई कई महिलाओं ने बताया कि शौचालय की सुविधा न होने के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हम बाजार आते हैं, लेकिन कई बार प्राकृतिक जरूरत होने पर बड़ी दिक्कत होती है। हमें आसपास के घरों में या फिर दुकानों में जाकर मदद मांगनी पड़ती है, एक महिला ने अपनी व्यथा साझा की।

**व्यापारियों की प्रतिक्रिया:** बाजार के स्थानीय व्यापारी भी इस समस्या को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि शौचालय न होने से ग्राहक बाजार में अधिक देर तक नहीं रुक पाते, जिससे उनके व्यापार पर भी असर पड़ता है। कई दुकानदारों ने स्थानीय प्रशासन से इस समस्या को हल करने की अपील की है।

**स्वच्छता और स्वास्थ्य पर असर:** शौचालय की कमी न केवल असुविधा का कारण बन रही है, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। महिलाएं और अन्य लोग मजबूरी में अस्वास्थ्यकर स्थानों का उपयोग करने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# मॉर्डन इंटर कालेज में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन

**बलरामपुर बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे विद्यालय के बच्चों के मध्य कला, मेहंदी, रंगोली एवं कलश प्रतियोगिता से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्त, सचिव। मनीष तुलास्यान, प्रबंधक जे. पी. एस. तोमर उपाध्याक्ष विवेक अग्रवाल व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर चार सदनों में विभाजित विद्यालय के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइमरी जूनियर व सीनियर संवर्ग के चारो सदनों के प्रतिभागियो ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। प्रतिभगियों ने अपने कौशल से निर्णायकों को अपने पक्ष में करने का भरपूर प्रयास



किया। निर्णायकों ने बच्चों की प्रतिभा का परख कर उनका मूल्याकन किया। जूनियर संवर्ग में आदर्श भारती विवेकानंद सदन के, ने प्रथम स्थान, विवेकानंद के ही हुमैरा मिर्ज़ा ने द्वितीय स्थान व रवींद्र नाथ टैगोर सदन की अवनी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर संवर्ग में स्मिता श्रीवास्तव, विवेकानंद सदन की ने प्रथम स्थान, चंद्रशेखर आजाद सदन के अफीफ अलबद्र ने द्वितीय स्थान व विवेकानंद सदन की अंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलश प्रतियोगिता में प्राइमरी संवर्ग में विवेकानंद सदन की खुशी कसौधन ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन के अलीफ़शा ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर सदन के शिव किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर संवर्ग में चंद्रशेखर सदन की अनन्या ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की गार्गी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की सुमैया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर संवर्ग में चंद्रशेखर आजाद सदन की मानसी वर्मा ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन की साक्षी तिवारी ने द्वितीय स्थान व रवींद्रनाथ टैगोर सदन की पूनम पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में जूनियर संवर्ग में विवेकानंद सदन की खनक तिवारी ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की जोया अंसारी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की वंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये मिट्टी के मॉडल की एक आर्ट गैलरी का भी आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका में गीता गौतम प्रवक्ता कला एम पी. पी. इ. का. बलरामपुर व प्रमोद कुमार मिश्र कला अध्यापक सरस्वती विद्या मन्दिर इ. का. बलरामपुर रहे। मेहंदी, कलश व रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में वंदना अग्रवाल, श्वेता तुलास्यान व किरन अग्रवाल रही। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री हेमंत कुमार तिवारी ने निर्णायकों को धन्यवाद ज्ञापित किया व बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉशुचिता चौहान, उमेश चंद्र तिवारी, एस एन त्रिवेदी, बीपी पांडेय, नीतू श्रीवास्तव, ज्योति पांडेय, किरन मिश्रा, प्रदीप्ति जौहरी, शालिनी त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी, गरिमा सिंह शिवांक पांडेय पारस नाथ, अनिल मिश्रा, अवनींद्र, का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## दानव नहीं नशेबाज

बीते सोमवार सुप्रीम कोर्ट ने नशीले पदार्थों के खिलाफलड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफसे इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके। यह तार्किक है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चर्चाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं। जो एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। जो कानून व पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिये धनबल से तमाम तरीके इजाद कर लेते हैं। इसे पंजाब के हालात के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, यह सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के चक्रव्यूह में फंस रहा है। साल की शुरुआत में अत्यधिक नशे की डोज से मरने की घटनाओं से पंजाब हिल गया था। जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए। परिवार का भावनात्मक संबल कई युवाओं को नशे की अंधी गलियों से बाहर निकालने में सहायक होगा। लेकिन नशे के खिलाफअभियान चलाने के बड़े-बड़े दावे करने वाले तंत्र को बरनाला में नशे के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने वाले एक सरपंच की हत्या पर आत्ममंथन करना चाहिए। सोचना होगा कि यदि समाज में नशे के खिलाफ उठने वाली आवाजों को संरक्षण न दिया गया तो लोग नशे के खिलाफ आवाज उठाने से डरने लगेंगे। निश्चित रूप से नशे के खिलाफजन आंदोलन ही स्थिति को बदलने में सहायक होगा। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन के पीछे छिपे बहुआयामी कारकों पर भी मंथन की जरूरत है ताकि पता चले कि क्यों युवा भावनात्मक पलायन के कारण नशा करते हैं।

# विपक्षी एकता की दरकती दीवार और बाबा साहेब का अपमान

**विकास सक्सेना**

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में चार दिनों तक लम्बी चर्चा चली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट लम्बे भाषण में जिस तरह से तथ्यों और तर्कों को रखा उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुंह छिपाना मुश्किल हो रहा था। अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका।

राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं।

दरअसल, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस आक्रामक अंदाज में कांग्रेस को घेरा, उसने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने अपने भाषण में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि किस तरह कांग्रेस की सरकारों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक के कार्यकाल में निजी और राजनैतिक हित साधने के लिए संविधान में बदलाव किए। उन्होंने पहले संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि इसके जरिए देश के आम लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने अदालत से उनके खिलाफ आए एक फैसले के बाद अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगा दिया और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए। राजीव गांधी ने तो वोटबैंक के लालच में शाहबानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को ही पलट दिया गया। इसके उलट मोदी सरकार ने पिछले दस साल के शासनकाल में संविधान में जो भी संशोधन किए हैं उनका उद्देश्य देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मोर्चे पर मजबूत बनाना रहा है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं के आरक्षण देने, पूरे देश में एक समान कर प्रणाली (जीएसटी) लागू करने और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी करने जैसे कई संविधान संशोधनों का जिक्र किया।



भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई। यहां तक कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खुद जाकर प्रचार भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तार्किक आरोपों से बौखलाए कांग्रेसियों ने राज्यसभा में अमित शाह के भाषण से 12 सेकेण्ड की एक वीडियो क्लिप निकाली जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं 'आजकल एक नया फैशन चला है, आम्बेडकर, आम्बेडकर, आम्बेडकर। इतना नाम यदि भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता

भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई। यहां तक कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खुद जाकर प्रचार भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तार्किक आरोपों से बौखलाए कांग्रेसियों ने राज्यसभा में अमित शाह के भाषण से 12 सेकेण्ड की एक वीडियो क्लिप निकाली जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं 'आजकल एक नया फैशन चला है, आम्बेडकर, आम्बेडकर, आम्बेडकर। इतना नाम यदि भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' कांग्रेस और उससे जुड़ा प्रचार तंत्र मौके का लाभ उठाने के लिए इस वीडियो क्लिप को बहु प्रसारित (वायरल) करने में जुट गया। भाजपा और मोदी के विरोध में वातावरण तैयार करने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए अमित शाह पर राजनैतिक हमले शुरू कर दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर आ गए। इसी तरह अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी अमित शाह के बयान की तीखी आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो बाकायदा पत्रकार वार्ता करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किया जाए। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के हमले झेल रहे अमित शाह भी शाम के समय पत्रकारों के बीच आए लेकिन वे किसी तरह से बचाव की मुद्रा में दिखाई नहीं दिए। कांग्रेस पर 'सत्य को झूठ के कपड़े पहनाकर' लोगों का भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद पत्रकारों से उन्होंने एक ही अपील की कि वे उनके पूरे भाषण को लोगों के सामने रखें, इसे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

सोशल मीडिया के इस युग में किसी भी सच्चाई को ज्यादा समय से छिपा कर रख पाना संभव नहीं है। खासतौर पर तब जबकि राज्यसभा में दिया गया भाषण तमाम स्थानों पर सहज रूप से उपलब्ध है। दरअसल, अमित शाह के भाषण की 12 सेकेण्ड की जो वीडियो क्लिप बहु प्रसारित की जा रही है उसके आगे के अंश में वे कह रहे हैं... डॉ. आम्बेडकर का सौ बार और नाम लो लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि उनके बारे में आपकी भावनाएं क्या हैं, वो ज्यादा जरूरी हैं। मैं आपको बता दूं कि जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार से असहमति के बाद बीआर आम्बेडकर को पहले मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देना पड़ा था। आम्बेडकर जी ने कई बार कहा था कि मैं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हुए व्यवहार से असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। इसलिए वह पद छोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें आश्वासन दिया गया और जब वह पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया।' ऐसे में जो राजनैतिक विश्लेषक ये अनुमान लगा रहे हैं कि बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता की दरकती दीवार बच जाएगी उन्हें समझना होगा कि अमित शाह के भाषण के इस अंश को सुनने के बाद आम्बेडकर समर्थक समझ जाएंगे कि अमित शाह असल में क्या कह रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस का तनिक भी बचाव कर पाना संभव नहीं है। इसके अलावा लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और अखिलेश यादव के राहुल गांधी एवं कांग्रेस को निशाने पर लेने की असल वजह मुस्लिम वोटबैंक है जो इन क्षेत्रीय दलों की राजनीति का आधार है। हाल ही में हुए हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव नतीजों से साफ हो चुका है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो भी बढ़त दिखाई दी थी उसका कारण मुस्लिम वोटों का उसके पाले में जाना था। ऐसे में ये क्षेत्रीय नेता कभी नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस उनके इस वोटबैंक में सेंध लगाकर मजबूत हो। इसीलिए इन नेताओं ने राहुल गांधी पर सवाल उठाने शुरू किए हैं। ऐसे में बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर वे कांग्रेस के साथ ज्यादा दूर तक चलेंगे इसकी संभावना नहीं है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# रासायनिक खादों के खतरे और जैविक विकल्प

*पवन नागर*

मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में किसानों के सामने खाद की किल्लत एक गंभीर समस्या बन गई है। हर साल जब रबी सीजन की शुरुआत होती है, तब किसान अपनी फसलों के लिए जरूरी खादों की तलाश में परेशान हो जाते हैं। अक्टूबर और नवंबर महीने के समाचार-पत्रों के अनुसार, डीएपी (डाई अमोनियम फॉस्फेट) खाद की भारी कमी और उसकी कालाबाजारी के कारण किसानों ने जगह-जगह चक्काजाम तक कर दिए हैं। कई जगहों पर लंबी-लंबी कतारें लगती हैं और किसान इस खाद को पाने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं, लेकिन यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।

सरकार और किसानों के बीच संवाद की कमी और इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदमों की नितांत आवश्यकता है। कृषि में रासायनिक खादों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। विशेष रूप से श्डीएपीश् खाद, जिसका उपयोग बीजों के साथ मिलाकर किया जाता है, फसलों की जड़ें मजबूत करता है और पौधों को बढ़ने में मदद करता है। गेहूं, चना, मसूर जैसी रबी फसलों के लिए यह खाद अत्यधिक आवश्यक है। इस खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और अगर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो यह खाद संकट और भी विकराल रूप ले सकता है। हालांकि, सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है, फिर भी पिछले 10 वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है। किसान अभी भी रासायनिक खादों के इस्तेमाल पर निर्भर हैं, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि हमारे देश की मिट्टी दिन-ब-दिन उर्वरता खोती जा रही है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल से मिट्टी की जलधारण क्षमता में कमी आ रही है, जिससे भूमिगत जल-स्तर में भारी गिरावट आई है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट के कारण यह स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। कृषि में रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग, विशेष रूप से यूरिया और डीएपी न केवल किसानों के लिए आर्थिक संकट पैदा करता है, बल्कि यह देश की कृषि नीति और पर्यावरण के लिए भी खतरा है। यह खाद आयात की जाती है और उस पर भारी सब्सिडी दी जाती है, जिससे सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यदि रासायनिक खादों के उपयोग को नियंत्रित किया जाए, तो सरकार का भारी खर्च बच सकता है, साथ ही किसानों को भी इन खादों की कालाबाजारी से मुक्ति मिल सकती है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार को एक ठोस योजना बनानी चाहिए, जिसके तहत हर किसान से कम-से-कम एक एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया जाए। यह योजना न केवल खाद की किल्लत को खत्म करने में मदद करेगी, बल्कि किसानों को शुद्ध और पोषणयुक्त खाद्यान्न भी उपलब्ध कराएगी, जिससे उनकी सेहत में सुधार होगा और उन्हें रासायनिक खादों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। आइए, अब एक उदाहरण से समझते हैं कि प्राकृतिक खेती से किस तरह से रासायनिक खादों की खपत कम की जा सकती है। मान लीजिए कि देशभर में 14 करोड़ किसान हैं और प्रत्येक किसान अपने एक एकड़ खेत में 150 किलोग्राम डीएपी खाद का इस्तेमाल करता है। यदि एक किलोग्राम डीएपी की कीमत 27 रुपये है, तो एक किसान को 150 किलोग्राम डीएपी खरीदने के लिए 4050 रुपये खर्च करने होंगे। यदि हम पूरे देश की 14 करोड़ एकड़ भूमि पर इसका हिसाब करें, तो कुल खर्च 56,700 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसी तरह, यूरिया खाद का भी व्यापक उपयोग हो रहा है। यदि प्रत्येक किसान 300 किलो यूरिया प्रति एकड़ इस्तेमाल करता है, तो उस पर भारी खर्च हो रहा है। यदि इसे जोड़ दें तो कुल मिलाकर 79,212 करोड़ रुपये का खर्च रासायनिक खादों पर हो रहा है। इस समस्या का समाधान एक साधारण योजना के माध्यम से किया जा सकता है। अगर किसान अपने एक एकड़ खेत में प्राकृतिक खेती करने के लिए राजी हो जाते हैं, तो न केवल खाद पर होने वाले खर्च में भारी कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी योगदान मिलेगा। इस प्रकार सरकार को किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें इस दिशा में सहायता देने के लिए ठोस योजना बनानी चाहिए। प्राकृतिक खेती के लिए सरकार को एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करना चाहिए, जिसमें कुछ चयनित जिलों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का उपयोग पूरी तरह से बंद कर दिया जाए। इसके अलावा किसानों को इस योजना में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा सकती है। प्राकृतिक खेती से जुड़े खर्चों की भरपाई के लिए सरकार किसानों को सम्मान निधि या अन्य वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती है, ताकि वे इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस योजना का न केवल किसानों पर सकारात्मक असर होगा, बल्कि पर्यावरण और हमारे जीवन स्तर पर भी इसके फायदे होंगे। अगर हम अब भी रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल करते रहेंगे, तो हमारा भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए हमें सरकार और किसान दोनों की ओर से कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। अगर देशभर में कम-से-कम एक एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, तो यह कृषि क्षेत्र के लिए एक नया मोड़ साबित हो सकता है। इसके अलावा, जब किसान इस बदलाव को समझेंगे और इसके लाभ को देखेंगे, तो वे खुद भी रासायनिक खादों का प्रयोग कम करने के लिए प्रेरित होंगे। इस तरह, अगर सरकार और किसान मिलकर प्राकृतिक खेती की दिशा में कदम बढ़ाते हैं, तो न केवल खाद की किल्लत खत्म होगी, बल्कि देश का पर्यावरण भी संरक्षित रहेगा और हम एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की ओर कदम बढ़ा सकेंगे। किसानों के सामने खाद की किल्लत, रासायनिक खादों का अंधाधुंध इस्तेमाल और उसके दुष्परिणामों को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। इस दिशा में ठोस कदम उठाने से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, बल्कि पर्यावरण की स्थिति भी सुधरेगी। सरकार और किसानों के साथ मिलकर अगर यह कदम उठाया जाए तो हम खाद संकट से निकल सकते हैं और एक स्वस्थ, खुशहाल और आत्मनिर्भर राष्ट्र की ओर बढ़ सकते हैं।




साहित्य



## कहाँ से लाते हो अल्फाज

**दीपक सिंह**

कहाँ से लाते हो अल्फाज,
हे राजनीति के सरताज।
भारत माँ के विरोधियों के,
क्यों शीश नहीं काटते,
जो देश को चला रहे
अंदर के गुनहगार
कहाँ से लाते हो अल्फाज,
हे राजनीति के सरताज।
नीति चले दिमाग से,
पर शासन चले तलवार से
जो हर वक्त दंश लगा रहे
तैयार बैठे गुनहगार
कहाँ से लाते हो अल्फाज,
हे राजनीति के सरताज।
आकर्षण बोली धार से
वक्त पड़े तौबा कर ली
भ्रष्ट कुचरित्र कुपात्र,
लोगों की निन्दा कर ली।
फंदे ना पड़े इनके गले में,
ये कैसी सरकार।
कहाँ से लाते हो अल्फाज,
हे राजनीति के सरताज।
कार्य एवं स्वच्छ चरित्र,
अनुच्छेद उत्तरदायी हो।
सत्य एवं संविधान के
प्रति उत्तरदायी हो।
विवेकानन्द की वाणी को,
क्यों न बनाते नीतिआधार।
कहाँ से लाते हो अल्फाज,
हे राजनीति के सरताज।



## राशिफल

**मेषः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# कोई बताए कि एक देश एक चुनाव में क्या कमी है

*आर. के. सिन्हा*

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में एक देश-एक चुनाव का विचार ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की बंटी हुई राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है, संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश-एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि एक देश, एक चुनाव से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेन्द्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। साथ ही बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

एक देश-एक चुनाव के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस समय टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनाव में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी।

यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि एक देश एक चुनाव को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर और ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एजेंडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिले के सभी अल्ट्रासाउन्ड सेंटरों का हर माह निरीक्षण करेंगे एसडीएमः डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी की बैठक संपन्न**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संचालित जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का प्रत्येक माह निरीक्षण करके उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए। जनपद में किसी भी दशा में अवैध विना पंजीयन के अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं संचालित होने चाहिए । कहा कि यदि कहीं पर भी इस प्रकार के अवैध केंद्र संचालित हो तो उसके बारे में लोग उन्हें सीधा सूचना दे सकते हैं । कहा कि सभी केंद्र नियमानुसार संचालित होने चाहिए। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण का लिंग परीक्षण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए ।उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नियमों के अनुरूप नही चल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सर्वे कर अवैध फर्जी डायग्नोस सेंटर पैथालांजी नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे सभी फर्जी पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाए जो मानक एवं नियमों के अनुरूप नहीं है।

## ससुरालियों ने महिला को घर से निकाला, पुलिस से लिखित शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज में सात लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर महिला ने ससुरालियों पर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। मप्र के नौगांव निवासी प्रभा अहिरवार ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी 24 को उसकी शादी जीतेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह राजावत के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी की दूसरी विदाई में ससुरालीजन दहेज में सात लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर पति, ससुर व सास मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। बताया कि उसके ससुर ने दो शादियां की है। आरोप लगाया कि उसका पति भी दो शादियां कर चुका है। तीसरी शादी उसके साथ की है। बताया कि ससुरालीजन मकान बेचने की फिराक में है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**सुमेरपुर चकबंदी**

# राजस्व परिषद से नक्शा लाए चकबंदी टीमः जिलाधिकारी

**सुमेरपुर चकबंदी प्रक्रिया तीसरी बार शुरु होने की सुगबुगाहट, भू माफिया चकबंदी में बने थे रोड़ा, चकबंदी कर्मियों की भी खुलेगी कलई**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के सुमेरपुर कस्वे के आसपास होने वाली चकबंदी दो बार निरस्त हो चुकी है नगर पंचायत सुमेरपुर के चेयरमैन का प्रयास से चकबंदी कराने की फिर से सुगबुगाहट शुरु हो गयी है, यहां तक कि चकबंदी क्षेत्र में हजारो एकड़ जमीन का नक्शा उपलब्ध न होने व भू माफियाओं के सक्रिय होने के कारण चकबंदी प्रक्रिया की शुरुआत नहीं हो पा रही है। इधर चेयरमैन ने जमीन का नक्शा उपलब्ध कराने के लिये राजस्व परिषद को दो मर्तवा पत्र लिखा है। वहीं परिषद के आदेश पर जिलाधिकारी ने कमेटी गठित कर राजस्व परिषद से उपलब्ध कराने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर ब्लाक के चकबंदी प्रक्रिया की शुरुआत व बाद में बंद होने के मामले की चर्चा शासन स्तर पर होती है। चकबंदी प्रक्रिया शुरुआत होकर आधी अधूरी होने के बाद लोगो के एतराज करने पर दो मर्तवा बंद हो चुकी है। हालाकि चकबंदी विभाग के कर्मियों ने इस मामले में जमकर गबड़िया की है लिहाजा विभाग के कर्मी भी नही चाहते की यहां पर चकबंदी की शुरुआत हो सके। मजे की बात यह है कि वर्ष 2003-4 का नक्शा अभी तक चकंबदी विभाग संबंधित जमीन का उपलब्ध नही करा पाया है। इसके लिये नगर पंचायत सुमेरपुर धीरेंद्र शिवहरे ने राजस्व परिषद के आयुक्त को दो मर्तवा पत्र लिखकर नक्शा उपलब्ध कराने को कहा है। राजस्व परिषद ने मामले को गंभीरता से लेते हुये जिला प्रशासन को कड़ा पत्र लिखकर नक्शा उपलब्ध कराने के आदेश दिये है,चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे का कहना है कि नक्शा रुड़की से लाकर शासन को उपलब्ध कराया गया है। मगर चकबंदी विभाग की अरुचि के चलते नक्शा जिले में नहीं लाया जा रहा है।

गुरुवार को चेयरमैन ने जिलाधिकारी से मिलकर नक्शा उपलब्ध कराने को लेकर मिले। जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के आदेश कर इसके लिये एक कमेटी गठित कर नक्शा राजस्व परिषद से लाने को कहा है ताकि चकबंदी की शुरुआत फिर से तीसरी मर्तवा हो सके। मामले को लेकर चकबंदी विभाग में हड़ कंप मचा है कई कर्मियों के चेहर बेनकाब हो सकते है। कस्वा वासियों का कहना है कि ज्यादातर भूमाफिया नजूल की भूमि पर कब्जा किये हुये है जिसके चलते चकबंदी प्रक्रिया की शुरुआत नहीं होने देते कभी स्टे ले आते तो कभी लोगों से चकबंदी न चाहने का अर्जी लगवा देते है। इधर फिर से चकबंदी की सुगबुगाहट शुरु हो गयी है जिससे गरीब किसानों के चेहरे खिल गये है। वहीं चकबंदी अधिकारी का कहना है कि शासन का जैसा निर्देश होगा उसकी प्रकार काम किया जायेगा।

## जांच में प्रथम दृष्टया मिली भारी अनियमितताएं, अस्पताल के भोजन टेंडर की जांच शुरू

**हमीरपुर।** जिला महिला व पुरुष अस्पताल में गरीबों को दिये जाने वाले भोजन में की जा रही धांधली का जांच शुरु हो गयी है। महिला अस्पताल से तीन साल के मांगे गये भोजन टेंडर में प्रथम दृष्टया भारी अनियमितताएं पायी गयी है। पहले साल 2022-23 के टेंडर में जेम पोर्टल से टेंडर नहीं किये गये है। वहीं दूसरी व तीसरी साल के टेंडर के जेम पोर्टल के हर पन्ने में ठेकेदार ने अपने हस्ताक्षर किये है जब कि उसमे सीएमएस के हस्ताक्षर होना चाहिये। टेंडर में कई लोगो के कुटेशन लगे होना चाहिये जिसमे नहीं है। इससे पहली नजर में धांधली देखने को मिल रही है जांच अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय कुमार का कहना है कि अभिलेख अभी सरसरी निगाह से देखे गये है। धीरे-धीरे सभी अभिलेख देखे जायेंगे यदि ज्यादा धांधली निकलेगी तो ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। इधर जिला पुरुष अस्पताल के अभिलेख नही आये है जब कि कई दिन पहले अभिलेख आ जाने चाहिये थे।

## खबरें एक नजर में

### ऑटो की टक्कर से बाइकसवार पिता-पुत्री घायल, दोनों को किया गया जिला अस्पताल रेफर



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना रेवना क्षेत्र के बारा दौलतपुर गांव के पास ऑटो की टक्कर से बाइकसवार पिता पुत्री घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से घाटमपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के छाजा निवासी अनिल कुमार अपनी पुत्री के साथ मोटरसाइकिल द्वारा गांव आ रहा था, कि तभी बारा दौलतपुर मोड़ के पास ऑटो से टक्कर लग गई। हादसे के बाद ऑटो चालक भाग निकला।

### चोरों ने महिला का पर्स चोरी किया, चोर-उच्चके हुये सक्रिय, पुलिस निष्क्रिय

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में चल रहे मेला में शिवनी गांव की महिला का पर्स अज्ञात चोर ले गए। जिसमे महिला की नकदी व मोबाइल था। काफी खोजबीन के बाद भी महिला का पर्स नही मिला। कस्बा में मंडी समित के समीप चल रहे मेला में कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं की भीड़ रहती है। जिसमे चोर भी सक्रिय हो गए है। महिलाओं की भीड़ में सामान खरीद रही महिला रोशनी पत्नी प्रमोद का पर्स किसी ने पार कर दिया। महिला ने बताया कि पर्स में बारह सौ रुपया नकद व मोबाइल था। काफी खोजबीन करने के बाद भी महिला का पर्स नही मिल सका। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती मेला स्थल पर की गई है। लेकिन वह एक जगह बैठे रहते है जिससे चोरी करने वाले सक्रिय हो गए है महिला मायूस होकर अपने घर को लौट गई। गुरुवार का दिन होने के कारण साप्ताहिक बाजार रहता है। जिससे भीड़ अधिक थी। जिससे महिलाओं की भीड़ में चोरी करने वाले भी सक्रिय हो गए है।

### सुशासन सप्ताह में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम पंचायत पनवाड़ी के सचिवालय में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल योजना, राशन कार्ड, फैमिली आईडी आदि सहित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया गया है। बैठक में ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी, सचिव निर्देश पटेल, अरविंद्र तिवारी, समाज कल्याण ग्राम विकास अधिकारी आशीष आदि उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी ने फैमिली आईडी के सत्यापन कराने का सभी से आह्वान किया है। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित ने न्याय की आस में एसपी से लगाई गुहार


**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस व राजस्व विभाग की उपेक्षा व उदासीनता के चलते जमीन सम्बन्धी विवाद उग्र रूप धारण करते जा रहे है।कई जगह तो खूनी संघर्ष की नौबत आ जाती है। वहीं दबंग बेखौफ होकर ताकत के बल पर अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहे है, जबकि कार्यवाही को लेकर पीड़ित दर-दर की ठोकरें खाते फिर रहे है। ताजा मामला सादुल्ला नगर थाना क्षेत्र के ग्राम अचलपुर चौधरी का है। यहां के रहने वाले रामू पुत्र सोमई ने पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसके जमीन गाटा संख्या 668 पर स्थानीय थाना क्षेत्र के मनुवागढ़ निवासी सुदामा ने पैसे के दम पर और कानूनगो के सह जबरदस्ती जमीन कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहे हैं।इस पर उसने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी, इसके बाद भी विपक्षियों ने जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होने पर जब उसने इसका विरोध किया, तो विपक्षियों ने न केवल उससे गाली गलौज कर अभद्रता की, बल्कि जान से मारने को भी धमकाया। पीड़ित ने कार्रवाई की गुहार लगायी है।

### काशी विद्यापीठ में अमित शाह का पुतला फूंकने की कोशिश

**वाराणसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मामले में विपक्ष लगातार प्रदर्शन कर रहा है। जहां संसद में आज राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने नीला कपड़ा पहनकर विरोध दर्ज कराया। वहीं वाराणसी में समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने अमित शाह का पुतला फूंकने की कोशिश की। जिसे मौके पर मौजूद पुलिस ने नाकाम कर दिया । इस दौरान पुलिस और छात्रों में धक्का मुक्की भी हुई। समाजवादी छात्रसभा के नेता और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विमलेश यादव ने कहा- जिस तरह से संसद में गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया वह अक्षम्य है। बाबा साहब ने देश का संविधान बनाया और पूरा देश उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखता है। लेकिन गृहमंत्री का संसद में उद्बोधन भाजपा और उनकी मनोदशा को दर्शाता है। ऐसे में आज हम सभी ने उनका पुतला फूंकने की कोशिश की थी। पुतला लेकर संपूर्णानंद हॉस्टल से प्रशासनिक भवन की तरफ बढ़ रहे छात्रों को पुलिस ने रोका और उनसे हल्के बल प्रयोग के बाद पुतला छीन लिया। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस जीप में बैठकर हिरासत में लेते हुए सिगरा थाने ले आई है।

# वाहन की टक्कर से बाइकसवार दो युवकों की मौत, बाइक से गांव लौट रहे थे दोनों दोस्त

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**





हमीरपुर रोड गुंदेला तिराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाने गुंदेला गांव निवासी 50 वर्षीय स्वतंत्र सिंह पुत्र भारत सिंह अपने साथी 48 वर्षीय महीपत पुत्र बसंत के साथ बाइक पर सवार होकर मुस्करा से वापस अपने गांव गुंदेला लौट रहा था। तभी रास्ते में गुंदेला तिराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार स्वतंत्र सिंह की मौत हो गई है। महीपत को गंभीर हालत में सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई में महीपत ने दम तोड़ दिया।

वहीं मृतक महीपत के स्वजनों ने बताया कि मृतक महीपत मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अपने पीछे मां चंद्रवती व पत्नी राजकुमारी सहित दो पुत्रियों एवं एक पुत्र के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# सहकारी समिति के ग्राम-साखाहारी उर्वरक बिक्री केंद्र का हुआ शुभारंभ

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बी फैक्स नौरंगा सहकारी समिति के ग्राम साखाहारी में 19 दिसंबर दिन गुरुवार को सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कानपुर केपी निगम, ब्लॉक प्रमुख भीतरगांव, अशोक सचान द्वारा ग्राम शाखहारी में सहकारी समिति नौरंगा का उर्वरक बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर भीतरगांव ए.डी.ओ सहकारिता अश्वनी सचान, नौरंगा समिति सचिव सुरेश वर्मा, नौरंगा समिति अध्यक्ष महेंद्र सचान, अनिल सचान, धर्मवीर सचान, सचिन उपाध्यक्ष ओम बाबू मिश्रा, राम सिंह ग्राम विकास अधिकारी रामनरेश पटेल, अमरदीप रोहित सिंह एडी, बरीमेहतैन ग्राम प्रधान राजेश अवस्थी काका, शाखाहारी प्रधान एवं नौरंगा सहकारी समिति स्टाफ अनुज सचान, रवि तिवारी, मानसिंह सहित कई ग्रामों के किसान, समिति सदस्य ग्राम प्रधान सहित मौजूद रहे। शुभारंभ होने के उपरांत किसानो को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उर्वरक यूरिया खाद का वितरण किया गया। ड्रोन विधि द्वारा किसानों के खेतो में नैनो यूरिया का छिड़काव कर नैनो यूरिया प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई एवम खेतो में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की सलाह दी गई। किसानों के सुविधाओं हेतु प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर उर्वरक बिक्री केंद्र समितियां के माध्यम से उपकेंद्र खोलकर उर्वरक खाद बीज ऋण आदि योजनाओं का लाभ मिलाया जाएगा,जिससे किसानों को खाद बीज में दिक्कतों का सामना न करना पड़े, नजदीक के ग्रामों के किसानों ने नए उर्वरक विक्री केंद्र खुलने से खुशी जाहिर की,यूरिया खाद पाकर किसान संतुष्ट नजर आए।

# रेलवे स्टेशन में तिरंगा फहराने सहित अन्य मांगों को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा पहुंचे रेलवे बोर्ड के सदस्य को यहां के उद्योग व्यापार मंडल के लोगों ने रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें यात्रियों सहित आम जन को सुविधा प्रदान करने की मांग की गई है।

भारत उद्योग व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी कस्बा निवासी युवा नेता आसिफ कुरैशी एवं फिरोज पठान के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन लोगों ने रेलवे बोर्ड के सदस्य कमरुद्दीन जुगनू को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि रेलवे स्टेशन से आने जाने वाली प्लेटफार्म संख्या दो में यात्रियों के आने जाने में दिक्कत होती है जिसके लिए निराकरण की मांग की है तथा स्टेशन परिसर में शौचालय सहित पेयजल व्यवस्था की किल्लत से निजात दिलाने एवं राष्ट्रीय पर्वों में तिरंगा फहराने सहित यात्रियों के मनोरंजन हेतु एक पार्क का निर्माण कराने तथा वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामदेव अनस दीबू शोएब निजाम नौशाद सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष ने नगर की समस्याओं से अवगत कराया, एसडीएम के साथ बैठक की



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

व्यापार मंडल की नगर अध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी के साथ बैठक कर नगर की समस्याओं से अवगत कराया। कस्बे के तहसील परिसर में व्यापार मंडल के अध्यक्ष जेके गुप्ता ने नगर की समस्याओं को लेकर व्यापारियों के साथ मिलकर जिला उप जिलाधिकारी के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण शिष्टाचार की बैठक की गई सभी व्यापारियों में व्यापार से संबंधित नगर एवं प्रशासनिक समस्याओं को अवगत कराया नगर अध्यक्ष जेके गुप्ता ने बताया कि बैठक आपसी शिष्टाचार एवं नगर की समस्याओं से संबंधित थी जो संतोष जनक रही उप जिलाधिकारी राजकुमार कुमार गुप्ता ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण पर जोर दिया। इस अवसर पर राकेश सुहाने दिनेश शुक्ला नितिन ओमर संतोष गुप्ता प्रशांत गुप्ता मयंक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी ने सीएम के सामने रखी पनवाड़ी को नगर पंचायत घोषित करने की मांग



**महोबा**

लखनऊ में चरखारी के विधायक ब्रजभूषण राजपूत के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर पनवाड़ी को नगर पंचायत घोषित करने की मांग ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरानी ने रखी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने पनवाड़ी ब्लॉक के तीन महत्वपूर्ण विषयों गल्ला मंडी, खेल मैदान एवं मिनी स्टेडियम की मांग रखी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र विकास के मांग पत्रों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुये शुभकामनाओं प्रेषित कीं।

## मदरसा रहमानिया में जश्न-ए-दस्तारबंदी की तैयारियां पूरी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मौदहा में एक मदरसे में जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन आगामी 25 दिसंबर को होना तय हैए जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। दस्तारबंदी में मदरसे से पढ़कर हाफिज-ए-कुरान बने बच्चों की दस्तारबंदी (विदाई समारोह) की जाएगी। उक्त जानकारी मदरसे के सदर मुदररिस ने देते हुए सभी से दस्तारबंदी को कामयाब बनाने की अपील की है।

कस्बे के मदरसा रहमानिया हलीम मुस्लिम यतीमखाना में आगामी 25 दिसंबर को जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मदरसे से पढ़कर हाफिज-ए-कुरान बने हाफिज मोहम्मद दानिशए हाफिज मोहम्मद इदरीश, हाफिज निज़ामुद्दीन व हाफिज जुनैद अली की दस्तारबंदी (विदाई समारोह) होना है। मदरसे के सदर मुदररिस हाफिज व कारी सनाउल्लह साहब ने जानकारी देते हुए बताया की 25 दिसंबर को रात 8 बजे मदरसा प्रांगण में दस्तारबंदी का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। जिसमें मेहमान-ए-खूशूसी हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती हनीफ बरकाती कानपुर से तशरीफ ला रहे हैं। जबकि दस्तारबंदी की सदारत शहर इमाम मौलाना करामत उल्ला साहब एवं सरपरस्ती रजा मुहम्मद श्रीनाथ करेंगे।

# युद्धस्तर पर चल रहा फार्मर रजिस्ट्री का काम

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

**किसानों और उनके खेतों की जानकारी रखने के लिए कृषि विभाग किसानों की करवा रहा है फार्मर रजिस्ट्री**

वर्तमान में शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है, किसानों और उनके खेतों की जानकारी रखने के लिए कृषि विभाग किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करवा रहा है जिसके तहत किसान अपनी खसरा खतौनी और आधार कार्ड के साथ अपने संबंधित क्षेत्र के पंचायत सहायक लेखपाल रोजगार सेवक आदि से संपर्क करके अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं फार्मर रजिस्ट्री के लिए सरकार द्वारा एक दिसंबर से कैंपों का भी आयोजन किया जा रहा है जो ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्रों और पंचायत में भी आयोजित किए जाएंगे जिनमें पहुंच कर भी किसान फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। इसके साथ ही किसान जन सुविधा केंद्रों में भी जाकर फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री हो जाने के बाद किसानों को गोल्डन कार्ड निर्गत किए जाएंगे जिसमें एक यूनिक आईडी नंबर रहेगा, गोल्डन कार्ड जारी होने से किसानों को किसी योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री होने के बाद बैंक से ऋण मिल जाएगा। प्राकृतिक आपदा होने पर किसानों के नुकसान की जानकारी विभाग को हो सकेगी, जिससे भरपाई जल्द की जा सकेगी। दरअसल, फार्मर रजिस्ट्री के जरिये किसानों का पूरा लेखा-जोखा कृषि विभाग के पास अपडेट हो जाएगा। उप जिलाधिकारी चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि, कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। इसके बाद किसानों को गोल्डन कार्ड जारी किए जाएंगे, जिससे किसानो को कई तरह के लाभ मिलेंगे, किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करवाना अनिवार्य है वरना उनकी किसान सम्मान निधि रोक दी जाएगी।

# सीएचसी जैतपुर में हुई 55 महिलाओं की सफल नसबंदी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद महोबा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर पर लगे महिला नसबंदी शिविर में 55 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर पर परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 67 महिलाओं ने पंजीकरण करवाया था। इसमें नसबंदी के लिए 55 महिलाओं को चिन्हित किया। राजकीय सर्जन डॉक्टर आर जी शंखवार और दूसरी टीम के सर्जन डॉ.जीसी वर्मा द्वारा सभी महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र से मरीजों को ऑपरेशन के बाद घर भेजने के लिए एंबुलेंस के द्वारा भेजा जाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष तिवारी ने बताया कि अधिक से अधिक नसबंदी कराए जाने को महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सबसे ज्यादा नसबंदी करवाने के लिए प्रेरित करने बाली आशा, एएनएम, सीएचओ को कहा गया है। इसके चलते पिछले माह के शिविर में 258 सफल ऑपरेशन किए गए। शिविर में वीसीपीएम शिवचरण पाल, शैलेन्द्र सेंगर,मनोज रावत, अभिषेक चौबे सहित सीएचसी जैतपुर का स्टाप मौजूद रहा।

# पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों पर करें फोकस: डीएम

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के संबंध में आयोजित हुई बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि नवम्बर माह में 29 मामलों में सजा हुई है। पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों पर फोकस किया जाये। महिला संबंधित प्रकरण के अपराधी को सजा दिलाना सरकार की प्राथमिकता में है। महिला उत्पीड़न एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित अपराधों की पैरवी कर सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये। जनपद स्तर तथा थाने स्तर पर जो बड़े अपराधी है। उनके मुकदमो की पैरवी करके सजा दिलाई जाये। इसी प्रकार राज्य स्तर के बड़े अपराधी, जिनका प्रकरण यहां पर चल रहा है। पैरवी करके सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये। किसी भी अपराधी को छोड़ा न जाये, विधिक के जो प्राविधान है उसका शत- प्रतिशत पालन किया जाये। अपराधियों का घर जेल है। उन्हें जेल में ही रखा जाये। मेडिकोलीगल में चयनित चिकित्साधिकारियों को बेहतर क्वालिटी के साथ अच्छा प्रशिक्षण दिया जाये। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार जो एससी/ एसटी के मुकदमें में मुआवजा लेने के उपरान्त समझौता कर लेते है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर मुआवजे की धनराशि रिकवरी की जाये। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले प्रकरणों की पैरवी कर सजा दिलाई जाये।

जनपद में नकली दवा की बिक्री पर रोक लगाई जाये। जनपद में संचालित दुग्ध डेयरी की जांच टीम गठित कर की जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व शासकीय अधिवक्ता रहे।

## जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंप कर मनोनयन पत्र सौंपा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एसीजेएम कोर्ट कंपाउंड में कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्षराजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट ने एक बैठक की बैठक में महेंद्र कठेरिया ,सुभाष चंद्र उर्फ बल्लू कठेरिया, जतिन कठेरिया को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंप कर मनोनयन पत्र सौंपाऔर उनको 5 जनवरी 2025 को कठेरिया समाज के प्रथम आईएएस अधिकारी निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष लोकसभा उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, स्वर्गीय रमेश चंद्र कठेरिया जी की जयंती के अवसर पर लोक भारती इंटर कॉलेज के गेस्ट हाउस में होने वाले कठेरिया समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिक (सेवानिवृत्त) सम्मान समारोह की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों को निर्देश देते बीडीओ उमाशंकर साहू

19 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम संचालित किए जा रहे। इस दौरान जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जन-शिकायतों के निस्तारण तथा विभिन्न विभागों की सेवाओं की मौके पर ही उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सभी विकास खंडों के अंतर्गत बहुद्देश्यीय शिविर आयोजित करने के साथ ही सभी न्याय पंचायतों व ग्राम पंचायतों के स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

इसीक्रम में गुरुवार को विकास खंड गुगरापुर सभागार में सुशासन सप्ताह मनाया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को बताया गया कि प्रशासन गाँव गाँव में आपके साथ है। और जनशिकायतो का निस्तारण शिकायत करता से मिलकर ही गुणवत्ता पूर्ण ही शिकायत का निस्तारण किया जाए। खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने बताया कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है कि गांव की समस्या को गांव में ही गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने एडीओ पंचायत और सभी सचिवों को निर्देश दिए कि इस अभियान के दौरान गांव- गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। कि ग्रामीणों को अपने आवेदन के समाधान के लिए विकासखण्ड कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

**सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने विधान परिषद में उठाया सवाल**

# बंद पड़े कैंसर व कार्डियो अस्पताल, कब होगें शुरू

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



विधान परिषद में मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उठाते सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा

सपा शासन के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज कैम्पस में 300 करोड़ की लगात से बने कैंसर अस्पताल व हृद्य रोग अस्पताल के आठ साल बाद भी शुरू न हो पाने को लेकर समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने विधान परिषद में सवाल उठाया है। उन्होने चिकित्सा शिक्षा मंत्री व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से इसका जबाव मांगा है। एमएमसी आशुतोष सिन्हा ने विधान परिषद में सवाल उठाते हुए कहा कि यह दोनो अस्पताल बर्ष 2016 में बनकर तैयार हो गए थे। आठ साल का समय हो चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक दोनो अस्पतालों के लिए न तो पद का सृजन हुआ है और न ही जरूरी सामान खरीदने के लिए कोई बजट स्वीकृत हुआ है। दोनो अस्पतालों के साथ इस बजह से भेदभाव हो रहा है कि कन्नौज से अखिलेश यादव सांसद है। उन्होने कहा कि वह पिछले छह माह के दौरान दो बार राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज गए है। मेडिकल कॉलेज के शौचालय भरे पड़े है। सीट टूटी है, नलों में पानी नहीं है। वार्ड में भर्ती मरीज को चादर, तकिया व कम्बल नहीं मिल रहे हैं। पूछने पर बताया गया कि मेन्टीनेन्स का काम एक प्राईवेट कम्पनी के पास में है। उसका भुगतान नहीं हो पाया है। जिस बजह से संस्था काम नहीं कर रही है। इसी तरह से पैरामेडिकल कॉलेज का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि पैरामेडिकल स्टूडेंटस की पढ़ाई मेडिकल कॉलेज के भवनों में हो रही है। आखिरकब छात्र पैरामेडिकल के भवनों में पढ़ेगें। इसके अलावा तिर्वा-कन्नौज रोड से पैरामेडिकल कॉलेज तक जाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण का काम कब पूरा होगा।

# अतिक्रमण विरोधी अभियान में मुंह देखकर मारा गया तमाचा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में कई दिनों से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जाने के लिए लगातार अलाउंस कराया जा रहा था आज चलाया गया अतिक्रमण विरोधी अभियान अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू करने के लिए उप जिला अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को कोतवाली पर सर में 10:30 बजे बुलाया गया था कर्मचारी जब समय से नहीं पहुंचे तब उप जिला अधिकारी नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को खूब खरीद सुनाएं प्रभारी निरीक्षक वह उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में दो टीमों द्वारा शहर में अतिक्रमण अभियान लगाया गया अतिक्रमण विरोधी अभियान केवल मुंह देखकर तमाचा मारने जैसा रहा शहर में 6 फुट की राखी टीना तीन हवा दी गई जबकि 15 फूट पड़ी तीन अभी भी बरकरार रखी हुई है जब लोगों द्वारा विरोध किया गया तो बताया गया की जो पल के ऊपर तीन सेट रखे हुए हैं वह हटाए जा रहे हैं लेकिन हाथों तब हो गई जब अस्पताल रोड पर बारात घर वाली सड़क तक केवल अतिक्रमण अभियान चलाया गया आगे शहर के बाहर का हिस्सा छोड़ दिया गया शहर में अतिक्रमण कर रखे गए खोखे नहीं दिखाई दिए प्रशासनिक अधिकारियों को केवल टीम के नीचे लगे पल ही उनकी आंख में अड रहे थे।

# पूर्णिमा ने पास की विद्याज्ञान प्रारंभिक परीक्षा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



छात्रा को माला पहनाती प्रधानाध्यापिका रेनू कमल

क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम की कक्षा 5 की छात्रा पूर्णिमा ने विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के पहले स्तर में सफलता प्राप्त की है।

परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल है। हाल ही में आयोजित विद्याज्ञान प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में नामांकित 1716 में 978 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था।

जिसमें जनपद के कुल 78 विद्यार्थियों का चयन हुआ। आयोजित विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के प्रथम स्तर को छात्रा पूर्णिमा ने विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के प्रारंभिक चरण में सफलता प्राप्त की है। प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रधानाध्यापिका ने छात्रा को फूल माला पहनाकर दी शुभकामनाएं**

होने पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, अंजलि, शर्मिला, लोकेंद्र, सुमन, जागृति, श्वेता, जसवीर, पूजा और सौरभ ने पूर्णिमा को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीईओ शिवेंद्र वर्मा ने पूर्णिमा को मुख्य परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## खबरें एक नजर में

### सपा नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**तिर्वा।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रति अपमान जनक टिप्पणी को लेकर सपा नेताओं ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आलोचना की। कहा कि गृहमंत्री ने डॉ.अम्बेडकर के साथ ही उनके समर्थकों का भी अपमान किया गया। उमर्दा निवासी सपा नेता रवि यादव गुरूवार को केन्द्रीय गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे थे। उनके प्रदर्शन की भनक लगते ही उमर्दा चैकी पुलिस उनको हाउस अरेस्ट कर लिया। बाद में सपा नेताओं ने यहीं बैठक कर गृहमंत्री की आलोचना की। इस मौके पर सुमित यादव, मोनू, दीपू, सुदीप, बबलू, दिनेश, सर्वेश के अलावा कई सपा नेता मौजूद रहे।

### हिरासत में लिये गये सपा के युवा कार्यकर्ता

**छिबरामऊ,कन्नौज।** छिबरामऊ कोतवाली पुलिस द्वारा सपा कार्यकर्ताओं को लिया गया हिरासत में लोकसभा में गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पुतला फूकने की खबर फैलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत माया युवा सपा कार्यकर्ताओं को लिया हिरासत में लिया गया डॉक्टर धर्मेंद्र यादव अंकुर यादव विवेक यादव शहीत कई युवा नेता कोतवाली परिषद में बैठाया रखा।

### युवक पर मोबाइल व नगदी चुराने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपनी मां व बहनों से आए दिन अभद्रता व मारपीट करने वाले युवक के विरुद्ध महिला ने तहरीर देकर कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी नीतू देवी पत्नी राजकुमार ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र आये दिन शराब के लिए पैसे मांगता है। मना करने पर उसे व उसकी बेटियों से मारपीट करता है। उसका मोबाइल और 4000 रुपये भी चुरा ले गया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देशी शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को देसी शराब सहित दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक श्यामपाल सिंह ने हमराह सिपाहियों के साथ मुखविर की सूचना पर बसावनपुर्वा निवासी जयबीर सिंह पुत्र मेघराम को दुकान में अबैध रूप से देसी क्वार्टर की बिक्री करते समय दबोच लिया। पुलिस ने युवक के पास से 18 लेमन ब्लू के पौआ बरामद कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आवकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### बहनों से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगो ने किसी बात को लेकर बहनों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लाड़पुर निवासिनी कुसुमलता पत्नी नीरज ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि बुधवार की शाम करीब 7.30 बजे उसके परिवार के जगदीश, राजश्री, राजू, राधा ने उसकी बहन तृप्ति से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आई पीड़िता से भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पदयात्रा कर रहे संतों का नगर में हुआ स्वागत




**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मेहंदी घाट से बरसाना राधा मंदिर तक पदयात्रा कर रहे संत का नगर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया और रात्रि विश्राम व भोज भी कराया। इस दौरान संत ने लोगों को भगवान कृष्ण के उपदेश के बारे में भी बतलाया। बुधवार की शाम नगर के पीडब्लूडी के समीप समाजसेवी दीपक पाठक एवं भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष संदीप पाठक के नेतृत्व में मेहंदी घाट से बरसाना राधा मंदिर तक पैदल यात्रा कर रहे 1008 महेंद्र फ्लाहारी संतोष का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दीपक पाठक ने उनका माल्यार्पण का स्वागत किया। स्वागत के दौरान पैदल यात्रा कर रहे संतोष ने बताया कि वह प्रतिदिन 20 किलोमीटर पैदल यात्रा करके मथुरा वृंदावन और बरसाना में राधा रानी मंदिर के दर्शन करेंगे। यात्रा का समापन श्री हित प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर विराम किया जाएगा। उनके साथ में शिव शर्मा त्रिवेदी एवं प्रतीक दीक्षित राजेश कुशवाहा सहायक के तौर पर पैदल यात्रा कर रहे हैं। रात्रि विश्राम का कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष संदीप पाठक ने अपने आवास पर कराया। जहां संत संतोष ने लोगों को श्री कृष्ण के द्वारा दिए गए उपदेश के महत्व के बारे में बताया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब ठेके से वापस लौट रहे शराब कारोबारी की बाइक में सामने से तेजी एवं लापरवाही से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे एक कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की देर शाम सराय प्रयाग स्थित अंग्रेजी शराब ठेके से कारोबार निपटाकर वापस आ रहे शराब कारोबारी रामकिशोर पुत्र मुंशी लाल निवासी रामगंज और सदर कोतवाली कन्नौज के शिवाजी नगर निवासी उमेश कटियार (55) की बाइक में तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक पर सवार उमेश चन्द्र कटियार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उमेश चन्द्र कटियार को मृत घोषित कर दिया और गंभीर घायल रामकिशोर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी संजय कुमार पुत्र मुंशीलाल ने जेसीबी के अज्ञात चालक के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



## गौशाला पहुँच सीडीओ ने गायों को खिलाया गुड़

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गौशाला में संरक्षित गोवंश को सर्दी से बचाव के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में कारागार में निरूद्ध 10 बंदियों द्वारा कौशल विकास केन्द्र पर जनपद की गौशाला में रहने वाली गायों के लिये 325 कोट/ झूल को बनवाया गया। बंदियों द्वारा बनाये गए गायों के लिए कोट/झूल को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सौपे गये है। बेजुबानों को सर्दी से बचाव के लिए क्षेत्र के अनौगी स्थित गौशाला में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी और जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉन ने गायों को कोट/ झूल व माला पहनाकर गुड़ व केला आदि को खिलाया। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ देवदत्त गंगवार, खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, पंकज कटियार, सचिव सहित आदि रहे।

# कत्थक गुरु आचार्य विश्वदीप ने शास्त्रीय नृत्य से कराया परिचित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जीटी रोड स्थित जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ के प्रांगण में चार दिवसीय कत्थक वर्कशॉप के दूसरे दिन विश्वप्रसिद्ध कत्थक गुरु आचार्य विश्वदीप ने प्रतिभागियों को शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न तकनीकों से परिचित कराया।

दूसरे दिन के सत्र में उन्होंने कत्थक नृत्य के महत्वपूर्ण तत्वों जैसे तत्कार, हस्तक, हस्त मुद्राएं, टुकड़ा और तिहाई पर विशेष प्रशिक्षण दिया।आचार्य विश्वदीप ने तत्कार से शुरुआत की, जिसे कत्थक की नींव माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह नृत्य के पैरों की लयबद्ध चाल है, जो किसी भी कत्थक प्रस्तुति का मुख्य आधार बनती है। इसके बाद हस्तक यानी हाथों की विभिन्न गतियों को विस्तार से समझाया गया, जो नृत्य की सौंदर्यता को बढ़ाते हैं। हस्त मुद्राओं के माध्यम से उन्होंने शास्त्रीय नृत्य की अभिव्यक्ति और भाव पक्ष को समझाया। इसके बाद उन्होंने टुकड़ा और तिहाई पर गहन प्रशिक्षण दिया। टुकड़ा एक छोटा नृत्य खंड है, जबकि तिहाई एक विशेष संरचना है, जिसमें एक ही रचना को तीन बार प्रस्तुत कर सम पर समाप्त किया जाता है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आचार्य विश्वदीप की कुशल प्रशिक्षण शैली की सराहना की।

## जे.बी.जी.इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक समाज कल्याण अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार ने की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय पौल थे,कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के सिख समाज से सरदार राजेन्द्र सिंह,ईसाई समाज से फादर सुधाकर राव जैन समाज से विनय जैन और बौद्ध समाज से भन्ते सेहा मित्र,भन्ते बुद्धप्रिय,भन्ते अमरदीप,बौद्ध संतोष प्रिय मौजूद रहे,मुख्य अथिति संजय पौल ने बताया नेशनल कमीशन फ़ॉर माइनॉरिटी एक्ट की आधिकारिक स्थापना1992 में कई गयी थी,इसका काम मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन की निगरानी करना है, जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख,बौद्ध, और पारसी शामिल हैं जैन समुदाय को 2014 में शामिल किया गया।

# भारत रत्न बाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मकरंदनगर स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राचार्य ले0 डॉ. रामनाथ मिश्रा ने बताया कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर 18 से 25 दिसंबर के मध्य महाविद्यालय में स्नातक और परास्नातक स्तर पर छात्र- छात्राओं में अटल एवं सुशासन विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र- छात्राओं ने अपना- अपना भाषण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम प्रियांशी दीक्षित, द्वितीय काजल सिंह और सीमा सिंह राठौर तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य आर एन मिश्रा ने कहा कि श्रद्धेय अटल की जन्म शताब्दी वर्ष मनाने का हम सभी को सौभाग्य प्राप्त हुआ है आज हमारे मध्य अटल नहीं हैं। पर उनके द्वारा किए गए महान कार्य हमेशा हम सभी का मार्ग दर्शन करते रहेंगे। इस दौरान निर्णायक मंडल डॉ रामदेव बाजपेयी, सुशील भारद्वाज, डॉ सुदीप शर्मा, उमेश चंद्र द्विवेदी, वैभव कुमार मनोज कुमार गोविंद दुबे सहित छात्र छात्राएं और एन सी सी कैडेट्स रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर तेजगति से चलने वाले चालकों पर की गई कार्यवाही

**टीएसआई ने स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांचकर 43 वाहनों पर की चालान की कार्रवाई**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



स्पीड रडार गन से वाहनों की जांच करते टीएसआई अरशद अली

आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की और तेज गति में चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाई की। गुरुवार को उप निरीक्षक यातायात अरशद अली ने आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे तिर्वा के पास 197 द्वद्ध पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति में चलते पाए जाने पर 33 वाहनों सहित 43 वाहनों के एमवीएक्ट की अन्य सुसंगत धाराओं में चालान किया। साथ ही वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया।

जिसमें चालकों से क्षमता से अधिक सवारी बैठकर न चलने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, महिला सवारी को आगे की सीट पर बिल्कुल भी बैठाकर न चलाने की अपील की। इस दौरान मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, विजय बाबू, आरक्षी प्रदुम्न बंसला सहित आदि रहे।

# एएसपी ने पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल का दिया प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देते एएसपी अजय कुमार

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में एएसपी अजय कुमार ने पुलिस लाइन में महाकुंभ मेला-2025 की आकस्मिक ड्यूटी के लिए रिजर्व रखे गए पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया गया। वहीं आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, भीड़ प्रबंधन और आपदा प्रबंधन के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया।

जबकि सभी पुलिसकर्मियों को टीम भावना के साथ काम करने और तनावपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में साधु-संतों के प्रति आदरपूर्ण व्यवहार कुंभ मेले में आने वाले साधु-संतों के साथ सम्मानजनक एवं सौहार्दपूर्ण आचरण बनाए रखना। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्ध श्रद्धालुओं की सहायता महिलाओं, बच्चों और वृद्ध श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता प्रदान करते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना। विदेशी श्रद्धालुओं के साथ विशेष सावधानी विदेशी श्रद्धालुओं के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उनकी सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करना। मीडिया कर्मियों से सहयोग मेले में उपस्थित मीडिया कर्मियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाना, ताकि मेले के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। जेंडर सेंसिटाइजेशन महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तनाव प्रबंधन तनावपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य और संयम बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा की गई। विषम परिस्थितियों में शांतिपूर्ण समाधान अप्रत्याशित एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उद्देश्य में सभी पुलिसकर्मियों को यह सुनिश्चित करना शामिल था कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और श्रद्धालुओं को सकारात्मक अनुभव प्रदान किया जा सके।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दे दी जान

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के मिरूअन मढ़हा गांव में बुधवार की देर रात एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मिरूअन मढ़हा गांव निवासी मोहित (22) एक मामले में न्यायालय के मुकदमे में आरोपी थी। उसके मुकदमे का फैसला जल्द आना था। फैसले के विपरीत जाने के डर से बुधवार की रात उसने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी, तो परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। यहां गुरूवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुकदमे के फैसले को लेकर वह काफी दिनों से तनाव में चल रहा था।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटी, एक की मौत, दूसरा घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेंटा के मजरा नगला गढ़ी निवासी 40 वर्षीय सतीश कुमार अपने मित्र सूरज पाल के साथ ट्रैक्टर ट्राली में आलू भरकर जलालाबाद मंडी में विक्रय करने के लिए बुधवार को गया था।

बताते हैं आलू विक्रय के बाद रत्रि 11 बजे के करीब जब किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ घर वापस लौट रहा था, तभी ढाई घाट जलालाबाद मार्ग पर ग्राम चौराहार के पास गुजरते समय अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और पलट गई। इस दुर्घटना में दोनों किसान दब गए चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। भीड़ ने स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह दोनों को बाहर निकाला मगर दोनों किसानों की हालत गंभीर हो गई थी। बताते है कुछ ही समय बाद आलू किसान सतीश कुमार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा सूरजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना भीड़ में कुछ लोगों ने शमसाबाद पुलिस को दी। कुछ लोगों ने डायल 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची शमशाबाद थाना पुलिस ने जहां एक ओर मृतक के शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय फतेहगढ़ भिजवा दिया, जबकि दूसरी ओर गंभीर रूप से घायल सूरजपाल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भिजवाया। बताते हैं हालत गंभीर होने के कारण सीएचसी शमसाबाद के चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल रेफर दिया। जहां उसका उपचार जारी था। घटना की जानकारी जब शमशाबाद थाना पुलिस से की गई तो थानाध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया ने बताया अचानक ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी। जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया मृतक के शव को पोस्टमार्टम ले लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। मृतक परिवार के परिजन आधा दर्जन बच्चों के साथ बुरी तरह बिलख रहे थे। बताते हैं सतीश निम्न परिवार से है और वर्तमान में खेती किसानी एवं मेहनत मजदूरी के जरिए घर परिवार की रोजी रोटी चलाता था। दुर्घटना के बाद आश्रित परिवार के लोगों का रो-रोकर हाल बेहाल हो रहा था।



रोते बिलखते मृतके परिजन

# बाबा साहब पर दिये गये अमित शाह के बयान से सपाई खफा, की नारेबाजी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर जिला समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों ने इसका जोरदार विरोध किया। इस अवसर पर डॉक्टर नवरंग सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित कठेरिया के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नवाबगंज के ग्राम सिरमौरा बांगर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी एवं नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव को पुलिस ने उनके ही नवाबगंज स्थित गेस्ट हाउस में नजर बंद कर लिया। इस मौके पर नवरंग सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष साजिद अली खान, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा अमित कठेरिया, जिला अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ आजाद, महासचिव अतुल कटारिया, बादल मंसूरी, सभासद फूल सिंह जाटव, अनूप जाटव, रामवीर जाटव, अखिलेश जाटव, वृंदावन, सतनाम आदि लोग मौजूद रहे।



बाबा साहब की प्रतिमा पर नारेबाजी करते सपाई

# एसपी ने कर दिये तेरह उप निरीक्षकों के तबादले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने 13 उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। महिला थाने के उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह की थाना मऊदरवाजा में वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर तैनाती की गई। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक महेश कुमार को कोतवाली फतेहगढ़, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक दीपक कुमार को थाना शमसाबाद, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद को थाना कमालगंज, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक अभिलाख सिंह को थाना नवाबगंज भेजा गया। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक मनोज शुक्ला की कोतवाली फर्रुखाबाद में तैनाती की गई। पेशी कार्यालय सीओ लाइन की महिला उप निरीक्षक संजू मिश्रा की थाना मऊदरवाजा, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक अनिल सिकरवार की थाना जहानगंज में नियुक्ति की गई। यूपी112 के उप निरीक्षक हरपाल सिंह का थाना राजेपुर, थाना राजेपुर के उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह को थाना अमृतपुर स्थानांतरित किया गया। महिला थाने के उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह यादव को थाना शमसाबाद, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक महेन्द्र पाल सिंह को थाना मेरापुर, यूपी 112 के उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र को थाना जहानगंज भेजा गया है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निवारण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

सुशासन दिवस पर कमालगंज विकास खंड में सुशासन दिवस पर फतेहचंद्र वर्मा, महामंत्री भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य सभी स्टाफऔर लगभग 200 किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया। सुशासन दिवस पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें पांच का मौके पर निवारण किया गया। महिपाल पुत्र भिखारी लाल निवासी चंदनपुर विकास खंड कमालगंज के द्वारा अपने परिवार रजिस्टर की मांग की गई, संबंधित सचिव द्वारा मौके पर ही उपलब्ध कराकर जारी कर दी गई, भुवनेश प्रताप सिंह पुत्र सिकदार निवासी चंदनपुर द्वारा अपने परिवार रजिस्टर की मांग की गई जो की सचिव द्वारा मौके पर उपलब्ध करा दी गई। सीमा शाक्य निवासी चुनूपुर गढ़िया अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई जो की सचिव द्वारा उपलब्ध करा दी गई। हीरालाल निवासी सुमित्रपुर पूरनपुर अपनी पत्नी के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई जो सचिव द्वारा मौके पर उपलब्ध करा दी गई। सुहाना बेगम निवासी सिंगी रामपुर के द्वारा अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई जो सचिव द्वारा मौके पर उपलब्ध करा दी गई इस मौके पर उपस्थित लोग त्रिलोक चंद्र शर्मा, वीडियो खंड विकास अधिकारी फतेहचंद राजपूत, बाल श्रम अधिकारी सचिन कुमार एडियो योगेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राघवेंद्र सिंह तथा कृषि विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




बैनर लेकर जागरुक करते अधिकारीगण व भाजपा कार्यकर्ता

## भाजपाइयों ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध जताया। साथ ही सांसद के साथ घटी घटना को गलत बताया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को संसद में घुसने को लेकर भाजपाइयों व कांग्रेसियों में धक्का मुक्की हो गयी थी। जिसमें भाजपा से फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत गिरकर घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जैसे ही यह खबर कार्यकर्ताओं को पता लगी, तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। कमालगंज में सांसद के समर्थकों ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध जताया। इस मौके पर प्रसनजीत कटियार, कन्हैया ठाकुर, शैलेंद्र, नरेंद्र, विमलेश, सर्वेश, शिवम, चंदन, आशीष अमित, जितेंद्र, रोहित, सुमित देव, चंदन आदि मौजूद रहे।





बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करते शिक्षक

## शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को वितरित किये स्वेटर व मोजे

**कंपिल, समृंद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय सवितापुर के शिक्षक सुनील राजपूत ने स्कूल के छात्र-छात्राओ को ठंड के बचाव के लिए अपने 29वें जन्मदिन के पर गर्म स्वेटर व मौजे व टोपे बाँटे। गर्म कपड़े पाकर बच्चे काफी खुश नजर आये। प्राथमिक विद्यालय सवितापुर के शिक्षक सुनील राजपूत ने अपने निजी खर्चे से स्कूल के छात्र-छात्राओं को ठंड के बचाव के लिए 9वें जन्मदिन पर 97 छात्र व छात्राओं गर्म स्वेटर व मौजे व टोपे आदि वितरित कर अपना अलग अंदाज में जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र कायमगंज ओ0पी0 पाल ने स्कूल पहुंचकर शिक्षक सुनील राजपूत को बधाई दी। इस अलग अंदाज में जन्मदिन मनाने की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षक संघ के ब्लाक प्रमुख उपाध्यक्ष आर्येंद्र यादव व सहायक अध्यापक विकास राजपूत, पंकज कुमार, बालेन्द्र सिंह, राहुल यादव व छात्रों के अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छपट्टी निवासी बिल्ला उम्र 32 वर्षीय पुत्र लालमियाँ बाइक द्वारा किसी काम से बाजार जा रहा था। रास्ते में मार्ग दुघर्टना में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहाँ उपचार जारी है।

### अस्पताल में रंगे हाथों पकड़ा गया साईकिल चोर



पुलिस हिरासत में साईकिल चोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज अस्पताल में बाइक व साईकिल चोरी की घटनाओं से लोग परेशान थे। आज एक चोर को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आये दिन साइकिल व बाइक चोरी की घटनायें घट रही थीं। जिससे अस्पताल के गार्ड आदि काफी परेशान थे। गुरुवार को अस्पताल के गार्ड राजेंद्र और स्थानीय लोगों ने एक युवक को साइकिल चोरी करते पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। युवक ने पूछने पर अपना नाम हासिम पुत्र साबिर निवासी कुबेरपुर बताया। अस्पताल के गार्ड राजेन्द्र ने बताया कि वह ड्यूटी पर था, तभी एक व्यक्ति कैम्पस में खड़ी साईकिल का ताला खोलकर साईकिल लेकर भागने लगा। इसके बाद उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। वह नशे की हालत में था। लोगों ने पिटाई की और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### आग ताप रहा युवक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बरझाला निवासी आरएस उम्र 24 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार बढ़ती ठंड में आग जलाकर ताप रहा था, तभी अचानक वह जलती आग की चपेट में आकर झुलस गया। आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से किसान की हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव साहबगंज निवासी विजयपाल ने स्विफ्ट डिजायर कार यू09पी076एपी6558 के नाम पता अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 17 दिसम्बर की रात अचरा सराय अगहत मार्ग के किनारे मेरे भाई ताहर सिंह साइकिल लेकर खड़े थे, कि तभी अचरा की तरफ की ओर से आ रही उपरोक्त कार के अज्ञात चालक ने लापरवाही व तेजी से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे भाई ताहर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी।

### तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अभियुक्त दिनेश जाटव पुत्र दयाराम जाटव निवासी भोलेपुर फतेहगढ़ मु0अ0स0 375/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# तीन स्थानों पर कैंप लगाकर किया गया प्रकृति परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा 'प्रदेश का प्रकृति परीक्षण अभियान' संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का, जो कि सम्पूर्ण देश एवं प्रदेश में भारत सरकार आयुष मंत्रालय की देखरेख में घर-घर आयुर्वेद एवं जन-जन आयुर्वेद को पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

जनपद में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेबर रोड फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के तत्वावधान में ग्राम बमिया में डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. सुहेबा के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। द्वितीय कैम्प ग्राम कांधेमई मिल्किया डॉ. विकास, डॉ. पियूष माधव, डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में लगाया गया। तृतीय कैम्प ग्राम बनैया में डॉ. शिवा प्रसाद, डॉ. अरीब, डॉ. श्वेता, डॉ. रेशमा, डॉ. विकास, डॉ. नीतूश्री के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं प्रकृति परीक्षण किया गया।




कैंप के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

# संविधान विरोधी मानसिकता रखने वालों पर हो कार्यवाही: भीम आर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को सौंपा। जिसमें कहा कि महाराष्ट्र में संविधान विरोधी अराजकतत्वों के द्वारा परभणी में भारतीय सविधान निर्माता बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एव सविधान की रेप्लिका को छेड़ा गया। जिस प्रकार से इस घटना को अंजाम दिया गया यह देश की आत्मा भारतीय संविधान का अपमान किया गया है। अगर भारतीय संविधान का दिन प्रतिदिन इसी तरह अपमान होगा, तो यह देश के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हमारा देश व देश की जनता तभी सुरक्षित जाएगी जब देश का संविधान सुरक्षित रहेगा।

मगर कुछ लोग देश के संविधान का लगातार मजाक उड़ा रहे हैं, संविधान को कभी जलाया जा रहा है, कभी रेप्लिका को तोड़ा जा रहा है। इस घटना को गम्भीरता से लेना अति आवश्यक है, क्योंकि देश में बहुसंख्यक लोग भारतीय संविधान में पूरी निष्ठा आस्था और विश्वास रखते हैं। यदि भारतीय संविधान को इस प्रकार से लगातार अपमान किया जायेगा इसको देश की जनता किसी भी रूप मे बर्दाश्त नहीं करेगी। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उन पर कठोर कार्रवाई करना एव उनकी भारतीय सदस्यता रद्द करना अति आवश्यक है। जिससे कि भविष्य में भारतीय संविधान का कोई अपमान करने की कोशिश ना करे, क्योंकि देश का संविधान एक न्याय समानता के साथ-साथ देश का सबसे बड़ा एक ऐसा ग्रंथ है जिसमे सभी जाति धर्म पंथ सब को समान अधिकार दिए गए हैं और यही हमारे देश की पहचान है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंजीत सिंह, एएपी सिंह, धर्मेंद्र, पुष्पेन्द्र गौतम सहित भीम आर्मी संगठन के लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी के कार्यकर्ता

# कालाबाजारी में कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दुकान निरस्त

> उचित दर विक्रेता समरपाल शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त गेहूं एवं चीनी के अतिरिक्त मेरे पास किसी अन्य स्थान अथवा गोदाम पर कोई भी आवश्यक वस्तुएं चावल, गेहूं एवं चीनी नहीं है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कालाबाजारी के आरोप में कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कोटा निरस्त कर दिया गया। साथ ही उपभोक्ताओं को दूसरे कोटे से संबंद्ध कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 07 दिसंबर को रात्रि लगभग 11 बजे ग्राम पंचायत गलारपुर विकास खण्ड राजेपुर तहसील अमृतपुर की उचित दर की दुकान से सरकारी खाद्यान्न/राशन दुकान से चोरी होने की कोटेदार समरपाल शर्मा द्वारा सूचना दी गयी। जिसके बाद जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा दिनांक 11.12.2024 को मौके पर जाकर जांच की गयी। जांच में दुकान की गोदाम में कोई खाद्यान्न/चीनी नहीं पायी गयी। गोदाम के बगल से जाने पर अंदर वाले कमरे में उचित दर विक्रेता समरपाल शर्मा द्वारा 60.250 किलोग्राम चीनी दिखायी गयी। जिसका मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया। उचित दर विक्रेता समरपाल शर्मा से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि खाद्यान्न वाहन से घर पर न आ पाने के कारण लगभग एक सप्ताह पूर्व फर्रुखाबाद-बदायुं रोड पर शिशुपाल पुत्र स्व0 रुपलाल ग्राम पंचायत गलारपुर के मकान में स्थित दुकान पर रख दिया गया था। जिसका मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर 50 किलो की कट्टियां कुल 55 बोरी 27.50 कुंतल गेहूं पाया गया। उचित दर विक्रेता समरपाल शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त गेहूं एवं चीनी के अतिरिक्त मेरे पास किसी अन्य स्थान अथवा गोदाम पर कोई भी आवश्यक वस्तुएं चावल, गेहूं एवं चीनी नहीं है। गेहूं चौहद्दी से इतर पाया जाना एवं चावल की कोई भी मात्रा न पाया जाना प्रथम दृष्टया यह इंगित करता है कि उचित दर विक्रेता समरपाल शर्मा द्वारा राशन की कालाबाजारी की गयी है। मौके पर किये गये निरीक्षण, पड़ोसियों व ग्राम प्रधान के बयान तथा खाद्यान्न प्राप्ति की तिथि ठेकेदार से प्राप्त किये जाने से यह स्पष्ट हुआ कि खाद्यान्न की की चोरी नहीं हुई है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उचित दर विक्रेता द्वारा 05.33 कुंतल गेहूं, 35.33 कुंतल चावल एवं 08.750 किलोग्राम चीनी की कालाबाजारी की गयी है। जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। जिसके आधार पर उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोटा निरस्त कर कार्डधारकों को उचित दर विक्रेता रमाकांत ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर विकास खंड राजेपुर तहसील अमृतपुर से संबंद्ध कर दिया गया।



## सुशासन दिवस पर आयीं तीन शिकायतें, तीनों का हुआ निस्तारण

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर दिवस का आयोजन विकास खण्ड राजेपुर के सभागार में किया गया। जिसमें खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0)/कृषि, सॉख्यिकी, अवर अभि. ल.सि.अति. कार्यकम अधिकारी मनरेगा तथा समस्त सनिय व लगभग 185 किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। सुशासन दिवस में 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया। जिसमें इन्द्रपाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने ग्राम पंचायत वीरपुर हरिपुर के द्वारा हैण्डपम्प रिबोर की माँग की गई थी। सम्बन्धित सचिव द्वारा मौके पर शिकायत का निस्तारण किया गया। प्रमोद कुमार पुत्र अशोक ग्राम पंचायत अम्बरपुर ने मनरेगा मजदूरी न मिलने की शिकायत की गई थी। जिसका सम्बन्धित सचिव द्वारा निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया गया। दिनेश पुत्र वृन्दावन ने ग्राम पंचायत डबरी में निःशुल्क बोरिंग की शिकायत की गई। जिसके सम्बन्ध में अवर अभि0 (ल0सि0) द्वारा किया गया।

# किराना व्यापारी से ऑनलाइन ढाई लाख रुपये की हुई ठगी

> पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर न्याय की लगायी गुहार
> पीड़ित ने जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर रुपया वापस दिलाये जाने की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यापारी से किराने का सामान भेजने के नाम पर ठगी करने वाले अपराधियों ने साइबर क्राइम के जरिए ढाई लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर एफआईआर दर्ज कर रुपया वापस दिलाये जाने की मांग की। चन्द्रशेखर पुत्र अवधेन्द्र सिंह मूल निवासी देवनपुर पोस्ट गोसवा मल्लवां तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई वर्तमान निवासी थाना कादरीगेट के क्षेत्र मसेनी चौराहा ने की लिखित शिकायत में दर्शाया कि 11 जुलाई 2024 को मैने किराने से संबंधित सामान का आर्डर स्वाती इंटर प्राइजेज नामक कम्पनी से किया था। जिसे हेतु 18 जुलाई को 2 हजार रुपये बताये गये बैंक खाते में डाल दिये। 21 जुलाई तक मैने 2 लाख 50 हजार रुपये ऑन लाइन व जन सेवा केंद्र के माध्यम से उपरोक्त कम्पनी को भेज दिये।

कम्पनी ने जानकारी दी कि तुम्हारे किराने का सामान हमारी कम्पनी ने तुम्हारा मल्लावां वाले पते पर भेज दिया है और मुझे गाड़ी नम्बर व ड्राइवर सुमित का मोबाइल नम्बर भी भेजा। मैं वहां गया लेकिन कोई गाड़ी नहीं आयी। मैं इंतजार करता रहा। रात्रि 1 बजे मैंने क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर काल करके पेमेंट होल्ड कराया। क्राइम हेल्प लाइन बताया गया कि तुम्हारा 50 हजार रुपया होल्ड कर दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि मेरा होल्ड किया गया पैसा वापस नहीं मिला। पीड़ित ने जालसाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर रुपया वापस दिलाये जाने की मांग की।

## थाना प्रभारी के खिलाफ कोर्ट में प्रकीर्ण वाद दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित दीपक कुमार द्वारा विपक्षी किशोर कुमार, निहाल प्रजापति, सागर प्रजापति व तीन अज्ञात के विरुद्ध धारा 173 (4) बी.एन.एस.एस.के अंतर्गत 16.11.2024 को न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जिस पर थानाध्यक्ष कादरीगेट से आख्या तलब की गयी। प्रकरण में दिनांक 25.11.2024, 04.12.2024, 11.12.2024, 13.12.2024 की तिथियां नियत की गयीं। परन्तु थानाध्यक्ष द्वारा कोई भी आख्या न्यायालय के समक्ष नहीं प्रस्तुत की गयी। दिनांक 13.12. 2024 को न्यायालय ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर दिनांक 18.12.2024 को न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिये। जिस पर समय सीमा निकल जाने के बाद भी थानाध्यक्ष न्यायालय में पेश नहीं हुए और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया। इससे स्पष्ट है कि थानाध्यक्ष ने जान बूझकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जिसके तहत थानाध्यक्ष ने 208, 210 बीएनएस धारा-29 पुलिस अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध कारित किया है। न्यायालय ने प्रकीर्ण वाद दर्ज कर नोटिस/सम्मन भेजने के आदेश दिये हैं। पत्रावली पर सुनवाई 21 को सुनवाई की जायेगी।

# जंगली जानवर के हमले से किसान घायल, अस्पताल में भर्ती

> जहानगंज क्षेत्र की घटना, लोगों में दहशत, मौके पर पहुंची पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में फिर जंगली जानवर का आतंक फैल गया। जिससे क्षेत्रीय लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया। जहानगंज क्षेत्र में एक किसान खेल में लगी आलू की फसल की रखवाली करने गया था। रात्रि के समय में वह शौच करने गया, तभी एक जंगली जानवर ने ग्रामीण के ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह ग्रामीण गंभीर रुप से घायल हो गया।

किसी तरह अपने आपको जंगली जानवर से बचाया। चीखपुकार की आवाज सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गये और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ग्रामीण को एंबुलेंस की मदद से लोहिया में भर्ती कराया। रात्रि में ही वन विभाग की टीम ने सर्च आपरेशन चलाया।जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम चौकी महमदपुर निवासी रामअवतार की गांव में तीन बीघा खेत है। जिसमें आलू की फसल कर रखी है। बुधवार देर शाम वह खेत में आलू की फसल की रखवाली करने गये थे। घर वापस आते समय खेत से कुछ दूरी पर स्थित रामपाल के ट्यूबवेल के पास रामअवतार शौच करने लगा। शौच करते समय ही सामने से एक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में रामअवतार डरा गया। किसी तरह जंगली जानवर से खुद को बचाया। घायल राम अवतार ने बताया कि जंगली जानवर ने उन पर हमला कर हाथ, पैर एवं गाल में काट लिया है। उन्होंने बताया कि अपने बचाव में जंगली जानवर के ऊपर कई प्रहार किये तब कहीं जाकर जंगली जानवर भाग गया। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर खेत पहुंच गये और रामअवतार को घायल देखकर सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। जंगली जानवर आने की खबर से क्षेत्र में डर का माहौल बन गया और घरों में घुस गये। कुछ ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर अपने घरों की रखवाली रात भर करते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रामअवतार को एंबुलेंस की मदद से लोहिया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर अमन कुमार और डॉ. जय सिंह के नेतृत्व में टीम ने घायल किसान का उपचार किया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अमन कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। घायल को वार्ड में भर्ती किया गया है। उसके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रात्रि में ही जंगली जानवर को पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस घटना से फिर एक बार क्षेत्र में दहशत फैल गयी है। बताते चले कि थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में तेंदुआ के हमले से दो दर्जन के करीब लोग घायल हो गये थे। जिसमें वन विभाग के कर्मचारी भी घायल हुए थे। डीएम एसपी ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा व घायलों से बातचीत की थी। कड़ी मशक्कत के बाद कानपुर से आयी टीम ने तेंदुआ को पकड़ कर अपने साथ ले गयी थी। एक बार जंगली जानवर के आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में हुई छात्र-छात्राओं के मॉडलों की सराहना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सेण्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी बंधौआ नेकपुर में गुरुवार को वार्षिक कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रिएटिव कारवान द साइंस एण्ड आर्ट फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बैंक ऑफबड़ौदा के प्रबंधक प्रशान्त कुमार राठौर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पादरी रेव्ह. मनोज मसीह ने प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना की। छात्राओं द्वारा प्रार्थना संगीत तथा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय के प्रबंधक रोहतानी विश्वासी ने अतिथियों का स्वागत किया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रबंधक प्रशान्त कुमार राठौर ने छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए माडलों का निरीक्षण किया। क्रिएटिव कारवान में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए विज्ञान के माडलों की खूब सराहना की गयी। कक्षा एक से पाँच के छात्र-छात्राओं सोलर एनर्जी, पार्ट ऑफ प्लांट, वाटर प्यूरिफिकेशन आदि के विज्ञान माडलों को बनाया गया। कक्षा छः से आठ के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के माडलों में एण्टी एक्सीडेंट आलार्म सिस्टम, सोलर एनर्जी ट्रेकिंग सिस्टम, तथा सामाजिक विज्ञान में बाघ परियोजना, ज्वालामुखी अंग्रेजी विषय में पार्ट ऑफ स्पीच, विलियम सेक्सपीयर हस्त निर्मित चित्र को बनाकर अतिथियों तथा अभिभावकों से वाह वाही लूटी। कक्षा नौ से बारह तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में ग्रीन हाउस इफैक्ट, कैमिकल कैनन, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, हाइड्रोजन फ्यूल सैल आदि तथा सामाजिक विज्ञान में लैण्ड फारमेशन के माडल बनाए गए। शारीरिक शिक्षा के माडलों में छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिकेट स्टेडियम तथा ओलंपिक ट्रैक एण्ड फील्ड के माडलों को बनाया गया। विद्यालय के विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सामान्य ज्ञान आदि विषयों से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रश्नों के उत्तर देकर आकर्षक उपहार तथा गोल्ड मेडल जीते। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने सीबीएसई परीक्षा के अन्तर्गत कक्षा दसवीं तथा बारहवीं में विद्यालय में प्रथम आये छात्र आर्यन कटियार को 2100 की नकद धनराशि तथा छात्र अनिकेत शर्मा को 2500 की नकद धनराशि दी गयी।

प्रधानाचार्य ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश कुमार यादव, अतुल पाठक व शिक्षक-शिक्षिकायें, कर्मचारी मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

## डायरेक्टर ने छात्र आर्यन व अनिकेत को चेक देकर किया सम्मानित



छात्र को सम्मानित करते रोजीशन विश्वासी व अन्य

# मांगों को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी एमएसआरए जनपद के सचिव कपिल दिवाकर के नेतृत्व में दवा प्रतिनिधियों ने 11 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि डब्लूएचओ और विश्व बैंक के अनुसार हाल के वर्षों में भारत सरकार द्वारा किया जाने वाले व्यय जीडीपी का लगभग 0.9 से 12 प्रतिशत रहा है।

सरकार 2015 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के मसौदे में स्वीकार किया गया है कि सार्वजनिक जीडीपी का केवल 1.04 प्रतिशत था। आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 में स्पष्ट रुप से स्वीकार किया गया है कि प्राथमिकता के मामले में 189 देशों में से 179वें स्थान पर है। स्वास्थ्य की गुणवत्ता के मामले में भारत 180वें देशों में 145वें स्थान पर है। बेहतर सेवाओं के निर्माण के लिए दवाओं की कीमतें कम करें और उपकरणों पर जीएसटी बंद हो। सकल घरेलू उत्पाद का 5 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल के लिए आवंटित करें। बहु राष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा भारतीय कम्पनियों को अधिग्रहण से रोके। वैक्सीन उत्पादक इकाइयां सहित सार्वजनिक क्षेत्र की दवा इकाईयों को पुनः जीवित करें, आदि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रोशन सिंह, प्रभात त्रिवेदी, अभिषेक शुक्ला, रखसान अली, हिमांशु दुबे, विक्रांत प्रताप सिंह, प्रियांक पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते दवा प्रतिनिधि

# संसद घटना को लेकर भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन


कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता

## कलेक्ट्रेट में पुलिस ने नहीं जलाने दिया पुतला

फर्रुखाबाद। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी का पुतला जलाने का प्रयास कर रहे भाजपाइयों से पुलिस ने छीन लिया। जिसके चलते वह कलेक्ट्रेट में पुतला नहीं फूंक सकें। इस दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शन समाप्ति के बाद कलेक्ट्रेट से वापस आते समय भोलेपुर में पुतला जलाकर भाजपाइयों ने मुर्दाबाद के नारे लगाये।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में संसद सत्र की कार्यवाही के दौरान भाजपा के दो सांसद धक्का-मुक्की के दौरान गिरकर घायल हो गये। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा सांसद मुकेश राजपूत को धक्का लगने से वह गिरकर घायल हो गये। आक्रोशित भाजपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। भाजपा नेताओं ने ज्ञापन में दर्शाया कि कांग्रेस के आक्रामक रवैये के चलते घटना हुई है, उनकी संसद सदस्यता निरस्त की जाये। इस दौरान मुर्दाबाद के नारे लगाये। धक्का मुक्की की घटना में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत व प्रताप सारंगी पर जिस प्रकार से हमला किया है, यह लोकतंत्र के खिलाफ है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, डॉ. भूदेव राजपूत, सत्यपाल सिंह, डीएस राठौर, संजीव गुप्ता, रमला राठौर, ममता सक्सेना, शशांक शेखर मिश्रा, प्रबल त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी राजपूत, राजवती बाथम, अनिल तिवारी, अभिषेक बाथम, पीयूष त्रिपाठी, अमन अवस्थी, अजीत महाजन, विमल कटियार आदि लोग मौजूद रहे।


बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते बसपा नेता

# बसपा सरकार में हुए कार्यों को बूथ स्तर पर पहुंचाने का लिया गया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा की जनपद स्तरीय कार्यकर्ता बैठक मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार की देखरेख में सम्पन्न हुई। बाबा साहब अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारम्भ हुआ। सभी को कैडर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। बहुजन समाज पार्टी की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया गया। मण्डल प्रभारी विजय भास्कर ने कहा कि बसपा के कार्यों को बूथ स्तर तक पहुंचायेगें। सभी ने संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने की। इस दौरान जिला प्रभारी रामरत्न गौतम, सर्वेश भारती, नागेन्द्र जाटव, सीताराम गौतम, बृजेश, आरसी गौतम, धर्मेन्द्र राणा, योगेन्द्र सिंह, सुरजीत, रामऔतार गौतम, उपेन्द्र लोधी, देवनरायन गौतम, अखिलेश भास्कर, देवेन्द्र कुमार, आयुष कांत, गौरव सिद्धार्थ, रूपलाल वर्मा, सुशील अम्बेडकर, राकेश कुमार सिंह, ज्ञानदीप माथुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# खेल से शरीर व मस्तिक रहता है स्वस्थ : डॉ. शालिनी सिंह

## टीएस केके पब्लिक स्कूल की खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टीएस केके पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम दिवस की खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मी दौड़ में प्रथम रूमित, द्वितीय विश्व जीत तथा तृतीय सर्वज्ञ श्रीवास्तव रही।

खो-खो बालक प्रतियोगिता में रेड हाउस तथा येलो हाउस फाइनल में तथा बालिका वर्ग में ब्लू हाउस एवं येलो हाउस फाइनल में पहुंचीं। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. शालिनी ने किया।

बच्चों ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। डॉ. शालिनी सिंह ने कहा कि खेल से शरीर व मस्तिक स्वस्थ रहता है और खेल स्पर्दा में जो बच्चे प्रतिभाग करते है उन्हे आगे जाने का मौका मिलता है। आज सभी खेलों को देश में वरीयता दी जा रहीहै।

इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। प्रबंधक मुकेश सिंह राठौर ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वीरपाल सिंह, उदयपाल सिंह, संध्या सिंह, अनग्रह प्रताप सिंह एवं समस्त विधालय स्टाफ उपस्थित रहा।


प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे

# गैर कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेना अपराध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड नवाबगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का आयोजन सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में अधिक से अधिक जानकारी आमजन तक पहुंचें। जिससे कि समाज के ऐसे लोग जिन्हें किसी प्रकार की आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, वे उसका लाभ ले सकें। उनके द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को शपथ दिलाई गई। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कहा कि किसी भी नवजात के मिलने पर सबसे पहले पुलिस को सूचना दें और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अवगत करा दें, क्योंकि गैर कानूनी तरीके से किसी भी बच्चे को गोद लेने पर जेल हो सकती है। 0 से 6 वर्ष तक के बच्चे को किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। बल्कि उस बच्चे को शिशु गृह में आवासित कराकर उसे ऑनलाइन रजिस्टर किया जाता है। मानव तस्करी विरोधी थाना के प्रभारी निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने बताया कि किस प्रकार से बच्चों का अपहरण किया जाता है और इसके बाद उन्हें किसी काली दुनिया में भेज दिया जाता है। बच्चों के अंग बेच दिए जाते हैं, उन्हें वेश्यावृत्ति आदि धंधे में सौंप दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें उनकी प्रतिदिन की गतिविधि पर नजर अवश्य रखें। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार उपस्थित रहे।

# डॉ. रामकृष्ण राजपूत को इतिहास एवं पुरातत्वविद् सम्मान से किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार दिल्ली के एट्रियम एनेक्सी के सभागार में भारत की बहुमूल्य अभिलेखीय सम्पदा की खोज करके संग्रहीत करने, सम्बर्धित और संरक्षित करने और इस विरासत को संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के जनपथ स्थित राष्ट्रीय अभिलेखागार, दिल्ली को निःशुल्क दान देने के फलस्वरूप वरिष्ठ आईएएस, महानिदेशक अरुण सिंहल द्वारा यशभारती डॉ. रामकृष्ण राजपूत को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। एकल सम्मान के नायक डॉ. रामकृष्ण राजपूत के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करते हुये सभागार की दीवार पर उनका बड़ा चित्र लगाया गया था। संस्कृत की 1194, अरबी, फारसी, उर्दू की 515, अंग्रेजी की 268, वेद-पुराण, उपनिषद, रामायण, महाभारत की 55, वृहद शब्दकोष 25, भारत के विभिन्न प्रदेशों की रजिस्ट्री के दस्तावेज 776, राजाओं, नवाबो, महापुरुषों के 130 दुर्लभ चित्र, 6 फरमान रायल आर्डर्स फर्रुखाबाद की कपड़ा छपाई की 3144 रंगीन हस्तनिर्मित डिजाइन्स को सौंपने के एमओयू समझौता पत्र पर सभी के सम्मुख हस्ताक्षरोपरान्त भारत सरकार को दानस्वरूप सौंप दिया गया। नीरा मिश्रा ने डॉ. राजपूत को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. राजपूत के व्यक्तित्व का परिचय सहायक निदेशक डॉ. अमिता दास मजूमदार तथा दान प्राप्त करने की अमूल्य श्रृंखला एवं औपचारिक प्रक्रिया के बारे में उपनिदेशक डॉ. संजय गर्ग द्वारा बताया गया। महानिदेशक सिंहल द्वारा पाण्डुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों, पुरातात्विक अभिलेखों तथा राष्ट्रीय महत्व की प्राप्त सम्पूर्ण सामग्री को वैज्ञानिक संरक्षण, विस्तृत डाक्यूमेन्टेशन तथा डिजिटिलीकरण करने के उपरान्त यह सामग्री अभिलेखागार के पोर्टल, अभिलेख पटल पर डालकर विश्व भर के शोधार्थियों, विद्वानों, भाषाविदों, लेखकों व सामान्य जिज्ञासुओं के लाभार्थ निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने अपने पति डॉ0 राजपूत के जुनून, वेतन-पेंशन को इस अभिरुचि में लगाने तथा दर्जनों पुस्तकों के लेखन प्रकाशन के कारण परिवार के आर्थिक संकटों का उल्लेख करते हुये भी इस महादान की प्रशंसा करते हुये आत्मसन्तुष्टि व्यक्त की।

उपनिदेशक डॉ. गर्ग व मीरा मिश्रा, प्रदीप बिसारिया आदि ने विचार रखे। इस मौके पर केशवचन्द्र जैना, डॉ. फैजान अहमद, मजीद अली खां, सलमा, सुरेश यादव, विजय सिंह, चन्द्रपाल गुर्जर, धीरज कुमार, हरीश बेंजवाल, रामदास, काशीराम, अनूप सिंह, किशनपाल, कमलेश भट्ट, डॉ. जगदीश व्योम, रजनीकांत शुक्ल, नरेश शर्मा, नाथूराम, अरविंद प्रताप सिंह, मो. आकिब खां, केशवभान साध, सुनील सक्सेना, राकेश राजपूत, रविन्द्र भदौरिया, धीरज कुमार, पंचशील राजपूत, अलका राजपूत, अमित नारायण, एकता राजपूत, सिद्धार्थ राजपूत, सौर्य नारायण आदि लोग मौजूद रहे।


सम्मानित होते रामकृष्ण राजपूत

# ममता सक्सेना बनी राष्ट्रीय कायस्थ महिला मोर्चा की अध्यक्ष


ममता सक्सेना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार श्रीवास्तव ने ममता सक्सेना को मंच का राष्ट्रीय महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया है। ममता सक्सेना के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बड़ी संख्याओं में महिलाओं बधाई दी है। वह समाज व संगठन को गरिमा प्रदान करते हुए संगठन को मजबूत करेगी।

# टिलिया अहमदगंज में लगा स्वास्थ्य शिविर, जांची गई सेहत, दी गई दवा


मरीजों को दवाइयां वितरित करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के होम्योपैथिक विभाग के तत्वाधान में शहर के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन द्वारा टिलिया अहमदगंज आजाद नगर के आंगनवाड़ी केंद्र पर आम जनमानस को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के उद्देश्य से एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल 167 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध कराया। इस शिविर में ज्यादातर रोगी सर्दी, जुकाम, खाज, खुजली, सांस, दमा एलर्जी, जोड़ो के दर्द, सायटिका, बीपी, और मधुमेह इत्यादि से पीड़ित मिले, इस शिविर में डॉक्टर सिंह ने सभी रोगियो, उनके परिजनों से स्वास्थ्य पर साफ-सफाई के महत्व के प्रभाव को समझाते हुए वर्तमान में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बताया कि किसी भी रोगी को यदि 15 दिनों से ज्यादा खांसी हे, वजन कम हो रहा है ओर रात में बुखार आता है तो अपने निकटतम सरकारी अस्पतालों पर बलगम की जांच करवाकर उचित इलाज प्राप्त करें। इस शिविर में चिकित्साधिकारी के साथ फार्मासिस्ट तरुण कुमार वर्मा, टिलिया अहमदगंज की आशा मनोरमा श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 16वीं शरीफ पर शहाबुद्दीन औलिया दरगाह पर अकीदतमंदों ने की चादरपोशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर की ऐतिहासिक व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल फतेहगढ़ लोको स्थित दरगाह हज़रत मखदूम शाह सैयद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में जिलहज महीने का महाना कुल 16वीं शरीफ व तकसीमे लंगर हुआ। जामिया चिश्तिया के तुलाबा व हाफिज अरशद साबरी ने कुरान पाक की बेहतरीन तिलावत कर सोलहवीं शरीफ के कुल का आग़ाज़ हुआ। साथ ही लोगों ने अपने अपने अंदाज़ में फूल व चादर पेश कर दुआएं मांगी। नात ख्वानी भी हुई और शायरों ने कलाम पेश किए। अंसार साबरी ने कहा कि मेरा दिल तड़प रहा है मेरा जल रहा है सीना, दवा वही मिलेगी मुझे ले चलो मदीना। बिलाल ने कहा कि तैयबा के रास्ते में जिसे रात हो गई, उसकी तो मुस्तफा से मुलाकात हो गई। उबैद ने कहा कि बच्चों को अपने साहिबे ईमान बनाओ, उन्हें कुरान पढ़ाओ, सरकार की सीरत से जरा उनको सजाओ। नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती ने तकरीर की और कहा मुहब्बत सभी से नफ़रत किसी से नहीं यही खानकाहों दरगाहों और सूफी संतों का यही संदेश पूरी दुनिया में फैलाया। इस मौके पर अंसार साबरी, जुनैद, आसिफ, मुबीन खान साबरी, आफताब, शिवम, आकाश आदि मौजूद रहे।

# बुद्ध विहार बदायूं की घटना को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बदायूं में स्थित सम्राट अशोक पर्यटक स्थल बुद्ध विहार सूर्यकुण्ड मझिया में भगवान बुद्ध की प्रतिमा तोड़ने व भन्ते को लोगों द्वारा अपमानित करने तथा कब्जा करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

बोधि पुस्तकालय एवं महा समता बुद्ध बिहार समिति ने दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि लम्बे समय से भन्ते लोग इस बुद्ध बिहार में रहकर भगवान बुद्ध कि प्रथना पूजा अर्चना करते चले आ रहे है। बुद्ध बिहार के सौंदर्यीकरण के लिए प्रदेश सरकार ने 99.96 लाख रूपये दिया था। 7 दिसम्बर को कुछ लोगों ने बुद्ध बिहार पहुंचकर वहां पर रह रहे भन्ते लोगों के साथ अभद्रता की और बुद्ध वृक्ष पीपल के नीचे चबूतरा बना था। वहां थोड़ी जमीन खोदी और कुछ लाकर रख दिया और आरोप लगाया कि वहां पर शिवलिंग निकली। इसके बाद चौकी इंचार्ज जवाहरपुर और इसपेक्टर सिविल लाइन बदायूं को बुलाया। चौकी इंचार्ज ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा को तोड़ने का अथम प्रयास किया। जिसमें प्रतिमा पर निशान को मिटाया गया और भन्तों के साथ गाली गलौज किया और भगवान बुद्ध की प्रतिमा तोड़ने का प्रयास किया। प्रतिमा पर निशान मौजूद है। वहां के लोगों ने सीसीटीवी कैमरे में तोड़े गये लिखे हुए वाक्यों को मिटाया गया। साथ ही भंते को थाने में लेजाकर बंद कर दिया गया और 5 लाख का मुचलका भरवाकर छोड़ा गया। चौकी इंचार्ज की जबरदस्ती से ताला लगा दिया गया और सामान को बाहर फेंक दिया गया। जिससे सरकार की छवि धूमिल हुई है और भगवान बुद्ध में आस्था रखने वालों में आक्रोश है। इस मौके पर नरेन्द्र शाक्य, शिवम शाक्य, भंते नागसेन, भंते मिलिन्द रत्न, बुद्ध गुणरत्न, धम्मदीप, पवन कुमार शाक्य, सोमित रत्न, भंते शीलप्रिय, भंते बौद्ध शरन, भंते कमल बोधि, सेवाराम शाक्य, आनन्द रत्न, सर्वेश बाबू, प्रवेश रत्न शाक्य, सर्वेश कुमार, कालीचरण शाक्य, भंते प्रेम सागर, भंते धम्मपाल, प्रताप सिंह यादव, रामऔतार शाक्य, जितेन्द्र सिंह, मिथुन शाक्य, कमलेश शाक्य, सुबोध शाक्य, राजवीर शाक्य, जतिन शाक्य, सुधेश शाक्य, विमलेश शाक्य, संजय शाक्य, प्रभात शाक्य, विजय सिंह शाक्य, डॉ. देवेश कुमार, रामऔतार कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भंते व अन्य

## संविदा कर्मचारी की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की मासिक बैठक संपन्न हुई। विभिन्न मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय संविदा कर्मचारी संघ ने विचार विमर्श कर मांगे उठायी। राममनोहर लोहिया अस्पताल चिकित्सालय व समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए बिन्दुवार चर्चा हुई। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा में विचार विमर्श हुआ। द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव समिति पर विचार, डीएसईएम रवि प्रताप के विरुद्ध कार्यवाही पर विराम लगाने की मांग। एसएनसीबी वार्ड में तैनात महिला कर्मचारियों की झूठी शिकायत व मानसिक प्रताड़ना बंद हो। सीएमओ कार्यालय में विभिन्न समस्या लंबित एवं वेतन वृद्धि लंबित एरियर संबंधी समस्याओं का समाधान हो। विभिन्न कार्यक्रमों में तैनात कर्मचारियों से नियमावली के विरुद्ध कार्य न लिया जाये। मोहम्मदाबाद सीएचसी पर अधीक्षक आईडी मानव संपदा पोर्टल पर गलत होने पर कर्मचारियों का अवकाश व्यवधान में है। क्रिसमस-डे के त्योहार पर मानदेय दिया जाये आदि मांगों को लेकर बैठक हुई। इस मौके पर अभिषेक बाजपेयी, साबिर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद संविदा कर्मचारी

# 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम होगें आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार जनपद में 19-24 दिसम्बर के मध्य सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर आयोजित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में जनपद मुख्यालय पर 23 दिसम्बर को कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा् के ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी, जिनके द्वारा जनपद में जिलाधिकारी के पद पर अपनी सेवा दी हो को कार्यशाला में मुख्य अतिथि बनाया जायेगा तथा तहसील स्तर पर लोक शिकायतों के निराकरण हेतु 21 दिसम्बर को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। विकास खण्ड स्तर पर विशेष शिविर के आयोजन हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विकास खण्ड राजेपुर 19 दिसम्बर को, कमालगंज में 19 दिसम्बर को, मोहम्मदाबाद में 20 दिसम्बर को, नवाबगंज 21 दिसम्बर को, बढ़पुर 23 दिसम्बर को, कायमगंज 24 दिसम्बर को, शमसाबाद 24 दिसम्बर को शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक किये जाएंगे। 19 दिसम्बर को विकास खण्ड राजेपुर एवं कमालगंज में सुशासन सप्ताह शिविर का आयोजन किया गया है। विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक कर उसमें सुशासन सप्ताह मनाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। तथा शासनादेश में दिये गये निर्देश के अनुरूपं कार्यक्रम/कार्यशाला आयोजित कराकर फोटोग्राफी/गतिविधियां पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिये गये। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर 18 दिसम्बर से दिनांक 25 दिसम्बर तक की अवधि में जनपद में कक्षा 8 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य अटल एवं सुशासन विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का 20 दिसम्बर को बजे रखा बालिका इण्टर कॉलेज में किया जायेगा।



बैठक लेते सीडीओ

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने शहादत दिवस पर क्रांतिकारियों को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने कार्यालय पर रामप्रसाद विसमिल, रोशन सिंह, असफाक उल्लाह का शहादत दिवस मनाया। सभी क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया। अध्यक्षता उत्तम कुमार मिश्रा ने की। संचालन शिवाजी कटियार ने किया। काकोरी काण्ड व ट्रेन डकैती के आरोप में आज के ही दिन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई थी। देश के खारित अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारियों को नमन किया गया। इस मौके पर डॉ. मेहंदी हसन, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुमार शर्मा, पृथ्वी नारायन, मुन्ना सिंह, संजय पाण्डेय, कमलेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 20 दिसम्बर को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें 4 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 180 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यार्थियों का चयन होगा। संबंधित अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ प्रातः 10 बजे विद्यालय में पहुंचे। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।



# महाकुम्भ 2025 में पुलिस को गाइड करेगा ऐप

## ऐप के माध्यम से पुलिसकर्मियों को मिलेगी मेला क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी, क्विक रिस्पॉन्स में होगा मददगार

▸ ऐप के जरिए क्राउड मैनेजमेंट और आपात स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स मैनेजमेंट में मिलेगी मदद

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** महाकुम्भ का आयोजन इस बार दिव्य-भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है और इसी डिजिटल महाकुम्भ में जल्द ही एक और कड़ी जुड़ने वाली है। मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार, महाकुम्भ में तैनात पुलिसकर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर एक ऐसे ऐप का विकास होने जा रहा है, जिसके जरिए उन्हें मेला क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें रूट्स, महत्वपूर्ण स्थल और पुलिस अधिकारियों के नंबर समेत कई फीचर्स होंगे, जो पुलिसकर्मियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। इसे विशेष तौर पर क्राउड मैनेजमेंट के दृष्टिगत निर्मित कराया जा रहा है। जिसके जरिए मेला क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स मैनेजमेंट प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

महाकुम्भ मेला पुलिस मोबाइल ऐप विकसित करने का उद्देश्य इस बड़े आयोजन के दौरान पुलिस बल की दक्षता, समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाना है। करोड़ों आगंतुकों के आने की उम्मीद के साथ, ऐप का उद्देश्य एक मजबूत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करना है, जो पुलिस कर्मियों के बीच निर्बाध संचार, प्रभावी घटना प्रबंधन और वास्तविक समय की जानकारी साझा करने में सक्षम बनाता है। योजना के अनुसार, ऐप सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थितियों पर तेज़ी से प्रतिक्रिया करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा। यह केंद्रीकृत समन्वय व संचार से लैस होगा जो चैट कार्यक्षमता व घटना रिपोर्टिंग के माध्यम से विभिन्न रैंक के अधिकारियों के बीच वास्तविक समय के संचार की सुविधा प्रदान करेगा। यह उचित अपडेट पहुंचाने के लिए प्रासंगिक जानकारी तक पहुंचाने, वास्तविक समय की स्थिति अपडेट के साथ ऐप के माध्यम से घटनाओं की आसान लॉगिंग व ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

### इन कार्यों की पूर्ति में भी ऐप होगा मददगार


1- ऐप की रिपोर्टिंग प्रणाली के भीतर एस्केलेशन के माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया में आएगी तेजी।
2- महत्वपूर्ण एसओपी व दिशा-निर्देशों तक प्रत्येक पुलिसकर्मियों की डिजिटल पहुंच को सुनिश्चित करेंगी।
3- पुलिस कर्मियों को आयोजन के दौरान लागू नवीनतम प्रोटोकॉल और योजनाओं की जानकारी देने में होगा मददगार।
4- पुलिस अधिकारियों के संपर्क विवरण तक त्वरित पहुंच प्रदान कर बेहतर अंतर-विभागीय समन्वय की सुविधा होगी सुनिश्चित।
5- भाषिणी ऐप के साथ एकीकृत कर कई भाषाओं का समर्थन मिलेगा जिससे पुलिस कर्मियों को विविध भाषाई पृष्ठभूमि के नागरिकों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने में सक्षम बनाया जा सकेगा।
6-नियंत्रण कक्ष, सहायता डेस्क व आपातकालीन निकास जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के साथ मेला क्षेत्र का अद्यतित मानचित्र प्रदर्शित करने में व चयनित अधिकारियों को महत्वपूर्ण सूचनाएं भेजने में मदद मिलेगी।
7-यह पुश नोटिफिकेशन इनेबल्ड होगा तथा इसे खोया-पाया, रिसोर्स ट्रैकिंग, रियल टाइम इंसीडेंट व ऐनालिटिक्स डैशबोर्ड, ड्यूटी रोस्टर मैनेजमेंट, सिटिजन फीडबैक सिस्टम, विजिटर मैनेजमेंट व इमर्जेंसी ब्रॉडकास्ट सिस्टम से भी लैस होगा।

# एमपी पप्पू यादव ने पूर्णिया रेलवे को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की मांग की

एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव ने दिनांक 9 दिसंबर 2024 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखकर पूर्णिया और आसपास के रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने का आग्रह किया था। उनके इस आग्रह पर रेल मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित निदेशालय को विस्तृत जांच के निर्देश दे दिए हैं।

सांसद पप्पू यादव ने अपने पत्र में लिखा था कि भारतीय रेलवे द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के कई रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि उनके संसदीय क्षेत्र कोशी-सीमांचल के अंतर्गत आने वाले पूर्णिया, पूर्णिया कोर्ट, जलालगढ़, बनमनखी, मुरलीगंज, कसबा,



बिहारीगंज,जानकीनगर रेलवे स्टेशनों को भी इस योजना में शामिल किया जाए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनकी इस मांग को गंभीरता से लेते हुए इन सभी रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

उन्होंने संबंधित निदेशालय को इन स्टेशनों की स्थिति का आकलन करने और उन्हें अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की संभावना पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और विकास किया जाता है।

इस योजना में स्टेशन परिसरों का पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं में सुधार, साफ-सफाई, वेटिंग एरिया, पार्किंग, यात्री सूचना प्रणाली, और डिजिटल सुविधाएं शामिल की जाती हैं। यह योजना न केवल यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाती है, बल्कि स्थानीय क्षेत्रों के आर्थिक विकास में भी सहायक होती है। इसको लेकर सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कोशी-सीमांचल क्षेत्र में रेलवे स्टेशनों के विकास से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं में बड़ा सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से बुनियादी ढांचे की कमी से जूझ रहा है। इन स्टेशनों का आधुनिकीकरण होने से यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

# किसान समिट में उत्तराखंड की कृषि जलवायु और विकास योजनाओं पर रहा फोकस

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित किसान तक समिट में देवभूमि की दिव्य खेती विषय पर आधारित परिचर्चा में भाग लिया। इस समिट में देश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

किसान तक समिट में उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में न केवल भारत, बल्कि उत्तराखंड राज्य में भी कृषि और औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने के प्रयास निरंतर जारी हैं जिससे कृषकों की आर्थिकी सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व में कृषि और औद्यानिक क्षेत्र में समग्र विकास हो रहा है और किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

गणेश जोशी ने अपनी बात में उत्तराखंड की कृषि जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य कृषि और औद्यानिक फसलों, जैसे फल, सब्जियां, मसाले, मशरूम और शहद उत्पादन के लिए अत्यधिक अनुकूल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से कई योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिनमें स्टेट मिलेट मिशन, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, जीआई टैग, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली और कृषि ड्रोन जैसी योजनाएं शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों की मांग और अधिक पैदावार को ध्यान में रखते हुए, उत्तराखंड में क्लस्टर खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि मिलेट फसलों के लिए स्टेट मिलेट पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार किया गया है, जो कृषकों को प्रोत्साहन, उत्पादन, विधायन और विपणन से संबंधित सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### राहुल व कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा दी : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में घायल हुए सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत से अस्पताल में भेंट कर उनका हाल जाना। इस दौरान शिवराज चौहान ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने जो गुंडागर्दी की है, उसका दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। ऐसा आचरण आज तक संसदीय इतिहास में देखा नहीं गया। ये संसद के इतिहास में काला दिन है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा दी गई। शिवराज सिंह ने कहा कि अमित शाह जी ने अपने भाषण में कांग्रेस की जो पोल खोली, उसकी खीज इतनी कि ये गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद सारंगी घायल हैं, उनके सिर से ब्लीडिंग हो रही थी, उनकी आंख के पास टांके लगाए गए हैं। सांसद मुकेश राजपूत यहां एडमिट हैं, उन्हें घबराहट हो रही है और बीपी बढ़ा हुआ है। दोनों को देखकर मन पीड़ा से भर गया।

# कश्मीर ठंड की चपेट में, न्यूनतम तापमान शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर इन दिनों जबरदस्त ठंड की चपेट में है और यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

श्रीनगर में मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में यह तापमान इस समय के औसत से 4.0 डिग्री सेल्सियस कम है। इससे पहले इस मौसम में श्रीनगर में सबसे कम तापमान 10 दिसंबर को शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया था। यहां बर्फबारी होने के कारण डल झील के अंदरूनी हिस्से जम गए हैं, जिसकी वजह से लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। कश्मीर घाटी के अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर जारी रहने और 26 दिसंबर तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होने तथा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आने का अनुमान है । इतना ही नहीं 27 दिसंबर की रात से 28 दिसंबर की सुबह तक कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। पहलगाम का पर्यटक स्थल सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां गुरुवार को तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जबकि पिछली रात को तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट आई और बुधवार के शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले यह शून्य से 7.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जबकि पिछली रात यह शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस कम था, जो सामान्य से 3.27 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

## खबरें एक नजर में

### द. कोरिया में कार्यवाहक राष्ट्रपति ने छह विधेयकों को वापस लौटाया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने पिछले महीने विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेंबली में पारित छह विधेयकों को वीटो कर दिया। उन्होंने यह विधेयक वापस भेज दिए। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने धमकी दी थी कि अगर वह ऐसा करेंगे (सीमा पार करेंगे) तो उन पर महाभियोग चलाया जाएगा। द कोरिया हेरल्ड समाचार पत्र के अनुसार, कोरिया के संवैधानिक इतिहास में यह दूसरी बार है कि किसी कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग किया। इससे पहले आखिरी बार 2004 में ऐसा हुआ था। राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ नेशनल असेंबली में शनिवार को महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद प्रधानमंत्री हान को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया था। इससे पहले कैबिनेट ने आज सुबह हुई एक बैठक में संसद से छह विधेयकों पर पुनर्विचार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसमें अनाज प्रबंधन अधिनियम में संशोधन भी शामिल है। कार्यवाहक राष्ट्रपति के कार्यालय ने दोपहर को कहा कि हान के फैसले के बाद विधेयकों को संसद में वापस भेज दिया गया। कैबिनेट बैठक के दौरान हान ने कहा, कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में मैंने बार-बार इस विकल्प पर विचार किया जो देश के लिए गंभीर स्थिति में एक जिम्मेदार सरकार के रुख का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व करेगा।

### राम शिंदे निर्विरोध विधान परिषद के सभापति निर्वाचित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राम शिंदे को सर्वसम्मत से निर्विरोध विधानपरिषद का सभापति चुन लिया गया। इसकी घोषणा गुरुवार को नागपुर में विधान परिषद सभागृह में विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने की। दरअसल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामराजे नाइक-निंबालकर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 7 जुलाई 2022 से परिषद सभापति का पद खाली था। इसलिए विधान परिषद की उपसभापति ने मंगलवार को सभापति चुनाव की घोषणा की थी। इसके तहत बुधवार को दोपहर तक नामांकन करने और गुरुवार को मतदान कराने की घोषणा हुई थी ।इस प्रक्रिया के तहत बुधवार को भाजपा की ओर से इस पद के लिए राम शिंदे ने नामांकन दाखिल किया था। वहीं इस पद के लिए विपक्ष की ओर से किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। इसी वजह से आज उपसभापति नीलम गोरहे ने राम शिंदे को निर्विरोध विधान परिषद का सभापति चुने जाने की घोषणा की। सभापति चुने जाने के बाद राम शिंदे को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस , विधानपरिषद के नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे, उपसभापति नीलम गोरहे सहित सत्तापक्ष और विपक्ष के विधानपरिषद सदस्यों ने शुभकामना दीं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राम शिंदे सभागृह का कामकाज बहुत अच्छी तरह चलाएंगे, इसमें कोई शंका नहीं है।

### पाक के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकवादी मारे

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मुल्क के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 ख्वारिज (आतंकवादी) को मार गिराया। एआरवाई न्यूज ने अपनी खबर में पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी। आईएसपीआर के अनुसार, ख्वारिज की मौजूदगी की सूचना पर टैंक जिले में सुरक्षा बलों ने एक खुफिया आधारित ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सैनिकों ने उनके ठिकानों पर कब्जा कर सात ख्वारिज मार गिराए। एक अन्य खुफिया आधारित ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र दत्ता खेल में चलाया गया। यहां सुरक्षा बलों ने दो ख्वारिज को गोलियों से छलनी कर दिया। तीसरी मुठभेड़ मोहमंद जिले के सामान्य क्षेत्र ममद गत में हुई। यहां दो ख्वारिज मारे गए। आईएसपीआर के अनुसार, आतंकियों के ठिकानों से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।

### फरहान की फिल्म 120 बहादुर अगले वर्ष नवंबर में होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमित चंद्रा की ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज की निर्मित फिल्म 120 बहादुर की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के माध्यम से मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई है। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बैकड्रॉप पर बनी फिल्म 120 बहादुर प्रसिद्ध रिजांग ला की लड़ाई पर आधारित है, जहां सैनिकों ने बहादुरी और बलिदान ने इतिहास रचा था। फिल्म की पहली घोषणा और फिर फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टर्स की वजह से दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म की इमोशनल कहानी और शानदार विजुअल्स दर्शकों को पसंद आ रहे हैं, जिससे फिल्म की रिलीज़ को लेकर और भी एक्साइटमेंट बढ़ गई है। अपनी अलग-अलग मजबूत और इंस्प्रायरिंग किरदारों के लिए जाने जाने वाले अभिनेता फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 120 बहादुर, जिसे रजनीश 'रज़ी' घई ने डायरेक्ट किया है और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र के खिलाफ : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि संसद में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने आज एक बयान में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही लोकतंत्र की हत्या की है। स्वराज ने 1975 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सत्तर के दशक में कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। अब कांग्रेस संविधान को लहराकर पाखंड रच रही है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है। उसके लिए कांग्रेस और उसके नेताओं को देश से माफी मांगनी चाहिए। बांसुरी ने कहा कि अगर किसी ने संविधान को जीवंत रूप में देश में लागू किया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

### रियलमी ने लॉन्च किया रियलमी 14एक्स 5जी स्मार्टफोन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया। यह इसके स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक स्मार्टफोन है। रियलमी 14एक्स 5जी में सेगमेंट का पहला आईपी69 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टैंस और मिलिटरी-ग्रेड शॉक रज़िस्टैंस दिया गया है, जो 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 45 वॉट की चार्जिंग के साथ आता है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसी विशेषताएं दी गई हैं। रियलमी ने इस स्मार्टफोन के साथ किफायती मूल्यों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। रियलमी 14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ यह ब्रांड मिड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में मुमकिन का दायरा बढ़ा रहा है। रियलमी प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 14एक्स 5जी लॉन्च करके उत्साहित हैं। यह किफायती मूल्य में मजबूती के पारंपरिक मानकों से बेहतर स्मार्टफोन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उद्योग की अग्रणी आईपी69 रेटिंग 15,000 रुपये के मूल्य वर्ग में पेश करके हम शक्तिशाली बैटरी और अनेक इनोवेटिव फीचर्स लेकर आए हैं, जो रियलमी 14एक्स 5जी में यूज़र्स के लिए अतुलनीय अनुभव सुनिश्चित करते हैं। यह उन्हें एक बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद स्मार्टफोन प्रदान करेगा। इसका डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर शक्तिशाली परफॉर्मेंस और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है।



संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सांसद

### पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया बीमार, ढाका में होने वाली बीएनपी की रैली स्थगित

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में कल होने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्वतंत्रता सेनानियों की रैली को स्थगित कर दिया गया है। बीएनपी ने यह घोषणा पार्टी नेता पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अचानक बीमार पड़ने की वजह से की। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, रैली को स्थगित करने की घोषणा बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने आज ढाका के गुलशन में बीएनपी अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि इस वजह से खालिदा जिया ने चिकित्सा उपचार के लिए अपनी विदेश यात्रा की योजना को भी स्थगित कर दिया है। आलमगीर ने कहा कि वो बुधवार रात अचानक बीमार पड़ गईं। इसलिए डॉक्टरों की सलाह पर शनिवार की स्वतंत्रता सेनानियों की रैली स्थगित कर दी गई। रैली की घोषणा बीएनपी के राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी दल ने की थी। यह रैली राजधानी के अगरगांव में बंगबंधु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र पर होनी थी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद खालिदा जिया के निजी चिकित्सक प्रो. एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि उनका इलाज गुलशन स्थित घर में चल रहा है। बीमारी के कारण उनकी विदेश यात्रा भी टाल दी गई है। बीडीन्यूज24 डॉटकॉम के अनुसार, भ्रष्टाचार के एक मामले से जुड़े आरोपों से मुक्त होने के बाद 29 अक्टूबर को बताया गया था कि खालिदा जिया इलाज के लिए विदेश जाएंगी। उन्हें इसी महीने की शुरुआत में लंदन में अपने बेटे तारिक रहमान से मिलने जाना था।

# महिला क्रिकेट : न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे बारिश के कारण रद्द

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला वनडे गुरुवार को वेलिंगटन में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के बीच दूसरा एकदिनी 21 और तीसरा व आखिरी मैच 23 दिसंबर को खेला जाएगा।

यह श्रृंखला वर्तमान आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है और मैच रद्द होने से दोनों टीमें निराश हैं, क्योंकि वे अगले वर्ष होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही 2025 के आयोजन के लिए क्वालीफाई कर चुका है, लेकिन न्यूजीलैंड में शेष मुकाबलों में से दो में जीत के साथ महिला चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकता है। भारत ऑस्ट्रेलियाई टीम से 10 अंक पीछे है, लेकिन उसे अभी भी छह मैच खेलने हैं और उन सभी मैचों में जीत के साथ वह मौजूदा विश्व कप चैंपियन से आगे निकल सकता है। न्यूजीलैंड ने अगले साल के 50 ओवर के विश्व कप में अपनी जगह पक्की नहीं की है, गुरुवार को बेसिन रिजर्व में कोई परिणाम नहीं मिलने के बाद कीवी टीम वर्तमान में 21 अंकों के साथ महिला चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है।

#### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**न्यूजीलैंड :** सूजी बेट्स, लॉरेन डाउन, सोफी डिवाइन (कप्तान), ब्रुक हॉलिडे, मैडी ग्रीन, इसाबेला गेज (विकेट कीपर), अमेलिया केर, ईडन कार्सन, फ्रैन जोनास, जेस केर, मौली पेनफोल्ड, इसाबेला रोज जेम्स, रोजमेरी मैयर।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (विकेट कीपर/कप्तान), फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्राथ, हीथर ग्राहम, जॉर्जिया वेयरहैम, डार्सी ब्राउन, अलाना किंग, किम गर्थ, मेगन शुट्ट, जॉर्जिया वोल।

### पाकिस्तान के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हुए केशव महाराज

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शेष बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्योंकि पहले वनडे के लिए वार्मअप करते समय उनके बाएं पैर में खिंचाव आ गया था। श्रृंखला के अंतिम दो वनडे के लिए उनके स्थान पर स्लो लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स ब्योर्न फोर्टुइन को टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान के अनुसार, महाराज पुनर्वास के लिए डरबन लौटेंगे और 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले उनका मूल्यांकन किया जाएगा। महाराज को तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। प्रोटियाज वर्तमान में डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं, और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

# सनातन रक्षा यात्रा 2.0 का लखनऊ में भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज



▸ जन आंदोलन का उद्देश्य भारत के सामने खड़ी सांस्कृतिक और धार्मिक चुनौतियों से निपटने के लिए समस्त सनातनियों को एकजुट करना

**लखनऊ।** सनातन सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में आज यहां पहुंची सनातन रक्षा यात्रा 2.0 का सनातनी भाइयों एवं बहनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपना अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सनातन सांस्कृतिक संघ की अध्यक्षा हरिप्रिया भार्गव के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस जन आंदोलन का उद्देश्य भारत के सामने खड़ी सांस्कृतिक और धार्मिक चुनौतियों से निपटने के लिए समस्त सनातनियों को एकजुट करना है। यात्रा कानपुर से निकलकर लखनऊ पहुंची। जहां यात्रा का हजारों लोगों ने स्वागत किया।

रक्षा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने बताया इस रथ यात्रा में कम से कम ढाई तीन हजार लोग शामिल हैं। हम लगभग 50 बसों और 50 गाड़ियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारे साथ बाइक पर भी लोग चल रहे हैं। सब लोग मिलकर एक साथ इस यात्रा को इस उद्देश्य के साथ निकाल रहे हैं कि बांग्लादेश में सनातनी भाई बहनों के साथ जो नरसंहार हो रहा है, वहाँ के सनातनी मंदिरों, जिनालय, गुरुद्वारों का जो विध्वंस किया जा रहा है, गौ माता की जो हत्या हो रही है, वो भी खुले आम, इस सबके खिलाफ हम सबको मिलकर आवाज उठानी है, और यही आवाज सरकार तक पहुँचाने के लिए हम यह रक्षा यात्रा निकाल रहे हैं। हम अपनी बात गवर्नर के माध्यम से राष्ट्रपति तक पहुँचाना चाहते हैं, ताकि सरकार इस दिशा में कड़े कदम उठाए। यात्रा के अगले कार्यक्रम के बारे में हरिप्रिया भार्गव ने बताया कि यह रक्षा यात्रा में शामिल सभी लोग अयोध्या में पहुंच कर सामूहिक मंत्रोच्चार और पूजा पाठ के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। हरिप्रिया भार्गव ने कहा कि हमारी श्रद्धा है कि जब हम लोग मिलकर पूरे भक्तिभाव से प्रार्थना करेंगे, तो निश्चित रूप से बांग्लादेश में हो रहा नरसंहार रुकेगा और सभी सनातनी बहन भाईयों और गौमाता की रक्षा होगी। क्या भारत सरकार इस मामले में चिंतित नहीं है या पहल नहीं कर रही है, पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा भारत सरकार पहले से कार्य कर रही है। वो पहल कर रहे हैं। हम सारे सनातनी भाई-बहन मिलकर अपनी ओर से पहल कर रहे हैं। अपना एक संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें और मिलकर, एक होकर अपनी आवाज सभी लोगों एवं सरकार तक पहुँचाएं। इस रक्षा यात्रा में झांसी, ललितपुर, कानपुर, उरई और लखनऊ आदि सभी जगहों के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्षा यात्रा में कई सारी गाड़ियों में कम से कम 3000 लोग आगे की ओर बढ़ रहे हैं। पत्रकारों के माध्यम से सभी सनातनियों को संबोधित करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने कहा अभी मेरा सभी से एक ही अनुरोध है कि सभी लोग उठो, बाहर निकलो और एक साथ मिलकर चलो। आओ हम सभी मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएं और जो हिंदू सनातनी भाई-बहन सोए हुए हैं, उन सबसे मेरा आह्वान है कि अब सोने का वक्त नहीं है, अब जाग जाओ और अपने-अपने घरों से निकलकर सनातन की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाओ।

# यूएस फेड के फैसले से बिगड़ा मार्केट ज्यादातर बाजार में दबाव का माहौल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने के बाद की गई कमेंट्री से दुनिया के ज्यादा स्टॉक मार्केट में गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज चौतरफा दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान किया। इस बार उम्मीद के मुताबिक ही ब्याज दर में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद अमेरिका में ब्याज दर घट कर 4.25 प्रतिशत से लेकर 4.50 प्रतिशत के दायरे में आ गई है। ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान करते हुए यूएस फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने साफ कर दिया कि 2025 में केवल दो बार ही ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, क्योंकि महंगाई फिर से बड़ी चुनौती बन सकती है। उन्होंने साफ किया कि ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद यूएस फेड को महंगाई के आंकड़ों के प्रति सतर्क रहना होगा। यूएस फेड के इस फैसले के बाद 10 सालों की अमेरिकी यील्ड 4.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि डॉलर इंडेक्स नवंबर 2022 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर 108.25 तक पहुंच गया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा 2025 में ब्याज दरों में कटौती करने के संबंध में की गई कमेंट्री के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा। इस निराशा की वजह से डाउ जॉन्स 1,100 अंक लुढ़क गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 178.45 अंक यानी 2.95 प्रतिशत टूट कर 5,872.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 658.90 अंक यानी 3.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,450.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ।